श्रम-अनुशासन

एवं

औद्योगिक परिवाद

[Labour Discipline & Industrial Dispute]

□

लेखक :

किशनसिंह कच्छवाहा
M.A (S W)

श्रम-सलाहकार
नागोरी द्वार के बाहर, राममोहल्ला.
जो ध पु र

एव

श्रीकृष्ण दत्त शर्मा
M.A., R.A.S.
(लेखक सुप्रसिद्ध पुस्तक "अनुशासनिक कार्यवाही")

□

प्राक्कथन लेखक :

माननीय न्यायमूर्ति श्री कानसिंह

राजस्थान उच्च न्यायालय

श्रम हितकारी प्रकाशन, जयपुर-१

प्रकाशक :
श्रम हितकारी प्रकाशन,
जयपुर-१

मालिक और मजदूर के अच्छे सम्बन्ध
औद्योगिक विकास की प्रथम
आवश्यकता है।

प्राप्ति स्थान—

* पुस्तक भवन ब्यावर
* यूनिक ट्रेडर्स, चौड़ा रास्ता, जयपुर-३
* यूनिक ट्रेडर्स, त्रिपोलिया, जोधपुर
* कानून प्रकाशक, सोजतीद्वार बाहर जोधपुर
* क्रान्ति सेल्स कार्पोरेशन, गली पामानी मार्केट, जयपुर-३
* बाफना बुकडिपो, चौड़ा रास्ता, जयपुर-३

मुख्य वितरक :

* मरु भारती प्रकाशनालय, दधीचि कुटीर पो. बगड़ (Bagar) जि. झुंझुनू (राज.)

मूल्य
आठ रुपये पचास पैसे

मुद्रक
एलोरा प्रिंटर्स
जयपुर-३

प्राक्कथन

Paper ①

JUDGE, HIGH COURT

RAJASTHAN

JODHPUR

दिनांक २८-७-१९६१

श्री किशनसिंह कछवाह व श्रीकृष्णदत्त शर्मा द्वारा रचित पुस्तक 'लेबर डिसीप्लिन व इन्डस्ट्रीयल डिसप्यूट' (श्रम अनुशासन एव औद्योगिक परिवाद) को पढकर मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हुई। उपरोक्त विषय पर हिन्दी पुस्तको के अभाव के कारण एवम् श्रमिको, उनके नेताओ और उन व्यक्तियो के लिये, जो औद्योगिक व श्रमिक कानून के अन्तर्गत कार्यवाही करते हैं, दैनिक आवश्यकताओ की पूर्ति के लिये, युवा-लेखको का प्रयास प्रशसनीय है। सकलन दर्शनीय है। धारा के नीचे जो टिप्पणी दी गई है, वह विशद् सर्वतोमुखी एवम् नवीनतम निर्णयो को ध्यान मे रखते हुये दी गई है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि—यह पुस्तक, जिनके लिये रची गई है, अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी। लेखको के साथ मेरी पूर्ण शुभकामनायें हैं।

ज्ञानसिंह

न्यायमूर्ति

राजस्थान-उच्च न्यायालय,

जोधपुर

दो शब्द

"अनुशासन" किसी राष्ट्र की आत्मा होती है। संसार में उन्हीं देशों ने प्रगति की है, जिन्होंने अनुशासन में रहना सीख लिया है। औद्योगिक क्षेत्र में अनुशासन बनाये रखने के लिये सरकार ने कानून और नियम बनाये हैं, जिनके अनुसार मालिक व मजदूर या कामगार को चलना होता है। प्रस्तुत पुस्तक में मालिक व मजदूर के सम्बन्ध को अनुशासनशील बनाये रखकर उसमें उत्पन्न होने वाले परिवादों या विवादों को सुलझाने के कानूनी पहलू पर विचार किया गया है।

इसमें "मालिक और मजदूर" के सम्बन्धों का विवेचन कर सेवा या कार्य की शर्तों का विभिन्न कानूनों के अधीन परिचय देते हुए 'औद्योगिक परिवाद' का अर्थ बताया गया है। मजदूर या कामगार के दुराचरण (गलत व बुरे कार्यों) और उसके बदले में दिये जा सकने वाले दण्डों का वर्णन करते हुए सहज न्याय के सिद्धान्तों के अनुसार घरेलू—जाँच की पूरी कानूनी विधि दी गई है। नौकरी पर कैसे लगावें, नौकरी की क्या शर्तें होंगी, नियुक्ति पत्र का नमूना और गलत काम करने वालों को कैसे हटावें?—मालिक या व्यवस्थापक के सामने ये बड़े प्रश्न आते हैं, इनका हल आपको इस पुस्तक में मिलेगा। कामगार या मजदूर को मदद करने के लिये उसे अन्याय से हटा देने पर क्या करना चाहिये और श्रम-न्यायालयों में किन बातों को उठाया जा सकता है?—इन बातों का भी इसमें पूरा वर्णन किया गया है। इस प्रकार इस पुस्तक में कानूनी बातों को सरल-भाषा में पेश किया गया है, ताकि साधारण मजदूर व नये मालिक इससे लाभ उठा सकें। कानूनी पुस्तक होने से पूरी कोशिश के बावजूद भी कई स्थानों पर भाषा कठिन हो गई है, जिसके लिये कोई उपाय नहीं था।

परिशिष्ट में श्रम अनुशासन सम्बन्धी कानून—औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) अधिनियम, मॉडल स्थायी नियम व केन्द्रीय व राजस्थान नियमों को मूल अंग्रेजी में दिया गया है। औद्योगिक परिवाद अधिनियम भी मय टिप्पणियों के मूल अंग्रेजी में दिया गया है। इससे अधिकारियों व कानूनी सलाहकारों के लिये भी यह पुस्तक उपयोगी हो सकेगी, ऐसा विश्वास है।

इस प्रकार की पुस्तक की कई दिनों से मांग थी और हिन्दी भाषा में ऐसी पुस्तकों का अभाव-सा हो था। इस पुस्तक से हमारे मजदूर, मालिक व अन्य सम्बन्धित लोगों को कुछ मदद मिल सकेगी, तभी हमारा परिश्रम सफल होगा। विद्वान्-पाठकों से इस पुस्तक को अधिक उपयोगी बनाने के लिये प्राप्त होने वाले सुझावों का साभार स्वागत है।

इस पुस्तक के लेखन में हमें अपने मित्र श्री रणवीरसिंह गहलोत, निजी सहायक, माननीय उपाध्यक्ष, राजस्थान विधान सभा; श्री नेमीचन्द जैन (कानून प्रकाशक); श्री प्रकाश भंडारी (शान्ति सेल्स कार्पो०) तथा श्री पवनचन्द सिंघवी (यूनिक ट्रेडर्स) से समय समय पर प्रोत्साहन मिला। पाण्डुलिपि व अनुवाद को देखने का कार्य श्री रामदत्त शर्मा एम० ए० (रिसर्च स्कालर) ने किया। प्रकाशन का भार श्री सोमदत्त शर्मा (श्रम हितकारी प्रकाशन) ने वहन किया। मुद्रण में श्री मनमोहनराज (ऐलोरा प्रिन्टर्स) ने कठिन परिश्रम किया। हम इन सबके हृदय से आभारी हैं।

इस पुस्तक का प्राक्कथन लिखकर माननीय न्यायमूर्ति श्री कानसिंह परिहार, न्यायाधीश, राजस्थान-उच्चन्यायालय, जोधपुर ने अत्यन्त अनुग्रह कर हमें प्रोत्साहन दिया है। हम आदरणीय न्यायाधीश महोदय के प्रति सादर हार्दिक आभार प्रकट करते हैं और उनकी शुभकामनाओं, ईश्वर की कृपा व स्नेहिल पाठकों के प्रोत्साहन और संरक्षण से भविष्य में समाज की इसी प्रकार सेवा करते रहने को कृत-संकल्प हैं।

अन्त मे "मेरा मुझको कुछ नही जो कुछ है सो तोर" की भावना के साथ हम इस पुस्तक को जनताजनार्दन को सादर समर्पित करते हैं।

नागोरी द्वार के बाहर
राम मोहल्ला रोड,
जोधपुर
१५ अगस्त १९६९

—कच्छवाहा एव दत्त

विषय सूची

* * *

परिशिष्ट

संशोधन व भूल-सुधार

पृष्ठ सं०	पंक्ति—	संशोधन
९	९	के आगे जोड़िये— "परन्तु जिस कारखाने में शक्ति (पावर) काम में नहीं आती हो, वहां २० या अधिक कामगार होने पर यह कानून लागू होगा। राज्य सरकार राजपत्र मे विज्ञप्ति निकालकर किसी भी कारखाने पर इस कानून को लागू कर सकती है।
९	१६	में पढ़िये—"वर्ष भर में २४० दिन काम करने वाले मजदूर को २० दिन के काम के पीछे एक दिन ·"
५१	२४	में पढ़िये—"भी यह कानून लागू नहीं होगा—"

[कृपया पुस्तक में निम्न संशोधन करने के बाद ही पढ़िये। कष्ट के लिए क्षमा।
—प्रकाशक]

अध्याय (१) | # मालिक बनाम मजदूर

परिचय

१ मालिक और मजदूर का सम्बन्ध।

२ नियोजन या नौकरी का अर्थ।

३ नौकरी या ठेका अन्तर।

४ उद्योग' का अर्थ।

५ 'कामगार' का अर्थ।

---

१ मालिक और मजदूर का सम्बन्ध—

जो किसी को रोजगार या काम देता है वह *'मालिक या नियोजक'* (Master or Employer) होता है और जिसे काम दिया जाता है और जो मालिक के लिये काम करता है वह मजदूर या कामगार या नौकर (Servant or Employee) होता है। मजदूर को उसके काम के बदले में मालिक तय किया हुआ 'वेतन या पगार या मजदूरी' देते हैं। यह रोजाना की दर से (daily wages) हो सकती है या साप्ताहिक या मासिक। कई कारखानों व सस्थाओं में सप्ताह की सप्ताह भुगतान किया जाता है और कइयों में महीने की महीने। यह सब उनकी नौकरी की शर्तों पर निर्भर करता है। इस प्रकार नौकरी एक बन्ध पत्र या संविदा (Contract) है जो उसकी शर्तों पर ही आधारित है।

२ नियोजन या नौकरी का अर्थ *(Employment)*—

नियोजन या नौकरी देने के सिद्धान्त मे तीन मुख्य बातें होती है—

(१) मालिक या नियोजक (Employer), (२) नौकर या कामगार या नियोजी (Employee) और (३) नियोजन या नौकरी की संविदा या शर्तनामा (Contract)। इस प्रकार नौकरी मालिक और मजदूर के बीच एक प्रकार का काम करने का शर्तनामा है, जिसमें नौकर मालिक के नियत्रण और देखरेख में नौकरी करने, काम करने के लिये तैयार होता है।

मालिक वह होता है, जो केवल किसी कामगार को काम करने का उद्देश्य ही नहीं बताता, परन्तु उसे निर्देश (हुक्म) भी देता है या उसे काम करने का रास्ता (साधन) भी बताता है। वह काम पर नियन्त्रण करने की शक्ति रखता है। नौकर वह है, जो मालिक की आज्ञा से उसी प्रकार काम करता है।

३ नौकरी या ठेका अन्तर—

परन्तु यह नौकरी की संविदा (ठेका) भी दो प्रकार की होती है—(१) नौकरी का ठेका (Contract of Service) और (२) नौकरी के लिये ठेका (Contract for Service) कानून में इन दोनों में भेद है, इन्हें हम साधारण भाषा में 'नौकरी' और 'ठेका' कहते हैं। नौकरी करने वाला 'नौकर या कामगार' होता है और उस पर मालिक की आज्ञा मानने और उसी के अनुसार कार्य करने का भार होता है, परन्तु 'ठेकेदार' केवल बताया हुआ और ठेके की शर्तों में दिया हुआ काम कराने का जिम्मेवार है और वह मालिक का कानूनन नौकर नहीं है। इनमें अन्तर केवल इसी से पता चलता है कि—मालिक वह है, जिसने काम को नियन्त्रित करने की शक्ति अपने में रखी है।[1] इसका मापदण्ड "नियन्त्रण का अधिकार" है।[2] एक व्यक्ति 'नौकर' कहलायेगा, यदि स्पष्ट या निहित (लिखित या मौखिक) शर्तनामे से वह अपने आपको किसी मालिक के नियन्त्रण में प्रस्तुत कर देता है। कोई व्यक्ति किसी दूसरे के नियन्त्रण में तब माना जाता है, जब वह उसकी आज्ञाओं का पालन करने के लिये बाध्य हो, जो काम करने की विस्तृत बातों और तरीकों से सम्बन्धित हो।[3] अब तक व्यक्ति जो काम करने को तैयार है और काम करता है वह नौकर या कामगार है, चाहे वह किसी अन्य की मदद अपने काम में लेता हो। यदि उसने स्वयं काम करने को "हां" की है, तो दूसरों की मदद लेने से उसके स्तर में कोई अन्तर नहीं पड़ता। जौहरियों की दुकान में काम करने वाले स्वर्णकार (सुनार) "कामगार" हैं, क्योंकि जौहरी उनके काम पर नियन्त्रण व देखरेख करते हैं।[4]

यदि एक मालिक ने एक नौकर रखा और उसे बहुत से लोगों को अलग-अलग काम पर लगाने का काम सौंप दिया और उन लोगों की ईमानदारी व दक्षता की जिम्मेदारी उसे सौंप दी। इस दशा में उस नौकर द्वारा लगाये गये वे लोग उस मालिक के ही नौकर हैं। यह कहना हमेशा सही नहीं है कि वे लोग, जो एक ठेकेदार द्वारा लगाये गये हैं और उसी द्वारा हटाये जा सकते हैं किसी भी दशा में तीसरी पार्टी (मालिक) के कामगार नहीं हैं।

यह प्रश्न कि—कौन किसका कामगार है, प्रत्येक व्यक्तिगत मामले के तथ्यों के अनुसार ही निश्चित किया जा सकता है[5]।

नौकरी के ठेके में 'मालिक' का काम कोई भी व्यक्ति कर सकता है, जिसे किसी कानून द्वारा ऐसा करने से न रोका गया हो। 'मालिक' एक व्यक्ति, कोई संस्थान या निकाय, संघ, चाहे वह

---

1 Sadler Vs Hemlock 4 E & B 570.
2 Gul Bai Vs Pistonji AIR 1935 Bom 333,
  Sohan Siha Vs S I Raza ILR 26 Patna 542
3 Janardan Bhewanji Vs D C, Amraoti AIR 1957 Bom. 238
4 AIR 1957 SC 264, 1957 SC 444.
5 (1893) 1 QB 629

रजिस्टर्ड हो या नहीं, भागीदार, ट्रस्टी आदि कोई भी हो सकता है। ऐसे प्रत्येक मामलों मे यह एक कानून और तथ्यों का मिश्रित प्रश्न होता है कि—मालिक कौन है और नौकर कौन ?

कोई व्यक्ति किसी दूसरे का काम या नौकरी करते हुए भी अपने स्वय का काम भी करता है, तो उसके दो रूप हो जाते हैं। लोगों को नौकरी मे लगाने वाले सघों (एसोसिएशन) म एक विचित्र बात यह भी हो जाती है कि—एक व्यक्ति कानूनी स्थिति मे स्वय अपना नौकर भी हो जाता है। यदि नियमों मे मनाही नहीं हो, तो एक नौकर भी किसी सघ या सोसायटी का भागीदार (शेयर होल्डर) बन सकता है और वह अपना स्वय का मालिक (Owner) भी हो जाता है[1]।

इस प्रकार 'मालिक' और 'मजदूर' का सम्बन्ध समझना आवश्यक है।

४ "उद्योग" (Industry) का अर्थ—

"उद्योग" शब्द का अर्थ विवादास्पद रहा है। औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा २ (जे) मे यह इस प्रकार दी गई है —

'उद्योग' से तात्पर्य किसी धंधे (Business), व्यापार (Trade), प्रतिष्ठान (Undertaking), निर्माण (Manufacture) या, नियोजक का निमत्रण (Calling of employers) से है और इसमे कामगारों को निमत्रण या बुलाना, सेवा, नौकरी, हस्तकला या औद्योगिक धन्धा या प्रयोग सम्मिलित है।

इस परिभाषा को जानबूझकर ससद् ने विशाल बनाया है, ताकि सब जगह कामगार और मालिकों के विवाद व झगडो को सुलझाया जा सके। इस प्रकार इसमे मालिक का कोई भी धन्धा जिसमे कामगार आयेंगे, 'उद्योग' माना जावेगा।

कुछ महत्वपूर्ण निर्णय—

बजबज नगरपालिका के मामले[2] मे नगरपालिका के कार्य-विभागों के कर्मचारियो के लिये नगरपालिका को उद्योग माना है। जिसकी कई निर्णयो मे पुष्टि हो चुकी है[3] परन्तु बाद मे इसे यह माना गया है कि नगरपालिका या छावनी बोर्ड के वे कर्मचारी जो किसी औद्योगिक या अर्द्ध-औद्योगिक विभाग का कार्य करते हैं, कार्यालय का नहीं; वे ही विभाग 'उद्योग' हैं[4]।

इसी प्रकार शिक्षण-प्रतिष्ठानों के मामले में अनुसधान केन्द्रो पर काम करने वालो के लिये ऐसे केन्द्रो को उद्योग माना गया है[5]। परन्तु एक विश्वविद्यालय उद्योग नहीं है[6] और एक फार्मेसी उद्योग मानी गई है[7]। अस्पताल के मजदूर सघ के लिये उसे उद्योग माना गया है[8]। एक वकील या

---

1 Coperative Dairy farming Society Union Ltd Vs W Bengal State AIR 1958 Cal 373
2 D. N. Banerjea Vs P. R. Mukerjea AIR 1953 S. C 58.
3 AIR 1957 S C. 110, 1960 SC 675.
4 AIR 1960 Bombay 75, (1961) 2 FLR 298.
5 AIR 1961 SC 484
6 AIR 1963 S C 1873
7 AIR 1960 SC 1261.
8 (1960) 2 SCR 866.

सालीसिटर का दफ्तर उद्योग नहीं माना जा सकता[9]। बन्दर के कर्मचारियों के लिए वह उद्योग है।[10]

नाई की दुकान,[11] सहकारी दुग्धशाला,[12] तेल वितरण केन्द्र,[13] सामान लदान केन्द्र,[14] कपड़ा व्यापारी संघ,[15] फर्म,[16] चेम्बर ऑफ कामर्स (व्यापार मंडल)[17] गन्ना फार्म[18] तथा शोरूम[19] को न्यायालयों ने उद्योग माना है। परन्तु विक्रयशील[20] को उद्योग नहीं माना गया है।

५ "कामगार" (Workmen) का अर्थ—

(१) औद्योगिक विवाद अधिनियम १९४७ की धारा २ (s) में 'कामगार' की परिभाषा की गई है, जिसके अनुसार निम्न बातें हमारे सामने आती है —

१ 'कामगार' एक व्यक्ति है जो प्रत्याशी (अप्रेंटिस-काम सीखने वाला) भी हो सकता है, जिसे किसी उद्योग मे काम करने पर लगाया गया हो।

२ काम के बदले मे उसे भाड़ा (मजदूरी) या पुरस्कार (Hire or reward) मिलेगा, जो ५०० रु० मासिक से कम होगा।

३ काम चाहे कुशल (Skilled) हो या अकुशल (Unskilled), चाहे शारीरिक मेहनत का हो, देखभाल करने का हो, तकनीकी हो या लिखापढ़ी का।

४ उसके काम की शर्तें लिखित या अलिखित हो सकती (Express or implied) हैं।

५ इस कानून के तहत औद्योगिक झगड़े की कोई कार्यवाही करने के लिये वह व्यक्ति भी 'कामगार' माना जावेगा, जिसे उस झगड़े के मामले मे नौकरी से हटाया या निकाल दिया गया हो।

६ परन्तु इस कानून में सैनिक अनुशासन की सेवाओं के व्यक्ति, जेल व पुलिस के व्यक्ति, या केवल व्यवस्था या प्रशासन के लिये नियुक्त व्यक्ति "कामगार" नहीं माने जावेंगे।

---

9 (1959) 2 LLJ 38
10 1949 LLJ 253 AIR 1955 Cal 515, 1956 Cal 550
11 (1956) 1 LLJ 596
12 (1956) 2 LLJ 61
13 (1954) 2 LLJ 656
14 (1953) 2 LLJ 742
15 (1954) 1 LLJ 86
16 (1953) 2 LLJ 273
17 (1951) 1 LL7 203
18 AIR 1964 SC 903
19 AIR 1951 SC 484.
20 (1960) LLJ 63..

कुछ महत्वपूर्ण निर्णय :

स्वतन्त्र रूप से काम का ठेका लेने वाला व्यक्ति भी यदि उसका सम्बन्ध ठेका देने वाले से मालिक व मजदूर का है, तो वह 'कामगार' है।[21] अगियारों (नमक के ठेकेदारों) को सर्वोच्च-न्यायालय ने 'कामगार' माना है[22]। सम्बन्धित काम को करने के तरीके पर नियन्त्रण करने की शक्ति जिसमे है, वही मालिक है।[23] अधिकारियों के बंगलो पर काम करने वाले मालियों को भी कामगार माना गया है।[24] बीड़ी बनाने के लिये मालिक से तम्बाकू और पत्ता ले जाकर देने वाला ठेकेदार मालिक का एक एजेन्ट है, स्वतन्त्र ठेकेदार नही। अतः उसके नीचे काम करने वाले उसके मालिक के मजदूर हैं।[25]

(२) कर्मचारी या नियोजी (Employee) का अर्थ—

न्यूनतम मजदूरी अधिनियम १९४८ की धारा २ (क) में दी गई परिभाषा के अनुसार निम्न बातें स्पष्ट होती हैं —

(१) कर्मचारी वह व्यक्ति है, जिसे किसी कार्य को करने के लिये मजदूरी या पुरस्कार देकर रखा जाता है।

(२) उसकी मजदूरी की न्यूनतम दरें निश्चित की गई हैं, उससे कम पर उसे नहीं रखा जा सकता;

(३) वह कुशल या अकुशल या शारीरिक या लिपिक कार्य करेगा

(४) इसमे वे व्यक्ति भी शामिल हैं जो किसी बनी हुई चीज को बनाने, साफ करने, धोने, बदलने, सुन्दर बनाने, सफाई या चमक लाने, मरम्मत करने आदि का काम करते हों।

(५) इसमे सशस्त्र सेना का कोई सदस्य सम्मिलित नही है।

[कृपया मूल अंग्रेजी परिभाषायें अन्त में 'परिशिष्ट' मे देखिये ।]

---

21. 1963 LLJ 603, AIR 1957 S C. 104, 1951 LLJ 233, 1952 LLJ 341, ILR (1955) 15 Raj 465
22. D C. Works Ltd Vs State of Saurashtra AIR 1956 S C. 264.
23. (1947) 1 A C. 1 (23)
24. J. K Cotton Spg & Wvg. Mills Vs Labour Appellate Tribunal AIR 1964 S. C. 737.
25. D. M Sahib Vs. Union of Bidi Workers AIR 1966 S. C. 370.

अध्याय (२)

सेवा या काम की शर्तें

परिचय

१ मालिक की आशायें और दुराशायें ।

२ मजदूर या कामगार की आशायें और दुराशायें ।

३ सेवा या काम की शर्तें और कानून ।

मालिक और मजदूर का सम्बन्ध एक अनुबन्ध या ठेका होता है, जिसमे लिखित और स्पष्ट या अलिखित या अस्पष्ट सेवा या काम की शर्तें होती हैं । इसके पहले हम मालिक और मजदूर की आशाओं व दुराशाओ का वर्णन करेंगे ।

१ मालिक की आशायें और दुराशायें—

मालिक अपने मजदूर से क्या चाहता है ? यह उसके शर्तनामा या स्थाई आदेशों या नियुक्ति-पत्र मे लिखा होता है । जिस मजदूर ने अपनी सेवायें किसी मालिक को सौंप दी है, उससे वह मालिक कानून और शर्तों मे रहकर ही काम ले सकता है । परन्तु काम के साथ-साथ मालिक अपने नौकर या मजदूर से कुछ ऐसी भी आशायें रखता है जो कि सेवा की शर्तों मे छिपी हैं जैसे—

(१) सद्‌भाव और लगन से काय करना ।

(२) सक्षमता से कार्य करना ।

(३) आज्ञापालन व अनुशासन ।

(४) मालिक या संस्थान की बदनामी हो, ऐसे कार्यों व गतिविधियों से दूर रहे ।

परन्तु कई बार मालिक कुछ दुराशायें या अनुचित आशायें करने लगता है, जिससे मजदूर को बुरा लगता है और फिर संघर्ष व अनबन शुरु हो जाती है, जैसे —

१. अधिक समय तक काम लेना और उसका अधिक वेतन नहीं देना ।

२ असभ्य व अपमानजनक बर्ताव करना ।

३ समय पर वेतन का भुगतान न करना या अनुचित कटौतियां या चंदे वसूल करना ।

४ तंग करना या बदला लेना (Victimisation)

२ मजदूर की आशायें व दुराशायें —

मजदूर की भी अपनी आशायें और दुराशायें होती है वह अपने मालिक से आशा करता है कि—(१) वह उसे निश्चित समय पर निश्चित वेतन चुकारा करेगा। (२) उसे सद्भावना और सम्मान के साथ काम पर रखा जावेगा। (३) उससे निश्चित समय या घटों तक ही काम लिया जावेगा और अधिक घटो काम करने के लिये मजबूर नहीं किया जावेगा। स्वेच्छा से अधिक घटों के काम के लिये अधिक वेतन मिलेगा। (४) उसकी नौकरी सुरक्षित रहें। (५) उसे स्वास्थ्यप्रद वातावरण, निवास सुविधा व अन्य अनिवार्य सुविधायें व सुरक्षा मिले।

परन्तु कभी कभी सुविधाओं की माग के नाम पर मजदूर भी दुराशायें करने लगते हैं और मालिक सकट मे पड जाते हैं, जैसे —

१ बोनस, मजदूरी या वेतन बढाना।
२. अधिक सुविधायें देना।

ये सब आशायें "निहित शर्तें" (Implied terms of empolyment) मानी जाती है, जबकि दुराशायें दुराचरण है। जब मालिक और मजदूर मे इन शर्तों पर तनाव होता है, तो मजदूर "हडताल" करने पर उतारू हो जाते हैं और मालिक "तालाबन्दी" और "तग करने" (Victimisation) पर। इससे कारखाने या काम को जो हानि होती है, उसमे मालिक और मजदूर दोनों बर्बाद होते हैं; परन्तु इसका देश के राष्ट्रीय उत्पादन व कार्य पर भी असर पडता है। अत. ऐसे नहीं अवसर आवें, इसके लिए प्रयत्न करने चाहिये और कानून व शातिपूर्ण तरीकों से श्रमिक सलाहकार, श्रम कल्याण अधिकारियों व श्रमिक-सघों की मदद व बातचीत से समझौता करना चाहिये।

इस प्रकार "मालिक और मजदूर का सम्बन्ध" आज के युग की एक समस्या मानी जाती है।

३. सेवा या काम की शर्तें और कानून—

इस आशा और दुराशाओं के विरले चक्कर में फसकर औद्योगिक-विवाद (झगडे) उत्पन्न होते हैं, अत. उद्योगों में कार्य करने वाले कामगारों के लिये भी सेवा या काम की न्यायपूर्ण शर्तों को कानूनी रूप दिया गया, जिसके लिए "औद्योगिक नियोजन (स्थाई आदेश) अधिनियम १९४६" में बना। इसके अधीन केन्द्रीय सरकार ने "औद्योगिक नियोजन (स्थाई आदेश) केन्द्रीय नियम १९४६" जारी किये गये। विभिन्न राज्य सरकारों ने भी राज्य के लिये "औद्योगिक नियोजन (स्थाई आदेश) नियम" बनायें हैं। राजस्थान में ऐसे नियम सन् १९६३ मे बनाये गये, जो प्रचलित हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक निर्णय[1] में औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) अधिनियम का उद्देश्य नियोजन या कार्य की शर्तों का दोनो पक्षकारों (मालिक व मजदूर) को स्पष्ट ज्ञान देना माना है और जो शर्तें सविदा (समझौते) द्वारा होनी चाहिये थी, उन्हें कानूनी रूप दिया गया है।

यह कानून और नियम केवल उन्हीं उद्योगों पर लागू किये गये हैं जिनमें मजदूरों की कम से कम सख्या १०० हो (धारा ३ देखिये)। परन्तु राज्य-सरकार राजपत्र (गजट) में अधि-सूचना प्रकाशित कर इसे १०० से कम मजदूरों वाले उद्योगों पर भी लागू कर सकती है। यहां हम इनका संक्षिप्त परिचय देंगे।

---

1 AIR 1963 S. C. 439

१ स्थायी आदेश बनाना—

काम या सेवा की शर्तें 'स्थायी आदेश' (स्टैंडिंग आर्डर्स) मे लिखित होती हैं। इसके लिये राज्य सरकार ने 'आदश (मॉडल) स्थायी आदेश' बनाये हैं, जिनके आधार पर मालिक स्थाई आदेश का प्रारूप (ड्राफ्ट) बनाकर प्रमाणीकरण अधिकारी (Certifying Officer) को छ माह के भीतर भीतर पेश करेगा। जिसे वह नियमानुसार एतराज आदि सुनकर प्रमाणित करेगा। इस प्रमाणित स्थायी आदेश की एक प्रति (कापी) मालिक अपने उद्योग मे सब की सूचनार्थ लटकायेगा। ऐसा नहीं करने वाले मालिक पर धारा १३ के अधीन २०० रु० प्रतिदिन तक जुर्माना किया जा सकता है।

२ स्थायी आदेश मे परिवर्तन या सशोधन—

एक बार स्थायी आदेश बना देने के छ माह तक उसमे कोई परिवर्तन नहीं होगा। बाद मे मजदूर व मालिक दोनो के समझौते से इनमें सशोधन हो सकेंगे, जिन्हे फिर से प्रमाणीकरण अधिकारी से नियमानुसार प्रमाणित करवाना होगा।

३. स्थायी आदेशों के लागू होने या अर्थ करने के बारे में सम्बंधित श्रम न्यायालय का निर्णय मान्य होगा।

४ स्थायी आदेश में जिन शर्तों को सम्मिलित किया जावेगा, वे अनुसूची मे इस प्रकार बताये गये हैं और नियमों की अनुसूची में नमूने के रूप मे दिये गये हैं—

(१) कामगार का वर्गीकरण।
(२) काम के घण्टे, समय, छुट्टी, वेतन का दिन, मजदूरी की दरें–इनकी कामगार को सूचना देना।
(३) पारी का कार्यक्रम।
(४) हाजिरी और देर से आना।
(५) छुट्टी (Leave) और अवकाश (Holiday) के लिये शर्तें, अर्जी देने का तरीका, मन्जूरी देने वाले अधिकारी।
(६) उद्योग में आने के फाटक, तलाशी आदि की शर्तें।
(७) उद्योग या उसके भागों को बन्द करना या वापस खोलना–अस्थाई रूप से काम बन्द करना—इससे उत्पन्न मालिक व मजदूर के अधिकार और मांगें।
(८) नौकरी समाप्त करना और उसके लिये सूचना (नोटिस) देना।
(९) दुराचरण के कारण मोअत्तिली या बर्खास्तगी दुराचरण माने जाने वाले कार्य या भूलें।
(१०) मालिक या उसके प्रतिनिधियों द्वारा अन्यायपूर्ण कार्य तथा अनुचित व्यवहार के विरुद्ध कामगार को मदद के साधन।
(११) अन्य बातें, जो वर्णित की जावे।

केन्द्रीय नियमों की अनुसूची (१) में जो सेवा या काम की शर्तें दी गई हैं, उनमें राज्यों के नियमों

के अन्तर्गत कुछ परिवर्तन व संशोधन भी किये गये हैं। राजस्थान के नियमों की अनुसूची में दिये गये आदर्श स्थायी आदेश आगे परिशिष्ट (१) में दिये गये हैं।

सेवा या कार्य की शर्तों के लिये अन्य कानून—

(क) फैक्टरी कानून के अधीन नियमों में कार्य के घंटों, परिस्थितियों आदि का वर्णन किया गया है।

ये शर्तें उन कारखानों (फैक्टरी) पर लागू होंगे, जिनमे १० या अधिक कामगार काम करते हों। जहां औद्योगिक नियोजन (स्थाई आदेश) अधिनियम १०० या इससे अधिक कामगार होने पर लागू होता है, परन्तु यहां फैक्टरी एक्ट की शर्तें केवल १० कामगार होने ही लागू हो जाता हैं, यह ध्यान देने की बात है।

इस कानून की मुख्य मुख्य शर्तें इस प्रकार हैं—

(१) काम के घण्टे—(अध्याय ६) एक मजदूर सप्ताह में ४८ घण्टे से अधिक काम नहीं करेगा। सप्ताह में एक दिन छुट्टी होगी। यदि छुट्टी के किसी दिन काम करे, तो उसके बदले की छुट्टी मिलेगी। एक कारखाने मे एक मजदूर प्रतिदिन ९ घण्टे से अधिक कार्य नहीं करेगा और ५ घण्टे काम करने के बाद कम से कम आधा घण्टे का विश्राम दिया जावेगा। विश्राम और काम मिलाकर दिनभर मे १०½ घण्टे से अधिक नहीं होंगे। अधिक काम के लिए उसे दुगुनी दर से मजदूरी मिलेगी।

(२) अवकाश—वर्ष भर में २४० दिन काम करने वाले मजदूर को १२ दिन के काम के पीछे एक दिन और बच्चे को १५ दिन के पीछे एक दिन का सवेतन अवकाश मिलेगा।

(३) महिला (स्त्री) और बच्चों को काम पर लगाना—धारा ६६ के आधीन सुबह ६ बजे से शाम ७ बजे के अलावा किसी स्त्री मजदूर को काम पर नहीं लगाया जावेगा। १४ वर्ष से कम आयु के बालक को कारखाने में काम पर नहीं रखा जावेगा। उससे दिन भर में ४½ घण्टे से अधिक काम नहीं लिया जावेगा और वह रात की पारी में काम नहीं करेगा।

(४) सुविधायें—स्वास्थ्य, सुरक्षा और श्रम कल्याण—ये तीन कानूनी सुविधायें हर एक कारखाने में होनी आवश्यक है।

(क) स्वास्थ्य-अध्याय (३)-प्रतिदिन सफाई होगी, प्रति सप्ताह धुलाई होगी, प्रत्येक ५ वर्ष में कम से कम एक बार सफेदी या वारनिश करानी होगी। गन्दगी नहीं रखी जावेगी। कारखाने में शुद्ध हवा व तापमान नियन्त्रण रखा जावेगा। धूली व धुआ व नमी पर भी नियन्त्रण होगा। पुराने कारखानों में प्रति मजदूर ३५० घनफुट और नये कारखानों मे प्रति मजदूर ५०० घनफुट स्थान रखा जावेगा। प्रत्येक २० फीट के स्थान पर पीने का पानी होगा और २५० मजदूर होने पर कूलर (शीतक) लगाया जावेगा। टट्टी व पेशाब घर बनाने व मर्दाने मलग मलग होंगे। थूकदान लगाये जावेंगे।

(ख) सुरक्षा के लिये अध्याय (४) के अनुसार प्रबन्ध किया जावेगा।

(ग) श्रमकल्याण कार्यों के लिये अध्याय (५) के अनुसार नहाने-धोने, आराम के समय बैठने, फर्स्टएड, केन्टीन, भोजन के कमरे, ५० औरतें हों तो बच्चाघर की व्यवस्था भी की जावेगी।

इन कार्यों के न करने पर मालिक के विरुद्ध मुकद्दमा चलेगा और उसे दण्ड दिया जावेगा। अध्याय (१०)।

(ख) दुकान व वाणिज्य संस्थान कानून में सेवा की शर्तें—

राजस्थान में इस कानून के अन्तर्गत निम्न शर्तें दी गई है—

(१) काम के घण्टे—अध्याय (३) में धारा (७) के अधीन अधिक से अधिक ९ घण्टे प्रतिदिन और सप्ताह में ४८ घण्टे से अधिक कार्य नही लिया जा सकता है। अधिक समय का भुगतान देकर भी एक तिमाही में ५० घण्टे से अधिक काम नही लिया जा सकता। १२ से १५ वर्ष के बच्चों से ३ घण्टे प्रतिदिन से अधिक कार्य नही लिया जावेगा। धारा ८ में अधिक समय काम करने पर डेढ़ गुणा (१½ गुणा) वेतन देना होगा। धारा (९) के अनुसार पहले ५ घण्टे के बाद कम से कम आधे घण्टे का विश्राम आवश्यक है।

(२) धारा (१२) के अनुसार निश्चित दिन को साप्ताहिक छुट्टी होगी और संस्थान बन्द रहेगा।

(३) अध्याय (४) धारा १४ के अनुसार एक कर्मचारी को वर्ष में २४० दिन या अधिक दिनों के लिये काम करने पर वयस्क (पूरे) व्यक्ति को १२ दिन के पीछे १ दिन और बच्चे को १५ दिन के पीछे एक दिन का सवेतन अवकाश मिलेगा।

(४) अध्याय (६) की धारा (२१) के अनुसार १२ वर्ष से कम के बच्चे को नौकर रखना मना किया गया है। धारा (२२) म महिला कर्मचारी या १२ से १५ वर्ष की आयु के बच्चे को रात को काम पर लगाना मना है। धारा (२३) में बच्चा पैदा होने के बाद छः सप्ताह के पहले किसी महिला को काम पर लेना मना है। धारा (२४) महिला को प्रसूति अवकाश बच्चा होने के छः सप्ताह पहले से लेने का अधिकार है। धारा (२३) व (२४) में प्रसूतिकाल में भत्ते का वर्णन है।

इस कानून को न मानने पर अदालत में मुकद्दमा चलाकर २५० रु० तक पहली बार जुर्माना किया जा सकता है और बाद म दूसरी बार जुर्म करने पर ५०० रु० तक जुर्माना किया जा सकता है। राज्य सरकार राजपत्र मे अधिसूचना निकालकर ही इन शर्तों को किसी नगर या क्षेत्र में लागू कर है।

(ग) न्यूनतम मजदूरी कानून में भी कार्य, मजदूरी और न्यूनतम वेतन की दरों की शर्तें रखी गई हैं—धारा (१२) के अनुसार सरकार द्वारा निश्चित न्यूनतम मजदूरी देना आवश्यक होगा। धारा (१३) और नियम (२४) के अनुसार काम के घण्टे निश्चित होंगे, जो कारखाना कानून के समान है।

कुछ महत्वपूर्ण निर्णय —

औद्योगिक विवाद अधिनियम और औद्योगिक नियोजन (स्थाई आदेश) अधिनियम में कुछ बातें समान हैं परन्तु दोनों का क्षेत्र अलग-अलग है।[1] मॉडल स्थाई आदेश की कुछ शर्तें किसी स्थाई

1 Rohtak & Hissar Distt Electric Corpn Vs. State of U P AIR 1966 S.C 1364.

आदेश मे बदली भी की जा सकती है । परन्तु उसका प्रमाणांकन होना आवश्यक है ।[2] प्रमाणांकित होने के बाद स्थाई आदेशों की शर्तों से मालिक और उसके मजदूर दोनों बाधित हैं । (अर्थात् उनको इन्हें मानना पडेगा ।) यदि फिर भी कोई शर्त अनुचित हो, तो इसके लिए "औद्योगिक परिवाद" उठाया जा सकता है । *औचित्य के बारे मे प्रमाणांकन के समय मजदूरों की सहमति होने पर भी ऐसा* औद्योगिक परिवाद उठाया जा सकता है । यदि किसी परिवीक्षाधीन (Probationer) को छ माह के बाद स्थाई नही किया जावे, तो वह परीक्षाधीन ही माना जावेगा ।[3] छुट्टी की सुविधा पुराने व नये सभी कामगारों के लिये समान होनी चाहिये । इनमे भेदभाव अनुचित माना गया है ।[4]

न्यायालयो ने सेवा या काम की शर्तों मे होटलों मे इनाम (Tips)[5] नाश्ते की सुविधा[6] तथा लिपिकों व मजदूर के महगाई भत्ते मे अन्तर[7] को भी शामिल किया है

[नियुक्ति-पत्र का नमूना आगे परिशिष्ट मे दिया गया है, जिन कारखानों मे १०० से कम मजदूर है, वहाँ नियुक्ति पत्र मे 'काम की शर्तें' अवश्य लिखनी चाहिये, जो "फैक्टरी कानून" के अनुसार होंगी ।]

---

(2) Abid and ACC Vs P D Vyas AIR 1960 S C 665
(3) Express News papers Vs Workmen AIR 1964 S C 806.
(4) R B Dewon Vs Industrial Tribunal AIR 1963 SC 630.
(5) Wengers Vs Workmen AIR 1964 S C 864
(6) Mc Leed Vs. Workmen AIR 1964 S C 1449
(7) Greares Cotton Vs Workmen AIR 1964 S C 689

अध्याय (३)

औद्योगिक-परिवाद
(Industrial Disputes)

परिचय

१ "औद्योगिक परिवाद" का अर्थ।

२ निपटारे के उपाय—

"औद्योगिक परिवाद" का अर्थ—

"औद्योगिक परिवाद अधिनियम १९४७ की धारा २ (k) में "औद्योगिक परिवाद" की परिभाषा इस प्रकार दी गई है —

> "औद्योगिक परिवाद" से तात्पर्य मालिक या मजदूरों या मालिक या कामगारों के बीच किसी परिवाद (dispute) या मतभेद (difference) से है जो किसी व्यक्ति को नियोजन (नौकरी) देना या बेकार रखना या नौकरी की शर्तों या श्रम की शर्तों से सम्बन्धित हो।

इस सम्बन्ध में हम 'उद्योग' व 'कामगार' का अर्थ पीछे अध्याय (१) में बता चुके हैं। यहां यह स्पष्ट समझने की बात है कि—

(१) यह उद्योग से सम्बन्धित परिवाद है।

(२) इसमें विवाद या मतभेद है।

(३) जो किसी व्यक्ति को नौकरी देने, बेकार करने या हटाने, नौकरी या श्रम की शर्तों से सम्बन्धित है, और

(४) यह मालिक व मजदूर या कामगार तथा कामगार व कामगारों के बीच का परिवाद या मतभेद है।

इस कानून की धारा २-क के अधीन किसी व्यक्तिगत कामगार की नौकरी समाप्त करने, हटाने छंटनी आदि का मामला भी "औद्योगिक परिवाद" माना गया है, चाहे मजदूर संघ या अन्य कामगार उसमें पक्षकार हों या नहीं। इससे प्रत्येक मजदूर को संरक्षण दिया गया है, जो राज्य कर्मचारी को भी प्राप्त नहीं है।

ऐसे औद्योगिक परिवाद की दशा में औद्योगिक शान्ति बनाये रखने के लिये इस कानून में प्रावधान रखे गये हैं, उपाय बताये गये है, जो इस प्रकार हैं —

निपटारे के उपाय—

१. औद्योगिक शांति बनाये रखने के लिये १०० या इससे अधिक मजदूरों वाले उद्योगों में "कार्य समिति' (Works Committee) का गठन धारा (३) के अधीन किया जायगा ।

२. ऐसे परिवादों को निपटाने के लिये सम्पर्क अधिकारी (Conciliation Officers) धारा (४) के अधीन व धारा (५) के अधीन सम्पर्क-मण्डल (Board of Conciliation) की नियुक्ति व स्थापना की जावेगी ।

३. ऐसे मामलों में सरकार जाच न्यायालय(Courts of Inquiry)गठित करेगी (धारा ६) ।

४. श्रम-न्यायालय धारा (७) के अधीन गठित होंगे, जो निम्न कार्य करेंगे—

(१) स्थायी आदेश के अधीन किसी मालिक ने जो आज्ञा या आदेश दिया वह कानूनी उचित है या नहीं ।

(२) स्थायी आदेश को लागू करना व उसका अर्थ करना ।

(३) मजदूर की नौकरी समाप्त करने, हटाने, बारज लगाने या गलत रूप से हटाये मजदूर को मदद करने के मामलों पर निर्णय ।

(४) किसी परम्परागत छूट या सुविधा को समाप्त करने के मामले ।

(५) किसी हड़ताल या तालाबन्दी का गैर कानूनी या कानूनी होने का मामला,

(६) तीसरी अनुसूची के अधीन जो मामले ट्रिब्यूनल को जावेंगे, उनके अलावा अन्य सब मामले ।

५ धारा ७ क, ख, एव ग मे ट्रिब्यूनल की व्यवस्था की गई है जो निम्न कार्य करेगी— (अनुसूची-३) ।

१. मजदूरी (Wages) और उसके चुकारे का समय व तरीका ।

२ क्षति पूरक भत्ता व अन्य भत्ते ।

३ काल के घंटे व विश्राम काल ।

४ सवेतन छुट्टियां व अवकाश ।

५. बोनस, लाभांश, प्रावधायी निधि व निवृत्ति पुरस्कार (ग्रेच्युटी) ।

६. स्थायी आदेशों के विपरीत पारी चलाना ।

७. ग्रेडों में वर्गीकरण ।

८ अनुशासन के नियम ।

९ समुचितीकरण (rationalisation) ।

१० कामगार की छटनी और सस्थान को बन्द करना ।

११. कोई अन्य मामले, जो निर्दिष्ट किये जावें ।

१ यदि कोई मालिक काम की शर्तों में संशोधन करना चाहे, तो धारा ६-क के अधीन उसे प्रभावित होने वाले कामगारों को इसकी सूचना (नोटिस) देने के २१ दिन बाद ही ऐसा करना होगा। ये विषय अनुसूची (४) में दिये गये हैं, जो इस प्रकार हैं:—

१. मजदूरी व भुगतान का समय।

२. मालिक द्वारा प्रावधायिक निधि (प्राविडेन्ट फण्ड) मे या पेन्शन में अंशदान जो देय है।

३. क्षति पूरक तथा अन्य भत्ते।

४ कार्य के घण्टे व विश्राम का समय।

५. सवेतन अवकाश व छुट्टी।

६. स्थाई आदेश के विपरीत पारी शुरू करना, बदलना या बन्द करना।

७. वेतनमानों का वर्गीकरण।

८. किसी परम्परागत छूट या सुविधा या प्रयोग मे परिवर्तन या उसको समाप्ति।

९. नये नियम, अनुशासन, नियमों मे परिवर्तन आदि करना, जो स्थाई आदेश मे वर्णित न हों।

१०. कामगारों की छटनी होने वाले नये तरीकों या मशीनो को अपनाना।

११ कामगारों का संख्या मे वृद्धि या छंटनी।

७. औद्योगिक परिवाद के उठाये जाने के बाद किसी कामगार को धारा (३३) के अधीन मालिक द्वारा दण्ड नहीं दिया जा सकेगा और काम की शर्तों मे कोई परिवर्तन नही होगा।

इस प्रकार औद्योगिक परिवाद के निपटारे के लिये व्यवस्था की गई है।

अध्याय (४)

अनुशासन व दुराचरण
(Discipline & Misconduct)

परिचय

१ अनुशासन का महत्व व अर्थ।
२. दुराचरण का अर्थ व भेद।
३ दुराचरण के लिये अनुशासनिक कार्यवाही।

अनुशासन —

प्रत्येक सस्थान में उसके कामगारों में अनुशासन होना एक महत्वपूर्ण बात है। अनुशासन सद्व्यवहार व उचित नियत्रण पर अधिक निर्भर करता है, न कि कठोरता और कानून पर। फिर भी अनुशासन हीनता को रोकने के लिये कानूनी तरीकों को काम में लेना आवश्यक है। इसके पहले की कोई मालिक अनुशासनहीनता के विरूद्ध कोई कार्यवाही करे, उसे इस बारे मे पूरा ज्ञान होना आवश्यक है। इसी प्रकार मजदूर या कामगार को भी पता होना चाहिये कि उसे किस प्रकार अनुशासन मे रहना है और कैसे वर्ताव करना है। इस अध्याय में इनका वर्णन किया गया है।

अनुशासन मे तीन बातें आती हैं —

(१) मैनेजर या मालिक की आज्ञा का पालन करना।

(२) अपने काम को पूरा करना व *नियमित रूप से काम पर आना।*

(३) मालिक के कार्य व आज्ञा के प्रति सद्भावना रखना यानी विश्वास पात्र होना।

इन तीन शर्तों को न मानना या इनको टालना अनुशासन हीनता है।

दुराचरण का अर्थ व भेद
(Meaning & Kinds of Misconduct)

"दुराचरण" से अर्थ— "अनुशासनहीनता के प्रत्येक कार्य या भूल से है।" दुराचरण एक अनुचित आचरण है, जो सिद्ध करना होता है, इसे अनुमान से नहीं माना जा सकता।[1]

"दुराचरण" का वर्णन मॉडल स्थायी आदेश[2] मे इस प्रकार किया गया है:—

(1) AIR 1960 Bom. 344.

(2) राजस्थान मॉडल स्थायी आदेश स० १८ (२) एव केन्द्रीय मॉडल स्थायी आदेश सं० १४ (३)।

निम्नलिखित कार्य और भूलें दुराचरण माने जावेंगे —

(क) चोरी, कपट या मालिक के धन्धे या सम्पत्ति से सम्बन्धित बेईमानी।

(ख) किसी उच्चाधिकारी के किसी कानूनी या यथोचित आज्ञा के लिये जानबूझकर की गयी अवज्ञा (insubordination) या अवहेलना (न मानना) चाहे अकेले द्वारा या दूसरों के साथ मिलकर।

(ग) मालिक के सामान या सम्पत्ति को जानबूझकर तोड़ना या हानि पहुंचाना।

(घ) अवैध लालच या घूस लेना या देना।

(ङ) बिना छुट्टी आदतन गैरहाजरी या बिना छुट्टी १० दिन से अधिक की गैर हाजरी।

(च) आदतन देरी से आना।

(छ) संस्थान पर लागू किसी कानून को जानबूझकर तोड़ना।

संस्थान के काम के समय में उग्र (झगड़ालू) या अव्यवस्थित व्यवहार (Roitous or disorderly behaviour) या अनुशासन विरोधी कार्य।

(झ) आदतन लापरवाही या काम को भुला देना।

(ञ) माह में अधिक से अधिक २ प्रतिशत जुर्माना हो, ऐसे कार्य या भूल को बार बार करने पर।

(ट) जानबूझकर काम को शिथिल (ढीला) करना (कम काम करना) या उसके लिये जानबूझकर दूसरों को भड़काना या तैयार करना।

(ठ) कामगार द्वारा संस्थान में काम के दौहरान सीखी हुई किसी प्रक्रिया (तरीके) की बातें किसी अनाधिकृत व्यक्ति को बता देना।

(ड) संस्थान की सीमा में जुआ खेलना।

(ढ) जहां पूर्णतः मना हो, वहां धूम्रपान करना।

(ण) कानून या कानूनी नियमों को तोड़ते हुए काम पर हड़ताल करना या दूसरों को हड़ताल करने के लिये भड़काना।

इन प्रकार के दुराचरणों का आधार दो बातें हैं —

(१) मालिक के प्रति विश्वास पात्र व ईमानदार नहीं रहना और

(२) नौकरी के लिये अपने कार्य या व्यवहार के सक्षम (fit) नहीं रहना।

इन्हीं दो बातों के आधार पर केन्द्रीय मॉडल स्थायी आदेशों में ११ दुराचरण बताये गये हैं, जिन्हें राजस्थान के नियमों में बढ़ाकर १५ दुराचरण बनाये गये हैं, जो ऊपर बताये गये हैं।

१ चोरी, कपट या मालिक के धन्धे या सम्पत्ति से सम्बन्धित बेईमानी—

किसी भी कारखाने का कामगार इन अपराधों के कारण नौकरी से हटाया जा सकता है। उनके विरुद्ध अपराध का फौजदारी मुकद्दमा भी चलाया जा सकता है। साथ ही उसे नौकरी से निकालने के लिये विभागीय जांच की जा सकती है।

२ आज्ञा न मानना—

जब कोई नौकरी करता है, तो उसे मालिक की आज्ञा माननी ही होती है। संस्थान या कारखाने के नियमों का जानबूझकर पालन नहीं करना दुराचरण है। किन्तु आज्ञा कानूनन होनी चाहिये। एक नौकर अवैध और अनुचित आज्ञा मानने को बाध्य नहीं है।[1] चरित्र के प्रतिकूल या क्षमता से अधिक शक्ति से काम करने की आज्ञा मानना जरूरी नहीं मानी गई है। जहां जीवन को खतरा हो, वहां आज्ञा न मानना दुराचरण नहीं है। किन्तु स्थायी आदेशों में वर्णित बातों पर उचित व्यक्ति की आज्ञा नहीं मानना दुराचरण है।[2] श्रम संघ का पदाधिकारी होने पर यदि वह मालिक की आज्ञा न माने और दुर्व्यवहार करे, तो यह 'दुराचरण' माना गया है।[3]

(३) मालिक की सम्पत्ति की तोड़ फोड़ व हानि—

एक कामगार का पहला कर्तव्य अपने मालिक की सम्पत्ति की रक्षा करना है। यदि वह जानबूझकर उसकी सम्पत्ति को हानि पहुचाता है, तो यह गंभीर दुराचरण है।

(४) अवैध लालच या घूंस लेना—

इससे भी मालिक को हानि होती है। इसके लिये प्रमाण होने पर किसी कामगार को नौकरी से निकाला जा सकता है। यह सरकारी कर्मचारियों के लिए अपराध (फौजदारी मुकद्दमा) है, पर मजदूरों के लिए नहीं, परन्तु उसे मालिक हटा सकता है।[4]

(५) लम्बी गैरहाजिरी—इससे मालिक का काम रुक जाता है और उसे हानि होती है। यह लापरवाही से जानबूझकर आज्ञापालन नहीं करने से दुराचरण है।

(६) आदतन देरी से आना—यह भी स्थायी आदेश के विरुद्ध आचरण है।

(७) कानून की अवहेलना—जब कामगार संस्थान पर लागू कानून को तोड़ता है, तो उसका फल मालिक भुगतता है और उसे नीचे देखना पड़ता है। इसलिए यह गंभीर दुराचरण है।

(८) (ज) से (ठ) तक अपने आप में स्पष्ट हैं।

(६) गैर कानूनी हड़ताल—

उद्योगों में हड़ताल करना स्थायी आदेश द्वारा मना किया गया है। औद्योगिक परिवार

---

1 AIR 1930 T C. 110
2 AIR 1966 S C. 1731.
3. AIR 1957 S C 7.
4. 1952 F J 224

अधिनियम १९४७ की धारा २ (q) में हड़ताल (Strike) का अर्थ बताते हुए तीन बातें स्पष्ट की गई हैं —

(१) इसमें कई (बहुत से) मजदूर शामिल होंगे,

(२) काम करना बन्द कर देंगे या काम करने से मना कर देंगे, और

(३) कामगारों की ओर से यह एक संयुक्त या निश्चित कार्यवाही के रूप में होगा।

कुछ महत्वपूर्ण निर्णय-

(क) हड़ताल नहीं - काम शुरू करने में कामगारों ने देरी की, परन्तु काम बन्द नहीं किया। इसे हड़ताल नहीं माना गया।[1] मजदूरों ने अलग अलग छुट्टी की अर्जियां दीं और उनको छुट्टी नहीं दी गई। वे काम पर नहीं आये, परन्तु इसे हड़ताल नहीं माना गया।[2]

(ख) हड़ताल है —

रविवार को काम पर आने के लिए अतिरिक्त भत्ता मिलता है और यह आम रिवाज है। इसलिए रविवार को भी हड़ताल हो सकती है।[3] हड़ताल थोड़े या अधिक समय के लिए हो सकती है। थोड़े समय से कामगार का दुराचरण कम नहीं हो जाता।[4] कामगारों द्वारा संयुक्त रूप से काम बन्द कर देना व आज्ञा न मानना, चाहे आध घण्टे के लिए ही क्यों न किया जाय, यह हड़ताल है।[5]

हड़ताल के भेद —

हड़ताल कई प्रकार की होती है और इनके नये नये तरीके निकाले जाते हैं। काम बन्द कर कारखाने में बैठ जाना न खुद काम करें न करने दें इसे 'धरना' या 'बैठना' (Sitting down or Stay in-Strike) कहते हैं।[6] कई लोग इसे फौजदारी अनधिकार प्रवेश (Criminal Trespass) मानते हैं परन्तु सर्वोच्च न्यायालय ने इसे यह अपराध नहीं माना है।[6] इसी प्रकार कलम रोको (Pen down) धीमे काम करो (Go slow), दूसरों की सहानुभूति में एक प्रतीकात्मक (token) हड़ताल- ये कई रूप हैं। आजकल "घेराव" हड़ताल का एक नया रूप है, जिसमें किसी अधिकारी या मालिक को घेरकर तंग किया जाता है।

हड़ताल का अधिकार —श्रम-कानून में हड़ताल एक वैध अधिकार माना गया है, जो संविधान के अनुच्छेद १९ के अधीन आता है। परन्तु यह अधिकार केवल कानूनी हड़ताल का है और इसे विधायिका कम भी कर सकता है।

औद्योगिक विवाद अधिनियम १९४७ के अध्याय (५) में धारा २२ व २३ में हड़ताल पर रोक लगाने का प्रावधान भी है। धारा २४ में अवैध हड़ताल का वर्णन किया गया है।

---

1 AIR 1956 All 674
2. (1954) 2 LLJ 656.
3 (1959) 1 LLJ 567
4 AIR 1957 S. C. 871.
5 AIR 1953 SC 471 AIR 1958 Patna 51
6. AIR 1960 SC 169

अध्याय (५) हड़ताल और ताला बन्दी

धारा (२२) हड़ताल व ताला बन्दी का निषेध:-

(१) जनता की उपयोगी सेवाओं मे लगा कोई व्यक्ति संविदा का उल्लंघन कर हड़ताल पर नहीं जावेगा–

(क) हड़ताल से पहले छः सप्ताह का नोटिस मालिक को दिये बिना, जैसे आगे बताया गया है, या

(ख) ऐसा नोटिस देने के १४ दिनों में, या

(ग) नोटिस में बताये गये हड़ताल के दिनांक की समाप्ति के पहले, या

(घ) किसी सम्पर्क अधिकारी के सामने समझौते की कार्यवाही विचाराधीन होने पर तथा उसके निर्णय के ७ दिन बाद में।

× × ×

धारा (२४) अवैध हड़ताल –

(१) एक हड़ताल अवैध होगी, यदि–

(i) धारा २२ या २३ के विपरीत हो या घोषित की गई हो या (ii) धारा (१०) के खण्ड (३) के अधीन जारी आज्ञा को तोड़कर उसे जारी रखा जावे।

× × ×

इसी प्रकार धारा (२५) मे ऐसी अवैध हड़ताल के लिए आर्थिक सहायता देने से मना किया गया है। आगे धारा (२६) मे अवैध हड़ताल करने वाले कामगार को एक माह को सजा या ५० रू० जुर्माना किया जा सकता है। हड़ताल मे भड़काने वालो को धारा (२७) में ६ माह तक की सजा या एक हजार रूपये तक जुर्माना या दोनो का दण्ड दिया जा सकता है। अवैध हड़ताल के लिये आर्थिक सहायता देने वाले को धारा (२८) के अनुसार ६ माह तक की सजा या १००० रू० तक जुर्माना या दोनों दिये जा सकते हैं।

इस प्रकार बिना उचित नोटिस दिये की गई हड़ताल वैध नही होती।

कुछ महत्वपूर्ण निर्णय—

अवैध हड़ताल एक अपराध है। अत मुकद्दमा चलाने के बाद अदालत मुकदमा वापस लेने से मना भी कर सकती है। कोई हड़ताल न्यायोचित थी या नहीं, यह उसके तथ्यो पर निर्भर है।[1] यदि एक हड़ताल अवैध घोषित की गई, तो उसके न्यायोचित होने का प्रश्न नहीं उठता।[2] केवल अवैध हड़ताल मे भाग लेने पर ही एक कामगार को नौकरी से निकाल देना, उचित नहीं होगा।[3]

---

(1) AIR 1960 S C. 1258
(2) AIR 1960 S. C 219.
(3) AIR 1956 S C 311, 1959 S C. 629.

'दुराचरण' के लिये अनुशासनिक कार्यवाही

(Disciplinary action for Misconduct)

मालिक द्वारा किसी मजदूर को उसके दुराचरण के लिए दण्ड देने की जो कार्यवाही की जाती है, उसे "अनुशासनिक कार्यवाही" कहते हैं। इसके तीन पक्ष होते हैं —

(१) कारण या आधार—दुराचरण।
(२) दुराचरण की जांच—घरेलू जांच।
(३) दण्ड की मात्रा व भेद।

हम कारणों या दुराचरणों का वर्णन कर चुके हैं। घरेलू-जांच का पूरा वर्णन हम अगले अध्याय में करेंगे। यहां हम दण्ड की मात्रा व भेदों का वर्णन करेंगे।

दण्ड के भेद—

मालिक क्या दण्ड दे सकता है, यह स्थायी-आदेश की शर्तों में दिया होता है। यदि संस्थान या कारखाना छोटा है, तो भी "सहजन्याय के सिद्धान्तों" के अनुसार मालिक को कार्यवाही करनी पड़ेगी और उसके गलत तरीके के कारण उसे हानि उठानी पड़ेगी। इसलिये प्रत्येक मालिक को सावधानी से ही कदम उठाना चाहिये।

'केन्द्रीय मॉडल स्थायी आदेश' की शर्त सं० १४, जो "राजस्थान मॉडल स्थायी आदेश की शर्त सं० १८ है में तीन प्रकार के दण्डों का वर्णन है'—

(१) अर्थ दण्ड या जुर्माना या वेतन में से कटौती या वसूली।
(२) निलम्बन (मोअत्तिली)।
(३) नौकरी से निकाल देना—निष्कासन या बर्खास्तगी।

किन्तु इनके अलावा भी अन्य प्रकार के दण्ड कोई संस्थान या कारखाना अपनी सेवा की शर्तों या स्थायी आदेश में सम्मिलित कर सकता है, जो निम्न हो सकते हैं —

१. परिनिन्दा या चेतावनी (Censure or warning)
२ वेतन वृद्धि रोकना (Withholding of increments)
३ पदोन्नति रोकना (Withholding of promotions)
४ पदावनति (Reduction in rank)—पद कम कर देना।
५ सेवाच्युति या नौकरी से हटाना (Discharge or removal), जिसमें अर्जित लाभ उसे लौटा दिया जावेगा।

राज्य सेवा में इन दण्डों के बारे में नियम बने हुये हैं किन्तु उद्योग या कारखाने की काम की शर्तों या स्थायी आदेश में सम्मिलित करने पर ही ये दण्ड किसी कामगार को दिये जा सकते हैं। इस प्रकार कुल ३+५=८ प्रकार के दण्ड हुये।

हम यहां इनका वर्णन करेंगे।

(१) अर्थदण्ड या जुर्माना या वेतन में से कटौती या वसूली—

(क) मॉडल स्थायी नियमों‡ में इनके लिये तीन शर्तें रखी गई हैं —

(१) किसी कामगार या मजदूर ने कोई ऐसा काम या भूल (any act or ommission) की हो, जो 'दुराचरण' हो।

(२) इसके लिये उसे मजदूरी चुकारा अधिनियम १६३६ की धारा ८ की उपधारा (२) के अधीन नोटिस दिया जावेगा।

(३) एक माह में उसकी मजदूरी के २ प्रतिशत तक जुर्माना किया जा सकता है।

इन तीनों शर्तों के पूरा होने पर ही जुर्माना किया जा सकता है और मालिक मनमाना जुर्माना नहीं कर सकता।

(ख) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम १६४८ तथा उसके अन्तर्गत प्रपत्र स० (१०) नोटिस संख्या (२) में (४) जुर्माना एवं कटौतियां शीर्षक में निम्न बातें बताई गई हैं —

नियमों द्वारा या उनके अधीन प्राधिकृत किये गये को छोड़कर मजदूरी में से कटौतियाँ नहीं की जायेंगी। मजदूरी में से कटौतियां निम्नलिखित में से एक या अधिक प्रकार की हो सकती हैं —

(१) जुर्माना—नियोजित व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप में या लिखित में उस कार्य या भूल को स्पष्ट किया जावेगा जिसके सम्बन्ध में जुर्माना किये जाने का प्रस्ताव किया गया है तथा किसी अन्य व्यक्ति की उपस्थिति में उसका स्पष्टीकरण देने के लिये एक अवसर प्रदान किया जावेगा। उक्त जुर्माने की राशि की भी सूचना उसे दी जावेगी। जुर्माने की राशि ऐसी होगी, जो राज्य सरकार द्वारा निर्दिष्ट की जाए। यह राज्य सरकार के निदेशों के अनुसार उपयोग में ली जावेगी।

× × × ×

(३) (हानि की वसूली या कटौतियां),—जो कर्मचारी को अभिरक्षा के लिये सौंपे गये माल का नुक्सान या हानि के लिये तथा उस धनराशि के नुकसान के लिये जिसका उसे लेखा (हिसाब) रखना है, यदि प्रत्यक्षत: यह नुकसान या हानि उसकी उपेक्षा या दोष के कारण हो।

नियोजित व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से तथा लिखित में भी यह बताया जावेगा कि उस नुकसान या हानि के लिये (वेतन में से) कटौती किये जाने का प्रस्ताव किया गया है और उसे एक अन्य व्यक्ति की उपस्थिति में स्पष्टीकरण देने का एक अवसर दिया जावे। उक्त कटौती की राशि की भी सूचना दी जावे। यह राशि राज्य सरकार द्वारा निर्दिष्ट की जावेगी।

× × × ×

इस प्रकार जुर्माने का दण्ड देने के लिये निम्नलिखित कार्यवाही करनी होगी—

१. लिखित में दोषी कामगार या कर्मचारी को सूचित किया जावेगा कि—(क) उसने क्या दुराचरण (गलत काम या भूल) की है और (ख) उसके ऊपर लगाये इन आरोपों का वह एक अन्य

---

‡ राजस्थान शर्त सं० १८ (१) व केन्द्रीय शर्त सं० १४ (१)

व्यक्ति की मौजूदगी मे निश्चित समय मे अपना स्पष्टीकरण पेश करे और (ग) जुर्माने की राशि कितनी है ।

२ स्पष्टीकरण पर विचार करने के बाद मैनेजर या मालिक जुर्माने की उचित आज्ञा जारी करेगा ।

इसके लिये नमूने का फार्म नीचे दिया गया है—

कार्यालय — — — —

नोटिस

स० दिनांक —

श्री (नाम) — — — पद — को सूचित किया जाता है कि—

(१) जब आप दि० — को पद पर काम कर रहे थे आपने संस्थान को —— —हानि पहुंचाई जिसका विवरण संलग्न है ।

(२) अत संस्थान आपको इस त्रुटि के लिये रु० — का जुर्माना करने का प्रस्ताव करता है ।

(३) आप श्री — — — इस सूचना की प्राप्ति के दिन मे श्री (एक स्वतंत्र व्यक्ति का नाम) की उपस्थिति में अपना स्पष्टीकरण लिखित में या मौखिक प्रस्तुत करें अन्यथा इकतरफा कार्यवाही की जावेगी ।

ह० —

संलग्न-एक व्यवस्थापक/मालिक

दोषारोपण का विवरण

१ जब श्री — — — पद — —— — — — पर कार्य कर रहे थे दिनांक —— — —को उन्होंने — — — — —— —— गलती की, जिससे संस्थान को हानि रु० —— — की हुई । यह दुराचरण दण्डनीय है ।

२ [यदि एक से अधिक दोषारोपण हों तो उनका क्रम से विवरण देना चाहिये]

ह० व्यवस्थापक/मालिक

(२) निलम्बन · एक दण्ड के रूप में।

स्थायी आदेश की शर्त के खण्ड (२) मे इसका विवरण दिया गया है—

(२) एक कामगार को यदि वह किसी दुराचरण का दोषी पाया जावे, तो एक बार मे चार दिन तक की अवधि के लिए निलम्बित (मोअत्तिल) किया जा सकता है।"

†(४) निलम्बन की आज्ञा लिखित मे होगी और कामगार को तामील होते ही लागू मानी जावेगी। इसमे आरोपित दुराचरण का पूरा विवरण होगा और कामगार को उन परिस्थितियो का स्पष्टीकरण देने का एक अवसर दिया जावेगा। यदि जाँच के बाद आज्ञा की पुष्टि हो जावे, तो कामगार को निलम्बन काल मे काम से अनुपस्थित समझा जाकर कोई पारिश्रमिक नही मिलेगा, परन्तु यदि आज्ञा निरस्त (वापस लेना) कर दी जावे तो उसे पूरा वेतन मिलेगा, मानो उसका निलम्बन नहा किया था।

"निलम्बन" का दण्ड के रूप मे अर्थ यह है कि किसी कर्मचारी को किसी समय के लिये अस्थाई रूप मे काम पर नही आने दिया जाता, इस प्रकार उसे उन दिनो की कोई मजदूरी या भत्ता नही मिलेगा, परन्तु यह निलम्बन का दण्ड केवल निश्चित अवधि का होगा। मॉडल स्थायी आदेश के अनुसार यह एक बार मे चार दिन तक का हो सकता है। इससे अधिक अवधि के लिए नही।[1] इसके लिये कामगार का दुराचरण सिद्ध होना आवश्यक है।[2] दुराचरणों की सूची शर्त के खण्ड (२) के अन्त मे दी गई है, जिसका वर्णन 'दुराचरण का अर्थ व भेद' के अन्दर किया जा चुका है।

इस प्रकार दण्ड के रूप मे किये गये निलम्बन के पहले ऊपर वर्णित अनुशासनिक कार्यवाही करनी होगी, जिसमे घरेलू जाँच के बाद दुराचरण सिद्ध होने पर ही यह दण्ड निश्चित अवधि (४ दिन तक) के लिए दिया जा सकेगा। जाँच का तरीका आगे अध्याय मे बताया गया है।

(३) निष्कासन (नौकरी से निकाल देना)
(Dismissal)

किसी भी कर्मचारी या कामगार के लिए यह अतिम व भयकर दण्ड है। इसके लिये मॉडल स्थायी आदेश मे निम्न शर्तें दी गई हैं —

× × ×

(२) एक कामगार को यदि किसी दुराचरण का दोषी पाया जावे, तो—

× × ×

या

बिना नोटिस या नोटिस के बदले मे कोई क्षतिपूर्ति (मुआवजा) दिये उसे नौकरी से निकाला जा सकेगा।

(३) निम्न लिखित कार्य या भूलें दुराचरण माने जावेंगे —

[देखिये पीछे पृष्ठ १६-१७ पर (क) से (ढ) तक]

---

1 Lunipur Colliery Vs Bhuban Singh AIR 1959 S. C. 833

2 Bhawani Kudal Co-opeative Bank Vs B B Venaktapathy. (1955) I LLJ 21

† राजस्थान मॉडल स्थायी आदेश मे इसकी सं० (४) है।

†(३) निष्कासन की आज्ञा तब तक नहीं दी जा सकेगी, जब तक कि उस कामगार को आरोपित दुराचरण के बारे में लिखित में सूचित नहीं कर दिया हो और उसके विरुद्ध परिस्थितियों का स्पष्टीकरण करने का एक अवसर नहीं दे दिया गया हो। निष्कासन के प्रत्येक मामले में व्यवस्थापक या मालिक की अनुमति होनी आवश्यक है। किसी कामगार के विरुद्ध लगाये गये आरोपों के सम्बन्ध मे व्यवस्थापक या मालिक स्वतन्त्र जांच (Independent Enquiries) स्थापित कर सकता है।

इस प्रकार नौकरी से निकालने का दण्ड देने के लिये दो बातें आवश्यक हैं —

(१) कामगार के विरुद्ध उप खण्ड (२) में वर्णित (देखिये पृष्ठ स० १६-१७ पर) कोई एक या अधिक दुराचरण सिद्ध हो चुके हों।

(२) इसके लिए स्वतन्त्र जाँच में उस कामगार को (क) उसके विरुद्ध आरोपों की लिखित सूचना देकर (ख) उसको परिस्थितियों का स्पष्टीकरण करने का एक अवसर दिया गया हो।

इस जाच की विधि का पूरा वर्णन अगले अध्याय मे किया गया है।

अन्य दण्ड

जो मॉडल स्थायी आदेश में नहीं बताये गये हैं, परन्तु इनको शामिल किया जा सकता है और उसी के अनुसार कार्यवाही की जावेगी—

१. परिनिन्दा या चेतावनी (Censure) यह एक साधारण व औपचारिक दण्ड है। दोषी कामगार ने कलंक स्वरूप (बुरा) या गलत काम या भूल की है, जिसके लिये उसकी निन्दा की जाती है और चेतावनी दी जाती है। इसका उल्लेख उसके रिकार्ड मे किया जाता है। इसके लिये उसे लिखित में नोटिस व दोषारोपण का विवरण देकर उत्तर देने का एक अवसर दिया जावेगा। जुर्माने के वर्णन में इसके नमूने दिये जा चुके हैं। उत्तर प्राप्त होने के बाद दण्ड की आज्ञा दी जावेगी।

२ वेतन वृद्धि रोकना (Stoppage of Annual Grade increment) वेतनमान में प्रतिवर्ष सन्तोषजनक काम करने वाले कामगार का वेतन बढ़ाया जाता है। उसकी भूल या गलती के लिये उसे नोटिस व दोषारोपण पत्र देकर उत्तर मिलने के बाद यह दण्ड दिया जा सकता है।

३ पदोन्नति रोकना (Stoppage of Promotion) कई कारखानों में किसी कामगार को अच्छा काम करने पर कुछ वर्ष बाद ऊंचे पद या काम पर भेज देते हैं, इसे 'पदोन्नति' कहते हैं। पर बार बार भूल या त्रुटि करने पर उसकी पदोन्नति नहीं की जाती।

४ पदावनति (Reduction) कई बार गलत काम करने पर पदोन्नति किये हुए कामगार को वापस उसके पहले पद या काम पर भेज दिया जाता है। इसके लिये भी नियमानुसार जांच की जानी चाहिये।

५ सेवाच्युति या नौकरी से हटाना (Removal) यह नौकरी से निष्कासन के समान ही है, परन्तु इसमें उसके प्रविडेंटफण्ड जैसे—प्रोविडेंटफण्ड, पेन्शन का अंश आदि उसे मिल जाते हैं। कार्यवाही के लिये निष्कासन की तरह जांच करनी होगी।

---

† राजस्थान मॉडल स्थायी आदेश में उप खण्ड सं० (४)

दण्ड की मात्रा

किस दुराचरण के लिये क्या दण्ड देना चाहिये, यह कहीं भी नहीं बताया गया है, किन्तु मॉडल स्थायी आदेश के उपखण्ड (५) या (६) में बताया गया है कि—

इस स्थायी आदेश के अधीन दण्ड देते समय मैनेजर दुराचरण की गंभीरता पुराना रिकार्ड (यदि हो तो) और ऐसी कोई परिस्थितियां हों, जिनसे उसका दोष गंभीर या कम होता हो; इन सबको ध्यान में रखते हुये आज्ञा देगा। मैनेजर द्वारा उस आज्ञा की एक प्रति सम्बन्धित कामगार को दी जावेगी।

इससे भी दण्ड की मात्रा का कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता। इस महत्वपूर्ण प्रश्न को मैनेजर या मालिक के विस्तृत विवेक (मरजी) पर छोड़ दिया गया है कि वह परिस्थितियों और दोषों को ध्यान में रखकर दण्ड की आज्ञा दे।

यदि दण्ड की आज्ञा अन्यायपूर्ण है और दुर्भावना पूर्ण (Malafide) है तो इसके लिये औद्योगिक परिवाद उठाया जा सकता है किन्तु कानून में मालिक के इस अधिकार में कटौती नहीं मानी जा सकती।

कुछ महत्वपूर्ण निर्णय—मालिक का कोई भी कार्य जो कामगार के हित के लिये बुरा है, दण्ड नहीं माना जा सकता। यह शब्द 'दण्ड' बताता है कि—दण्डित व्यक्ति ने कोई अपराध किया है।[1] दण्ड देने का निर्णय व्यवस्थापक को करना है।[2] सिद्ध हुये दुराचरण के लिये क्या दण्ड दे, यह व्यवस्थापन का कार्य है, परन्तु दुर्भावना से तंग करने (Victimisation) के लिये ट्रिब्यूनल इसमें हस्तक्षेप कर सकती है और दण्ड को निरस्त कर सकती है।[3]

नियोजन का प्रत्यावर्तन (नौकरी से वापसी) (Termination of Employment): दण्ड नहीं

मॉडल स्थायी नियम—(राजस्थान में शत स० १७) में दिये तरीके से प्रशासनिक कारणों से किसी कामगार की नौकरी समाप्त करना दण्ड नहीं माना जाता है। इसके लिये प्रावधान इस प्रकार है —

१७ नियोजन का प्रत्यावर्तन (Termination of employment)-अर्थात्-नौकरी से वापसी (हटाना)।

(१) किन्हीं कर्मचारियों (कामगारों) को, चाहे वह स्थायी हो या अस्थाई, नौकरी से वापस हटाने के लिये पर्याप्त कारण दिये जायेंगे कि—उन कामगारों की सेवायें (नौकरी) क्यों समाप्त की जा रही है। किसी एक मालिक के अधीन एक वर्ष से कम की लगातार नौकरी करने वाले कामगारों की छुट्टी के मामलों में औद्योगिक-परिवाद अधिनियम (Industrial Disputes Act) में वर्णित तरीके तथा तत्कालीन प्रचलित विधि (कानून) के अधीन कार्यवाही करनी होगी।

---

1. Laxmidevi Sugar Mills Vs Work men AIR 1957 SC 7.
2 Hind Construction Co Vs Workmen AIR 1965 SC 917.
3 B B Coal Co Vs. Ram Prakash AIR 1964 SC 486

(२) यदि किसी अस्थाई कार्य के समय के लिये सामयिक (Casual) तथा पूर्णत अस्थाई प्रकार के स्टॉफ को लगाया गया हो, तो येनकेन, उनकी सेवायें ऐसे कार्य के पूर्ण होने पर समाप्त की जा सकती हैं। इस प्रकार लगाये गये कर्मचारी को कोई नोटिस या नोटिस के बदले मे कोई वेतन पाने का कोई अधिकार नहीं होगा। ऐसे कामगारों (कर्मचारियों) की सेवायें दण्ड के रूप में समाप्त नहीं की जा सकेंगी, जब कि उन्हें आरोपित दुराचरण के आरोपों का स्पष्टीकरण करने का अवसर नहीं दिया गया हो, जैसा कि खण्ड (१८) मे बताया गया है।

३ जहां तक किसी कर्मचारी की नौकरी समाप्त की जावे, तो उस द्वारा अर्जित वेतन तथा अन्य बकाया, यदि कोई हो तो, का भुगतान हटाने के दिन के दूसरे कार्य-दिवस की समाप्ति से पहले कर दिया जावेगा।

इस नियम या शर्त का पालन किये बिना यदि किसी कामगार की नौकरी समाप्त कर दी जाती है, तो वह नौकरी से निकालने का दण्ड माना जाता है, जिसके लिये नियमानुसार जांच व अनुशासनिक कार्यवाही करनी आवश्यक मानी गई है।

अध्याय (५)

अनुशासनिक कार्यवाही का आधार: सहज-न्याय के सिद्धान्त
(Principles of Natural Justice)

प्रत्येक 'अनुशासनिक कार्यवाही' का आधार "सहज-न्याय के सिद्धान्त" (Principles of Natural Justice) माने गये हैं। इस सम्बन्ध में यदि कोई प्रणाली का किन्हीं नियमों में उल्लेख हो, तो उसी के अनुसार सहज-न्याय को ध्यान में रखकर कार्यवाही करनी होती है। सेवा या काम के क्षेत्र में यह एक स्थापित कानून बन गया है।[1] इस सिद्धान्त को कहीं भी स्पष्टतः परिभाषित नहीं किया गया है। यह तो वास्तव में एक प्रकृति का नैतिक नियम है, जिसे न्यायालयों ने अपना लिया है।

अंग्रेजी कानून में यह सिद्धान्त तब आया, जब वहां के सर्वोच्च न्यायालय ने घोषणा की कि— पार्लियामेंट प्रकृति के नियम द्वारा दिये गये संरक्षण को नहीं छीन सकती।[2] प्रकृति की समता के विरुद्ध पार्लियामेंट का कोई भी एक्ट अपने आप में शून्य है, जिसमें एक व्यक्ति को अपने निजी कार्य के लिये न्यायाधीश बनाया गया हो, क्योंकि प्रकृति के नियम अपरिवर्तनीय हैं और सब नियमों के नियम (jura natural sunt immuteabillia, leges legum) हैं।[3] आस्ट्रेलिया[4] और अमेरिका[5] के सर्वोच्च न्यायालयों ने भी इन सिद्धान्तों को माना है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने खुशालदास[6] के मामले में इनका वर्णन इस प्रकार किया है, जिनको बाद के कई निर्णयों में पुष्टि की गई है।

निम्न दो प्रकार के मामलों में सहज न्याय के सिद्धान्तों का पालन आवश्यक है—

(१) यदि एक अधिकारी को कानून में यह अधिकार दिया गया है कि वह दो पक्षों के बीच के अधिकारों का निर्णय करे और कानून में कोई स्पष्ट प्रावधान न हो, तो वह अधिकारी न्यायिक रूप से कार्य करेगा और यह एक अर्द्ध-न्यायिक कार्य होगा।

(२) यदि किसी विधि सम्पन्न सत्ता को किसी ऐसे कार्य को करने का अधिकार है, जिससे जनता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े, यद्यपि यहां दो पक्षकार नहीं हैं, फिर भी उसका निर्णय अर्द्ध-न्यायिक होगा।

---

1. AIR 1958 SC 398, 1959 SC 107, 1959 SC 308, 1950 SC 605 1952 SC 1110
2. Calvins' Case (1608) 7 Co Rep. 1a (12b) 77 ER 377.
3. Day Vs. Savada (1614) 80 FR 235
4. Delta Propetties Pvt Dtd Vs Brisbane City Council (1956) 95 CLR II.
5. Wong Yang Sung Vs Mc Grath (1949) 339 U S 33.
6. Bombay State Vs Khushaldas AIR 1950 SC 222 (260).

इनमें से पहले सूत्र में श्रमिकों या कामगारों के विरुद्ध अनुशासन के मामले आवेंगे। इसलिये यहां सहज न्याय के सिद्धान्तों का पालन आवश्यक होगा।

सहज न्याय के सिद्धान्त—

विभिन्न न्यायालयों ने जो निर्णय दिये हैं, उनके आधार पर सहज न्याय के सिद्धान्तों में निम्न नियम स्थापित हुये माने जाते हैं —

(क) यथोचित अवसर का सिद्धान्त (Doctrine of Reasonable opportunity)—इसमें राज्य कर्मचारियों के समान दोहरा अवसर कामगारों को नहीं मिलेगा क्योंकि संविधान का अनुच्छेद ३११ उन पर लागू नहीं होता, परन्तु इस यथोचित अवसर में निम्न बातें सम्मिलित होंगी—

१ किसी को बिना सुने उसको सजा नहीं दी जावे, उसे उसका दोष स्पष्ट बताया जावे।[1] उसे आरम्भ से ही दोषी मानकर नहीं चला जावे।[2] क्योंकि उस पर दोष का आरोप मात्र होता है।

२ किसी की पीठ पीछे इकट्ठी की गई सामग्री उसके विरुद्ध विश्वास नहीं की जा सकती।[3]

(३) प्रत्येक पक्ष को अपने आधार को स्थापना के लिए सुसंगत साक्ष्य पेश करने का अवसर मिले विपक्ष का साक्ष्य उसके सामने लिया जावे और गवाहों की तर्क परीक्षा का दोनों पक्षों को अवसर मिले। बिना स्पष्टीकरण का अवसर दिये कोई सामग्री या साक्ष्य पर विश्वास नहीं किया जाना चाहिये।[4]

(ख) पक्षपात का सिद्धान्त (Doctrine of bias)

पक्षपात करने से हानि होती है। अतः न्याय में पक्षपात रहित होना चाहिये। इसके स्थापित नियम इस प्रकार हैं —

१ कोई व्यक्ति अपने स्वयं के वाद के लिए न्यायाधीश नहीं हो सकता।[5]

२ निर्णय सद्भाव (Good faith) में किया जावे।[6]

३ न्याय केवल किया जाना ही नहीं चाहिये वरन् न्याय किया जा रहा है यह स्पष्ट व निःसन्देह रूप से प्रतीत होना चाहिये।[7]

---

1 AIR 1958 All 532
2 AIR 1961 Cal 40
3 AIR 1957 Orissa 222
4 Fulbari Tea Estate Vs Work men AIR 1959 S C 1111
5 (1926) AC 586 AIR 1951 All 257 (F B)
6 (1956) II LLJ 347
7 AIR 1950 S C 27 1959 S C 1376

इनके आधार पर तीन मुख्य बातें स्पष्ट होती हैं —

(१) जिस व्यक्ति के नागरिक मूल अधिकार प्रभावित होते हों, उसे उस मामले की उचित सूचना मिलनी चाहिये, जिसका कि उसको सामना करना है। (Right to face the charges)

(२) उसे अपने बचाव मे सुनवाई का उचित अवसर मिलना चाहिए। (Right of hearing)

(३) यह सुनवाई एक पक्षपात रहित व्यक्ति या मण्डल द्वारा की जानी चाहिए, जिसे उस विवाद मे कोई लगाव नहीं हो और जो पहले से ही पक्षपातपूर्ण नही हो। (Right of fair-play without bias)

परन्तु सहज न्याय की माग करने वाला निर्दोष होकर (with clean hands) आवे और कोई बात छिपावे नहीं।[1]

इन्ही के आधार पर एक कामगार के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करके उसे दण्ड दिया जा सकता है, नहीं तो मालिक या जाँच मण्डल की कार्यवाही अवैध (गैरकानूनी) और शून्य (बिना-परिणाम के, बकार) हो जाती है। इनके आधार पर कार्यवाही करने की विधि अगले अध्याय मे बताई गई है।

(क) कुछ ऐसे मामले जिनमे सहज न्याय के सिद्धान्तों का हनन माना गया.—

१ साक्ष्य पर मस्तिष्क नहीं लगाया गया— AIR 1958 Raj 153

२. जिस विशेषज्ञ की राय मानी गई उसे गवाह के रूप में नही बुलाया गया AIR 1963 M. P. 115

३. बिना सिद्ध हुये आरोपो के लिये गवाहों को बुलाने से मना किया गया। विलम्ब का बहाना बनाकर बचाव के गवाहो को नही बुलाना। AIR 1963 All 94.

४. गवाहो के बयान लेने से मना करना। AIR 1963 M. P. 115; 1962 Punjab 355

५. जाँच रिपोर्ट मे बाहरी सामग्री (गोपनीय रिपोर्ट) को लाना, जिसे नहीं दिखाया गया था। AIR 1963 Gujrat 244

६. जाँच अधिकारी द्वारा "प्रदमता" के आरोप की जाँच नहीं करना। AIR 1958 Bom 204; 1958 Punjab 327

७. पीठ पीछे लिये बयान पढे गये। AIR 1963 All 94; 1962 Punjab 496, 1954 Bom 351

---

[1] AIR 1956 Cal 621

अध्याय (६)

दण्ड देने की विधि–घरेलू-जांच
(Domestic Enquiry)

परिचय

१. घरेलू जाँच का महत्व व प्रावधान
२ जांच अधिकारी
३ जांच के दोहरान निलम्बन
४ दण्ड देने की विधि जांच के पांच भाग
(१) आरोपों की सूचना देना या आरोप-पत्र
(२) स्पष्टीकरण का अवसर
(३) जाँच में साक्ष्य या प्रमाण
(४) जांच का निष्कर्ष
(५, निर्णय या अन्तिम आज्ञा

जब किसी संस्थान के व्यवस्थापन (मैनेजमेंट) ने यह विचार कर लिया हो कि— किसी कामगार या मजदूर ने 'दुराचरण' किया है जिसके लिए उसे उचित दण्ड दिया जाना चाहिये। तो अनुशासन व व्यवस्था को बनाये रखने के लिए उस दोषी कामगार के प्रति पहले यह पता लगाने के लिए कि "वह कहाँ तक दोषी है और उसका दुराचरण सिद्ध होता है या नहीं ?" तक जाँच की जाती है। इसे "घरेलू जांच" कहा जाता है। इस जांच के लिए तरीका 'स्थाई आदेश में पहले से ही निश्चित किया जा सकता है, जो पीछे बताये गये सहज न्याय के सिद्धान्तों पर आधारित होता है। मॉडल स्थायी नियम की शर्त (१४) † में उपखण्ड (१) में जुर्माना करने का तरीका, और उपखण्ड (४) में नौकरी से निकालने के लिये स्वतन्त्र जांच करने का उल्लेख है। इनसे निम्न लिखित चार बातें स्पष्ट होती हैं —

(१) आरोपित दुराचरण (लगाये गये दोष) की कामगार को लिखित में सूचना देना।
(२) उसके विरुद्ध बनाई गई परिस्थितियों का स्पष्टीकरण करने का एक अवसर देना।
(३) यदि परिस्थितियों में आवश्यकता हो, तो मैनेजर या मालिक द्वारा स्वतन्त्र जाँच स्थापित करना।

---

† राजस्थान मॉडल स्थायी आदेशों में शर्त सं० १८ उपखण्ड (१) व (३)

(४) इसके बाद आरोपो के लिए दण्ड की आज्ञा दी जावेगी, जिस पर मैनेजर या मालिक को सहमति होगी।

इन चार शर्तों को पूरा करने के लिए 'घरेलू जाँच' के निम्न पाँच भाग होंगे —

(१) आरोप पत्र (Charge sheet)
(२) स्पष्टीकरण (Explanation)
(३) प्रमाण मे साक्ष्य (Evidence)
(४) जाँच का निष्कर्ष या परिणाम–जाँच रिपोर्ट
(५) अन्तिम आज्ञा या निर्णय

हम आगे इनका वर्णन करेंगे।

ये "स्थायी आदेश" औद्योगिक नियोजन स्थायी आदेश अधिनियम १९४६ के अधीन केन्द्रीय नियम १९४६ तथा राज्यों के इन नियमो के अन्तर्गत बनाये जाते हैं, अतः ये वैधानिक नियम (Statutory rules) माने जाते है। अत. ये मालिक और मजदूर दोनों पर बाधित हैं, इनका पालन करना आवश्यक है।[1] परन्तु इनमे सब बातें स्पष्ट नहीं होने पर सहजन्याय के सिद्धान्तों के अनुसार की गई कार्यवाही को वैध माना जाता है।[2] अत इन नियमों का पालन सहजन्याय के साथ करते हुए ही किसी कामगार को दण्ड दिया जा सकता है।

जाँच अधिकारी

जाँच के लिए शब्द 'स्वतन्त्र जाँच' (Independent enquiries) का स्थायी आदेश में उल्लेख किया गया है। इसका अर्थ यही है कि जाँच करने वाला अधिकारी का मस्तिष्क स्वतन्त्र और पक्षपातहीन हो। जाँच अधिकारी मालिक के अधीन नही हो, इसका यह अर्थ नही लिया जा सकता। उसे पक्षपात के सिद्धान्तो (देखिये पृष्ठ २८) को ध्यान में रखकर काम करना होगा।

जाँच अधिकारी केवल तथ्यो का पता लगाता है।[3] उसे शिवत रूप से सुसगत विचार व कर्तव्य पालन के उत्तरदायित्व के विचार से कार्य करना चाहिये।[4] वह जांच का कार्य किसी दूसरे व्यक्ति से नहीं करवा सकता।[5] जाँच मण्डल को नये आरोप बनाने व उन पर निष्कर्ष देने का अधिकार नही है।[6] वह जाँच के बाद दण्ड का सुझाव नही दे सकता। यह कार्य मालिक या अनुशासनिक अधिकारी का है।[7]

---

1 AIR 1966 S. C 1364.
2. AIR 1950 S C 222 (260)
3. AIR 1964 A P 407
4. AIR 1964 Cal. 603
5 AIR 1964 M P 318, 1958 Cal. 470
6. AIR 1964 Mysore 221
7 AIR 1962 S C. 1130

जाँच के दोहरान निलम्बन (मौग्रत्तिली)

(Suspension pending enquiry)

निलम्बन का अधिकार —

यह 'निलम्बन' कोई दण्ड नही है। यदि मालिक को यह डर है कि– जाँच के दोहरान कोई कामगार किसी प्रकार से ऐसा काम कर सकता है, जिससे मालिक को हानि हो सकती है या वह अपने प्रभाव का दुरुपयोग कर जांच मे बाधा डाल सकता है, तो वह उसे जांच पूरी होने व निर्णय होने तक के लिए निलम्बित कर सकता है। पहले इस बात पर मत भेद था कि– यदि नियमों या नौकरी की शर्तों (जैसे कि– स्थायी आदेश) मे यदि जाँच के दोहरान निलम्बित करने की शर्त न हो, तो मालिक उसे निलम्बित नहीं कर सकता। सन 1955 मे ओमप्रकाश बनाम उत्तर प्रदेश शासन[1] के मामले में माना गया था कि–मालिक व नौकर के बीच कानून निलम्बन करने की कोई परोक्ष शक्ति मालिक को नहीं देता और उसे ऐसा अधिकार नहीं था, जब तक कि संविदा की शर्तें ऐसी आज्ञा न देती हो–या–कोई कानून या नियम मे इसका प्रावधान न हो। परन्तु जनरल क्लाजेज एक्ट की धारा १६(१) मे स्पष्ट है *कि–नियुक्ति करने की शक्ति मे ही निलम्बन की शक्ति भी सम्मिलित है।*[2] अत यदि लगाये गए आरोपों के विरुद्ध जांच चल रहा है तो वैधानिक नियम के अभाव मे भी कामगार या कर्मचारी को निलम्बित किया जा सकता है। ऐसे कई निर्णय हो चुके है।[3] अत अब यह प्रश्न समाप्त हो चुका है और मालिक का यह अधिकार मान लिया गया है।

निलम्बन कब से लागू होगा —जिस दिन किसी कामगार को आज्ञा सौंपी गई यानी उसे आभास कराई गई और कार्य मुक्त किया गया, उसी दिन से निलम्बन शुरू होगा। वास्तव मे काम से हटते ही यह लागू माना जावेगा। इसके पहले की दिनाक से इसे लागू करना अवैध माना गया है। जब काम किया, तो उसे 'नहीं किया गया' कैसे माना जा सकता है? इस पर अनेक निर्णय हो चुके है।[4]

निलम्बन की स्थिति —

मालिक और नौकर का सम्बन्ध निलम्बन के समय मे समाप्त नही होता और नियमानुसार मालिक उसे 'निर्वाहभत्ता' (काम चलाने के लिये भत्ता) देगा। यदि नियमो मे ऐसा प्रावधान न हो, तो पूरा वेतन भी देना पड़ता है। कामगार या नौकर इस अवधि म दूसरी नौकरी नहीं कर सकता और यदि करता है तो वह इस अवधि का कोई वेतन या भत्ता पाने का हकदार नहीं हो सकता।

अत निलम्बन सोच समझकर बहुत ही गंभीर मामलों में करना चाहिये।

---

२ AIR 1955 Patna 131 (134)

3 AIR 1959 S C 1342 AIR 1961 S C 276 1964 S C 787.

4 AIR 1955 S C 600 1959 RLW 423 ILR (1960) 10 Raj 952 1954 Cal 340 1959 M P 401 1958 M P 44, 1963 Punjab 293 1960 RLW 335 1959 Cal 1

दण्ड देने की विधि—

(१) आरोप पत्र या दुराचरण की सूचना
(Information of misconduct)

आरोप पत्र में दो बात होनी चाहिये—

(१) कि–दोषी कामगार को दुराचरण की सूचना दी जाती है,

(२) कि–दोषी का दुराचरण या दोष क्या है ?

इसके लिए नमूने का फार्म आगे दिया गया है इससे इस कार्य में कोई कानूनी गलती नहीं रह सकेगी ।

आरोप पत्र देने का उद्देश्य यह है कि दोषी को उसके विरुद्ध लगाये गये आरोपों का पूरा पता चल सके व उससे अपना बचाव करने का यथोचित अवसर प्राप्त कर सके । सहजन्याय के सिद्धान्त की यही मांग है ।[1]

आरोपों का स्वरूप—आरोप किस प्रकार के होने चाहिये इसके लिए दो बात हैं—

(१) आरोप साफ व निश्चित होने चाहिये ।[2]

(२) लिखित में दोषी को दिये जाने चाहिये । उसके अशिक्षित होने पर भी उसे लिखित में दे दीजिये और मौखिक समझा दीजिये ।

फार्म (१)

आरोप पत्र

१ श्री — पद को सूचित किया जाता है कि जब वह दिनांक को — पद पर कार्य कर रहे थे उन्होंने — —(दुराचरण का उल्लेख) किया,

२ आपके यह कार्य या भूल स्थायी आदेश स० का भंग करते थे दुराचरण है जिसके लिए व्यवस्थापन ने आपके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने का प्रस्ताव रखा है ।

३ एतद्द्वारा आपको इस सूचना के मिलने के दिन की अवधि में अपना स्पष्टीकरण पेश करने व कारण बताने का अवसर दिया जाता है कि क्यों न आपको नौकरी से निकाल दिया जावे या कोई दण्ड दिया जावे ।

४ यदि आपने निश्चित अवधि में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया, तो आपके विरुद्ध इकतरफा कार्यवाही की जावेगी जिस पर बाद में कोई एतराज नहीं माना जावेगा ।

५ क्योंकि आपने गंभीर दुराचरण किया है इसलिये आपको इस आज्ञा के मिलने के साथ निलम्बित किया जाता है जब तक कि जांच पूरी होकर अंतिम आज्ञा नहीं दे दी जावे ।

स्थान — हस्ताक्षर — — — —

दिनांक — — — व्यवस्थापक/मालिक

---

1 फायर स्टोन टायर कम्पनी बनाम जैस 1954-ILLJ 281 H C. Bombay

2 रामनन्द बनाम डिवीजनल मैनेजर उत्तर रेल्वे ILR 1962 Raj 302
रणवीर सिंह बनाम यू० स्माल आर्म्स फैक्टरी AIR 1957 All 274,
AIR 1963 Tripura 20

फार्म (२)

आरोपों का विवरण पत्र

१ श्री .... ने दिनांक ...... को ...... बजे जब वे .... पद पर कार्य कर रहे थे। (दुराचरण क्या व कैसे किया इसका पूरा विवरण दीजिये)

हस्ताक्षर ....
व्यवस्थापक/मालिक

ध्यान देने योग्य बातें—

फार्म (१) में— (१) मे एक से अधिक आरोप हों, तो (क) (ख) लगाकर सब लिख दीजिये। (२) मे यदि स्थायी आदेश लागू नहीं है, तो यह पंक्ति हटा दीजिये। (३) मे समय इतना दीजिये कि-कामगार उसका उत्तर दे सके। कम से कम २-३ दिन व अधिक से अधिक एक सप्ताह का समय देना चाहिये। (४) में निलम्बन करना आवश्यक हो, तभी यह लिखना चाहिये।

फार्म (२) मे— (१) मे एक आरोप का विवरण पूरा दीजिये। अधिक आरोपों के लिए (२) (३) लिखकर अलग अलग विवरण दीजिये।

कुछ महत्वपूर्ण निर्णय—

आरोप पत्र देने से पहले दोषी कर्मचारी से पूछताछ करना मना नहीं है। परन्तु संविधान के अनुच्छेद (२०) में स्वयं के विरुद्ध गवाह बनने के लिए उसे बाध्य नहीं किया जा सकता।[3]

आरोप पत्र में दिये आरोप के अलावा जांच के दोहरान उसे आज्ञा नहीं मानने का दोषी ठहराकर निष्कासन का दण्ड दिया गया। परन्तु आरोप पत्र मे उसका उल्लेख नहीं होने से दण्ड को निरस्त किया गया।[4] सर्वोच्च न्यायालय मे एक मामले मे [6] अपने निर्णय मे जो लोग हड़ताल के समय पकड़े गये और ३ माह तक जेल मे रहे। उन्हें बिना जांच व आरोप पत्र के सेवा से हटा दिया गया। उनकी लगातार अनुपस्थिति के कारण नौकरी से हटाने को वैध मानकर आरोप पत्र की आवश्यकता नहीं मानी। इसी मामले मे एक दूसरा कामगार मैनेजर पर हमला करने मे शामिल था। उसे बिना आरोप पत्र के नौकरी से निकाल दिया गया। उसे मालूम था कि-उस पर क्या आरोप था। ट्रिब्यूनल की आज्ञा और बाद मे कम्पनी की आज्ञा के बाद समझौते की कार्यवाही हुई, जिसम १४ मे से ७ कामगारो को नौकरी से निकाल दिया गया। ऐसी दशा में यह तर्क कि-उसे सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया, स्वीकार नहीं किया गया।[5] आरोप पत्र मे जो दुराचरण बताये गये थे परन्तु अन्तिम आज्ञा में कुछ अतिरिक्त आरोप सिद्ध माने गये। मामले की परिस्थितियों को देखते हुए दण्ड की आज्ञा को सही माना गया।[6]

फिर भी सब आरोपों का आरोप पत्र दिया जाना एक आवश्यक कार्यवाही है।

---

3 AIR 1958 S C. 300.
4 Laxmi Devi Sugar Mills Ltd Vs Nand Kishore AIR 1957 S C 7.
5 Burn & Co Vs Their Employees AIR 1957, S C. 38.
6 N Kalindi Vs M/s Tata Locomotive Eng Co Ltd AIR 1960 S C. 914

(२) स्पष्टीकरण (Explanation)

एक कामगार को उसके विरुद्ध लगाये गये दोष या आरोप के लिये उत्तर देने का यह अवसर है, जिसमें वह अपने बचाव की परिस्थितियाँ बताता है। इसके लिए कुछ सुझाव इस प्रकार हैं —

(१) सब प्रथम यह तय करना है कि- स्पष्टीकरण दिया जाय या नहीं ? यदि मामले की परिस्थितियों को देखते हुए दोषी कामगार यह उचित समझे कि-स्पष्टीकरण लिखित में देना उचित नहीं है और इससे उसकी बचाव की साक्ष्य खुल जायेगी, तो केवल एक नाम मात्र का स्पष्टीकरण पेश करना चाहिये, जिससे एकतरफा कार्यवाही नहीं हो सके और साक्ष्य भी समय से पहले न खुले।

(२) यदि मामला ऐसा है कि-बचाव की साक्ष्य खुल जाने से कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता हो, तो पूरा खुलासा देते हुए स्पष्टीकरण देना उचित होगा।

(३) स्पष्टीकरण तैयार करने से पहले एक एक आरोप से सम्बन्धित कागजात (दस्तावेज) देखना चाहिये और गवाहों की सूची बनानी चाहिये। यहाँ दस्तावेज देखने के लिए मालिक से प्रार्थना करनी चाहिये। यह उसकी इच्छा पर है कि-वह दिखावे या नहीं ? पर प्रार्थना पत्र देना आवश्यक है, चाहे वह मना कर दे।

(४) स्पष्टीकरण में एक एक बात का जवाब दस्तावेजों के आधार पर देना चाहिये, परन्तु कौन गवाह क्या कहेगा यह बताना जरूरी नहीं है और नहीं बताना चाहिये।

(५) किसी आरोप को तब तक स्वीकार नहीं करना चाहिये, जब तक कि उसमें बचाव का कोई सही आधार नहीं हो। क्योंकि दोष प्रमाणित करने का भार दोषी कामगार पर नहीं है।[1] अतः सुरक्षित यही है कि-आरोप को अस्वीकार किया जाय।

(६) प्रत्येक आरोप के स्पष्टीकरण में दस्तावेजों का प्रसंग व उद्धरण देकर उन्हें गलत व आधारहीन सिद्ध करने की कोशिश करनी चाहिये।

(७) यदि आरोप स्पष्ट व संक्षिप्त नहीं हो, तो इसका उल्लेख भी प्रत्येक आरोप के स्पष्टीकरण के साथ कर देना चाहिये।

(८) अपने बचाव के तर्कों की पुष्टि में नियमों व न्यायालय-निर्णयों का प्रसंग भी देना चाहिये, यदि आवश्यक हो।

(९) स्पष्टीकरण के साथ मांगी गई अन्य सूचनायें, जैसे—व्यक्तिगत सुनवाई-यानी-मौखिक जाँच चाहता हूँ और गवाहों की सूची, दस्तावेजों की सूची, भी देनी चाहिये।

(१०) स्पष्टीकरण दो प्रकार का हो सकता है—

(१) प्रत्येक आरोप को स्वीकार या अस्वीकार या आंशिक रूप से स्वीकार या अस्वीकार, जैसा उचित हो, करते हुए संक्षिप्त उत्तर दे देते हैं और साथ में प्रत्येक आरोप पर अलग अलग पूरा स्पष्टीकरण लगा देते हैं।

1. AIR 1962 Orissa 1344.

(२) प्रत्येक आरोप को स्वीकार या अस्वीकार करते हुए उसी के साथ विवरण देकर। इस प्रकार स्पष्टीकरण सावधानी से तैयार कर पेश करना चाहिये।

समय मे वृद्धि—

आरोप पत्र मे दिये गये समय में यदि स्पष्टीकरण नही दिया जा सके तो समय मे वृद्धि के लिये प्रार्थना पत्र देना चाहिये। बिना कारण बताये समय की वृद्धि के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करना सहजन्याय के विरुद्ध माना गया है,[1] परन्तु एक बार समय बढाने के बाद बार बार समय मांगने का कोई कारण नही माना जा सकता।[2]

स्वीकारोक्ति (Admission) का प्रभाव—

स्पष्टीकरण मे आरोप स्वीकार कर लेने के बाद आगे जाच करने की आवश्यकता नहीं है,[3] और मालिक कामगार को उचित दण्ड दे सकता है।

एक मामले में माना गया है कि–दोषी ने लोगो से 'पहले रुपये स्वीकार किये थे'–यह कहने मे और यह स्वीकार करने मे कि–'उसने घूस के रूप मे रुपये स्वीकार किये थे,—अन्तर है। पहला कथन सदेहात्मक है, जबकि दूसरा 'स्वीकारोक्ति'[4] यदि स्वीकारोक्ति का कोई प्रमाण नहीं है, तो मालिक को जाच करके उसके सामने प्रस्तुत सामग्री के आधार पर परिणाम निकालना होगा।[5] यदि जाच के समय किसी कामगार ने क्षमायाचना (Apology) करली हो, तो इसे स्वीकारोक्ति माना गया और आगे जाच करना आवश्यक नहीं माना गया।[6] दोषी कर्मचारी द्वारा स्वीकारोक्ति करली गई, ऐसा मानकर उसे हटा देना उचित नही माना गया। कर्मचारी के कथन अपराध की स्पष्ट व असंदिग्ध स्वीकारोक्ति नहीं थे। अत जाच करना आवश्यक था।[7]

आगे की कार्यवाही —

स्पष्टीकरण प्राप्त होने के बाद मालिक को उसके आधार पर विचार करना चाहिये। फिर जिन दोषों को स्वीकार नही किया, उन पर वाद-हेतु (issues) बनाने चाहिये और जांच करने के लिये जाँच अधिकारी की नियुक्ति करनी चाहिये, जैसा कि पहले बताया जा चुका है।

यदि स्पष्टीकरण स मालिक को सन्तोष हो जाये, तो कामगार को दोष-मुक्त कर काम पर भेज देना चाहिये।

यदि स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हो, तो इकतरफा कार्यवाही करनी होगी, जिसमे आवश्यक शहादत ली जावेगी और उसी के आधार पर निर्णय दिया जावेगा।[8]

---

1 AIR 1957 J & K 11
2 AIR 19)5 S C 160
3 AIR 1961 Tripura 1, 1965 J & K 53, 1963 Bom 121.
4 AIR 1960 All 323
5 AIR 1957 Madras 356
6 AIR 1956 Rajasthan 28 1963 Raj 57, 1953 Punjab 137
7 AIR 1961 S C 1070 ILR (1955) Raj 288 ILR (1963) 13 Raj 28
8 AIR 1956 Cal 114

(३) प्रमाण मे साक्ष्य या शहादत (Evidence)

साक्ष्य या शहादत मे पहले चार प्रश्न विचारणीय हैं—

(१) क्या मजदूर को अपना प्रतिनिधि बुलाने का अधिकार है ?
(२) क्या मालिक की ओर से प्रतिनिधि उपस्थित होगा ?
(३) क्या मजदूर किसी वकील की मदद ले सकता है ?
(४) क्या मजदूर को व्यक्तिगत सुनवाई (Oral hearing) का अधिकार है ?

इन चारो प्रश्नों का आधार 'स्थायी आदेश' है। यदि उनके नियमों में ऐसा प्रावधान है, तो वैसा करना ही होगा, अन्यथा नही।

१ मजदूर का प्रतिनिधि या सहायक—यह तो स्पष्ट है कि—दोषी मजदूर या कामगार को कानूनी सलाह की आवश्यकता है, किन्तु यदि स्थायी आदेश इस मामले में शान्त है, और कुछ नहीं बताता, तो मजदूर को स्वय पैरवी करनी होगी। सहायता के लिये कोई मजदूर सघ का प्रतिनिधि पैरवी करे, ऐसा कामगार को कोई अधिकार नही है, यह मालिक की इच्छा की बात है। साधारण रूप से दोषी कामगार ही अपनी पैरवी करता है। बिना कानूनी प्रावधान के मजदूर सघ के प्रतिनिधि की मदद की माग सहजन्याय मे नहीं आती। यह सर्वोच्च न्यायालय का एक प्रसिद्ध निर्णय।[1] है। इसके बाद के निर्णय [2] मे भी इसी मत की पुष्टि की गई है कि—स्थायी आदेशों मे दी गई सीमा तक ही प्रतिनिधि की मदद लेने का अधिकार है, अन्यथा नहीं।

२ मालिक का प्रतिनिधि—मालिक अपना मामला जाच अधिकारी के सामने अपने प्रतिनिधि के द्वारा पेश कर सकता है।

३ वकील की मदद—यदि मालिक का प्रतिनिधि कोई वकील हो, तो कामगार को भी वकील की मदद मिल सकेगी, अन्यथा नहीं।

४ व्यक्तिगत सुनवाई का अधिकार—

यह मान लिया गया है कि—व्यक्तिगत रूप से सुनवाई देने का कोई अधिकार सहज न्याय में नहीं है, यदि लिखित मे स्पष्टीकरण दिया गया हो।[3] परन्तु यदि स्थायी आदेश मे ऐसा स्पष्ट प्रावधान हो, तो फिर यह अनिवार्य है, एक अधिकार है।

साक्ष्य लेन की विधि

'घरेलू जॉच' मे भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू नहीं होता, परन्तु सहज न्याय के सिद्धान्तों का पालन आवश्यक माना गया है। मद्रास उच्च न्यायालय का एक निर्णय[4] ध्यान देने योग्य है—औद्योगिक विवाद अधिनियम मे अवदस्थापन द्वारा एक कर्मचारी के विरुद्ध घरेलू जांच करने की विधि

---

1 N Kalindi Vs M/s Tata Locomotive Engg Co Ltd. AIR 1960 S C 914
2 Dunlop Rubber Co Vs Workmen AIR 1965 S C 1392
3 Madhya Pradesh Industries Vs Union of India AIR 1966 S C 671.
4 Woodbriar & Sussex Estates Vs Their Workmen (1960) 2 LLJ 673

नहीं दी गई है। बिना कानून के यह नहीं कहा जा सकता कि—मालिक गवाहों के बयान लिये और अदालतों की तरह काम करे। उचित जांच के लिए आरोप पत्र देना आवश्यक है। फिर सहजन्याय के सिद्धान्तों के अनुसार बिना पक्षपात के कामगार को अपना बचाव करने का एक अवसर देना है। इसी मत को सर्वोच्च न्यायालय ने भी बताया है।[1]

जांच में साक्ष्य लेने के दो तरीके सर्वोच्च न्यायालय ने बताये हैं —[2]

(१) ... ... किन्तु जहां घरेलू जांच में वकील नहीं आते हों, वहां कामगार के हितों की रक्षा करने के लिए केवल पहले दिये गवाहों के बयानों के पढ़ने से कुछ अधिक की आवश्यकता है। ... वास्तव में बहुत से कामगार अशिक्षित होते हैं और कई बार उनके मज़दूर संघ के प्रतिनिधि भी बचाव में नहीं आते। ऐसी दशा में तैयार किये बयानों को कुछ मिनटों में पढ़ देना और कामगार को उस गवाह से जिरह (Cross examination) के लिए कहना-सहजन्याय के इस सिद्धान्त की मजाक है कि—उसे बचाव का एक अवसर दिया गया। अतः सही तरीका यही है कि—गवाहों के बयान शुरू से अन्त तक दोषी की उपस्थिति में लिए जावें। इस मौखिक बयान में हमेशा कुछ अधिक समय लगता है और दोषी शहादत को पूरी समझ लेता है। साधारणतया हम इस प्रकार की जांच चाहते हैं ... ।"

(२) परन्तु शिवबासप्पा के मामले[3] के तर्कों को ध्यान में रखते हुए कम से कम हम चाहते हैं कि ... —दोषी को उन गवाहों के बयानों की प्रतिलिपि जांच से बहुत पहले मिल जानी चाहिये—अर्थात्-कम से कम जांच शुरू होने के दो दिन पहले ।... बस सहजन्याय की इतनी ही मांग है।

इसी मत की खुर्दाह कम्पनी के मामले में [4] पुष्टि की गई है।

साक्ष्य का स्वरूप—साक्ष्य आरोपों से सुसंगत (Relevant) यानी सम्बन्धित होनी चाहिये और सारभूत (material) यानी तथ्यों पर आधारित होनी चाहिये, जो उस घटना क्रम के अंग हों। तथ्य(fact) से अर्थ है (१) कोई वस्तु, वस्तुओं की स्थिति या सम्बन्ध जो देखा, सुना, छूआ, सूंघा, या चखा गया हो और (२) मानसिक स्थिति, जिसमें कोई व्यक्ति सचेत हो। जब एक तथ्य दूसरे तथ्य से जुड़ा हो, तो वह संगत है। संक्षेप में किसी घटना के अंग के रूप में जो भी तथ्य हैं और जिनमे विवादास्पद प्रश्नों के बारे में कुछ होना, मानसिक स्थिति, योजना, सम्भावना आदि की झलक मिलती हो, ऐसे सभी तथ्य सारभूत व सुसंगत हैं और इनके लिए साक्ष्य या शहादत दी जा सकती है। जांच में कई बार कई तथ्य शुरू में संगत मालूम नहीं पड़ते पर उनका आगे गंभीर परिणाम निकल सकता है, अतः सहजन्याय के लिए कठोरता के नियमों को न मानकर 'यथोचित अवसर' देने का ध्यान रखा जाना चाहिये।

---

1. Sur Enamel Vs. Workmen AIR 1963 S C. 1914.
2. Kesoram Cotton Mills Vs. Gangadhar AIR 1964 S C 705
3. State of Mysore Vs Shivabasappa AIR 1963 S C. 375
4. Khardah & Co Vs The Workmen AIR 1964 S C. 719.

शहादत का तरीका

पहले स्थान व समय की सूचना दोषी कामगार को दी जाती है (नमूना देखिये) उसके उपस्थित हो जाने पर उसे आरोप पत्र सुनाया जाता है और यदि वह कुछ कहना चाहता है, तो उसे लिखकर उसके हस्ताक्षर करा लिये जाते हैं। इसके बाद गवाहों के बयान होते हैं और ऊपर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बताये दो में से कोई तरीका अपनाया जा सकता है।

रजिस्टर्ड-एडी

नोटिस जांच

श्री— • • — (कामगार का नाम) — • ••• —

पता — — ••• — को सूचित किया जाता है कि— उनको क्रम स० — दि० ••• द्वारा दिये गये आरोपों की जाच के सम्बन्ध मे श्री — —(नाम पद)— — को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। अतः आप श्री — ———(कामगार का नाम) उनके समक्ष दि० • — को बजे स्थान पर उपस्थित होकर जांच में भाग लें व अपना बचाव पेश करें। आपकी अनुपस्थिति मे इकतरफा कायवाही को जावेगी और फिर कोई एत राज नहीं माना जावेगा। इति। दि० — •••

हस्ताक्षर — —
मालिक/व्यवस्थापक

साक्ष्य के दो भेद

(१) प्रलेखीय साक्ष्य (दस्तावेजी शहादत Documentary Evidence)

(२) *मौखिक साक्ष्य (Oral Evidence बयान) यदि सारा मामला केवल दस्तावेजों पर* ही आधारित हो, तो मौखिक साक्ष्य आवश्यक नहीं है। परन्तु यदि दोषी कामगार बयान कराना चाहे तो उसे अवसर दिया जाना चाहिये।

पहले आरोप पक्ष (मालिक की ओर से) शहादत पेश होती है, फिर बचावपक्ष (कामगार की) ओर से। फिर दोषी के बयान होते हैं, किन्तु जहां मामला दस्तावेजो पर आधारित हो, वहां पहले भी दोषी के बयान लिए जा सकते हैं सर्वोच्च न्यायालय ने 'फायर स्टोन टायर एण्ड रबड़ क० के मामले मे[1] इस प्रश्न पर महत्वपूर्ण निणय दिया है, जिसका साराश इस प्रकार है.—

"घरेलू जांच (Domestic Enquiry) की सब स्थितियों पर दोषी कर्मचारी को बचाव का अवसर दिया गया। इससे दोषी को कोई हानि नहीं हुई। सबसे पहले दोषी के बयान लेना सहज न्याय के सिद्धान्तो के विरुद्ध नही हैं। (निणय)

गवाहों के पहले दोषी को तर्क (जिरह) करने से सहज न्याय के सिद्धान्तों का हनन हुआ, इस पर कई निर्णय[2] पेश किये गये। इसमें कोई सदेह नहीं

1 (1968) II SCJ 83 (86)

2. Tata Oil Mill Co Vs Workmen (1963) 2 LLJ 78=(1963) 6 FLR 257, Sur Enamel & Stamping Works Vs Workmen (1961) I SCJ 334 Minalas Tea Estate Vs Workmen (1964) I SCJ 98 Associated Cement Co Vs Workmen (1964) SCR 652.

कि—ये मामले यह बताते है कि—दोषी से कुछ भी पूछे जाने से पहले उसके विरुद्ध साक्ष्य पेश होना आवश्यक है । किन्तु यह सब मामलों में कोई अपरिवर्तनीय नियम नहीं हो सकता। जहां दोषारोपण अभिलेख (रिकार्ड) या स्वीकार कर लिये गये तथ्यों पर आधारित हो, वहां परिस्थिति भिन्न होगी। ऐसे मामलों में दोषी का ध्यान उसके विरुद्ध जा रहे अभिलेख पर आधारित साक्ष्य की ओर दिलाने की अनुमति है। यदि वह उनका सन्तोष जनक स्पष्टीकरण न दे सके, तो यह दोष के परिणाम की ओर बढ़ाता है।

कुछ मामलों मे पहले दोषी का बयान (Version) लेना उचित भी हो सकता है, ताकि अन्तर की बातों को पूरा कर सके और उसके द्वारा सुझाये गये मामले के पहलू पर गवाहों से उचित रूप से पूछा जा सके। यह सब न्याय का एक प्रश्न है। यदि यह दूसरा तरीका विवादग्रस्त बातों के न्यायपूर्ण निर्णय की ओर बढ़ाता है तो साधारण तरीके से दोषी के विरुद्ध पहले साक्ष्य के बयान होने से दोषी के लिये अधिक न्यायपूर्ण (fairer) है और यह कोई अपवाद नहीं माना जा सकता।

येनकेन, यह पूछना बुद्धिमत्ता पूर्ण होगा कि—दोषी पहले अपने बयान देना चाहता है या साक्ष्य पूरी होने तक प्रतीक्षा करना चाहता है, किन्तु उसे यह प्रश्न नहीं पूछने से मूलतः (ipso facto) जांच दूषित नहीं हो जाती, जब तक कि—कोई अन्यायपूर्ण हानि नहीं हुई हो। केवल तभी जांच दूषित हुई कही जावेगी, जब कि व्यक्ति जिससे पूछताछ की गई उसे हानि हुई कोई हो या उसने ऐसा एतराज किया हो।

यह जोर दिया जाता, येनकेन, आवश्यक है कि—उन सब मामलों में जिनमें विवादग्रस्त तथ्यों का प्रतिरोध किया गया हो, वहाँ इस न्यायालय के द्वारा उद्धृत मामलों में निर्धारित तरीका साधारण रूप से अपनाया जाना है।

दोषी के बयान पहले लेने का तरीका केवल स्पष्ट मामलों में अपनाया जा सकता है। ऐसे मामलों का एक उदाहरण [1] हाल ही में हमारे सामने आया था जिसमें एक बैंक के लिपिक ने ग्राहक को बैंक द्वारा उसकी स्वीकृति सीमा से अधिक रकम उठाने दी। उस लिपिक को ऐसा कोई अधिकार नहीं था। जांच के प्रारम्भ के पहले ही उसने अपना दोष स्वीकार कर लिया था और क्षमायाचना की थी। उसके पहले बयान यह पता लगाने के लिए लिये गये, ताकि औपचारिक साक्ष्य लेकर दोष के चित्र को पूरा करने से पहले कोई ऐसी परिस्थितियां हों, जिनसे उसका दोष कम होता हो। हमने निर्णय दिया था कि—यह जांच उचित थी व उसमें सहजन्याय के सिद्धान्तों का कोई हनन नहीं हुआ।

इस वर्तमान मामले में भी सुब्रह्मण्यम् ने जांच की आज्ञा के पहले यह शिकायत की थी कि—उसका कथन पहले लिया जाना चाहिये। ठीक यही जांच अधिकारी ने किया। ... इन परिस्थितियों में जांच में सहज न्याय के सिद्धान्तों का कोई हनन नहीं हुआ।"

---

1. Central Bank of India Vs Karunamaya Benerjee AIR 1968 SC 266

(१) प्रलेखीय साक्ष्य (दस्तावेजी शहादत)
(Documentary Evidence)

प्रलेख या दस्तावेज से तात्पर्य अक्षरों, अंकों, या चिन्हों के सहारे किसी तथ्य को अभिलिखित करने वाले लेख से है, जैसे—लिखित पत्र, विभिन्न तरीकों से मुद्रित फोटो, नक्शा, रेखांकन, खुदाई आदि। न्यायालय या जांच अधिकारी के सामने परीक्षण हेतु प्रस्तुत किये गये ऐसे प्रलेखों को "प्रलेखीय साक्ष्य" कहते है।[1]

यह साक्ष्य भी दो प्रकार से प्रस्तुत की जा सकती है —

(१) प्राथमिक (Primary) और
(२) माध्यमिक या गौण (Secondary)

जब किसी मूल प्रलेख को प्रस्तुत किया जाता है, तो यह प्राथमिक साक्ष्य कहलाता है, जिसमें मूल प्रलेख, उसके भाग, उसकी मुद्रित प्रतियां तथा उसकी मूल पड़त (Counter Copy) भी सम्मिलित है।[2] प्रलेखों को प्राथमिक साक्ष्य द्वारा प्रमाणित करना होता है, किन्तु भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा ६५ में वर्णित दशाओं मे "माध्यमिक साक्ष्य" किसी प्रलेख के अस्तित्व उसकी दशा व विषय वस्तु के लिए प्रस्तुत किये जा सकते हैं। जैसे-यदि कोई प्रलेख किसी ऐसे व्यक्ति के पास हो, जो उसे प्रस्तुत नही करता हो या कानूनन उसे ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता हो, या बावजूद नोटिस के पेश नही किया हो या मूल दस्तावेज नष्ट हो गया हो या खो गया हो, या मूल प्रलेख को उठाकर नहीं लाया जा सकता हो या वह कोई सार्वजनिक प्रलेख (Public-document) हो, आदि।[3]

माध्यमिक साक्ष्य मे निम्न को सम्मिलित किया जाता है।[2]

(१) प्रमाणित प्रतिलिपियां
(२) यंत्र द्वारा तैयारी की गई मूल की सही प्रतियां
(३) मूल से तुलना की हुई प्रतियां
(४) मूल पड़त (Counter parts) और
(५) स्वयं देखने वाले द्वारा किसी प्रलेख के विवरण का दिया गया मौखिक विवरण।

प्रस्तुत करना—

जिन दस्तावेज या प्रलेखों पर आरोप आधारित हैं, उनकी प्रतिलिपियां अभिलेख (रिकार्ड) में शामिल की जाती हैं। दोषी कामगार उनका निरीक्षण करके स्पष्टीकरण के साथ अपने पक्ष के दस्तावेज पेश करता है। इसके बाद मौखिक शहादत के समय इन दस्तावेजों को गवाहों द्वारा प्रमाणित करवाया जाता है। इन पर क्रम संख्या लगाई जाती है। मालिक की ओर के दस्तावेजों पर EXP 1 or 2 ... ...तथा बचाव के दस्तावेजों पर EXD 1 or 2 ... ... आदि अंकित किया जाता है। तर्क (जिरह) में दस्तावेज के बारे मे प्रश्न भी पूछे जा सकते हैं।

---

1. भारतीय साक्ष्य अधिनियम–धारा ३
2. भारतीय साक्ष्य अधिनियम–धारा ६१ व ६२
3. भारतीय साक्ष्य अधिनियम–धारा ६४–६५

यदि कामगार किसी विशेष दस्तावेज को मगाना चाहे, जो उसके अधिकार में नहीं है तो वह जाच अधिकारी को प्रार्थना पत्र देगा और सहज न्याय के हित मे जाँच अधिकारी उस दस्तावेज को मगाकर अभिलेख मे शामिल करेगा। परन्तु क्योंकि घरेलू जाच मे जाँच अधिकारी को दस्तावेज मगँवाने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है, फिर भी मालिक को न्याय के हित मे रिकार्ड पेश कर जाच अधिकारी की मदद करनी चाहिए।

मालिक द्वारा किसी रिकार्ड के छिपाने से दोषी कामगार को यदि जांच मे पक्षपातपूर्ण हानि होती है, तो यह कार्यवाही सहज-न्याय के विरुद्ध होने से जांच दूषित हो जावेगी।

(२) मौखिक साक्ष्य या बयानी शहादत

(Oral Evidence)

गवाहो (साक्षियो) के वे सब कथन जिनके लिये न्यायालय अनुमति दे या माग करे और जो जाँच के तथ्यो के मामलों से सम्बन्धित हो, उन्हे "मौखिक साक्ष्य" कहते हैं।[1] दस्तावेजों को विषय वस्तु के अलावा अन्य सब तथ्यों की मौखिक जाच सब मामलो मे प्रत्यक्ष (direct) होगी अर्थात् देखी गयी बात को देखने वाला, सुनी हुई बात को स्वय सुनने वाला और इसी प्रकार सीधा ज्ञान रखने वाला ही शहादत देगा, दूसरा व्यक्ति नहीं। किसी साक्षी द्वारा देखे गये किसी दस्तावेज की विषय वस्तु के विवरण के लिए माध्यमिक साक्ष्य के रूप मे भी मौखिक साक्ष्य मान्य है।

साक्षियो के बयान (Examination of witnesses)

पहले मालिक यानी अभियोजन के गवाह पेश होते हैं, फिर बचाव पक्ष के। प्रत्येक गवाह के दो मुख्य भाग होते हैं (१) मुख्य बयान (Examination in Chief) और (२) तर्क परीक्षा (जिरह Cross Examination)। गवाह वही व्यक्ति हो सकता है, जो मानसिक रूप से स्वस्थ हो और जिसकी मौखिक साक्ष्य मान्य हो। गवाहो की सख्या की सीमा नहीं बाधी जा सकती, फिर भी यह पक्षकारों पर निर्भर है कि—वे कितने और कौन गवाहों को पेश करें। जांच अधिकारी सुसगत गवाह के बयान लेने से मना नहीं कर सकता।

किसी गवाह को सुसगत प्रश्नो का उत्तर देने के लिये बाध्य किया जा सकता है, चाहे उसके उत्तर के परिणाम स्वरूप उसको कोई दण्ड मिलने की सम्भावना क्यों न हो। ऐसे महत्त्वपूर्ण और सुसगत प्रश्नों का उत्तर न देने पर गवाह के बयानों से प्रतिकूल धारणा (Adverse presumption) बनाई जा सकती है।

तर्क परीक्षा या जिरह (Cross Examination)

तर्क परीक्षा उचित अवसर का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसमे किसी भी पक्ष को वंचित नहीं किया जा सकता। बयान और तर्क (जिरह) दोनों मामले के सुसगत व सार भूत तथ्यों (बातें) पर आधारित होना आवश्यक है। तर्क परीक्षा में केवल मुख्य बयान मे आई बातों पर ही प्रश्न पूछना

---

1. भारतीय साक्ष्य अधिनियम—धारा ३

सीमित नहीं है, इसमें कई प्रकार के दूसरे प्रश्न भी पूछे जा सकते हैं जो परोक्ष रूप से मामले से सम्बन्धित हो सकते हैं।[1] कोई व्यक्ति केवल दस्तावेज पेश करने से ही गवाह नहीं माना जा सकता, अतः उसे जब तक गवाह के रूप में न बुलाया जावे, उससे जिरह नहीं की जा सकती।[2] दोषी के चरित्र और आचरण की निन्दा का साक्ष्य पर कोई प्रभाव नहीं माना जाता[3], परन्तु गवाहों के दुराचरण का प्रभाव उनके साक्ष्य पर माना जाता है।[4] जब किसी प्रश्न के पूछने में ही उसके उत्तर का सुझाव भी दिया हो, तो उसे 'सीधा प्रश्न' (Leading Question) कहते हैं। ऐसे प्रश्न मुख्य बयान में प्रतिपक्ष के एतराज करने पर नहीं पूछे जाते हैं।[5] गवाह को उसके पहले दिये हुए बयानों (जैसे-प्राथमिक जांच के समय) के बारे में हम से प्रश्न पूछे जा सकते हैं और उसके पहले के बयानों का प्रमाण देते हुए उनके बारे में उससे प्रश्न पूछकर जांच अधिकारी के सामने दिये गये बयानों से उनका विभेद या अन्तर (Contradiction) पेश किया जा सकता है।[6]

तर्क में किसी भी गवाह से ऐसे प्रश्न भी पूछे जा सकते हैं, जिनसे उसकी सत्यता (veracity) की परीक्षा हो सके, या उसके जीवनस्तर व पद का पता चल सके या उसके चरित्र को आघात पहुंचाते हुए उसकी साख (Credit) को डगमगाया जा सके।[7] गवाह के उत्तर न देने पर या घुमा फिरा कर उत्तर देने पर उसकी साख के प्रतिकूल धारणा बनाई जा सकती है।[8] असभ्य व गुडागर्दी के प्रश्न (Indecent & Scandalous Question) पूछने से न्यायालय मना भी कर सकता है। अपमान करने या नाराज करने के लिए पूछे जाने वाले प्रश्नों के लिये भी मना किया जा सकता है।[9] विपक्ष की ओर से तथा न्यायालय की अनुमति से स्वपक्ष की ओर से किसी गवाह के विरुद्ध उसके विश्वासनीय नहीं होने के लिए अपने ज्ञान के आधार पर व्यक्तियों का साक्ष्य लेकर या गवाह ने भ्रष्ट प्रभाव से या घूस लेकर बयान दिये हैं, इसके प्रमाण पेश कर या उसके पूर्व कथनों व नये कथनों म विभेद (अन्तर) को प्रमाणित करके उसकी साख को भर्त्सना की जा सकती है।[10]

प्रत्येक गवाह के बयानों के अभिलेख में यह स्पष्ट लिखना चाहिये कि—दोषी ने उसकी तर्क परीक्षा की या इसके लिए मना कर दिया। बयानों की समाप्ति पर गवाह को बयान पढ़कर सुनाने के बाद उसके तथा जांच अधिकारी दोनों के हस्ताक्षर होने चाहिये। यदि गवाह बयान सुनकर कोई एतराज करे, तो उसका नीचे उल्लेख अलग से कर देना चाहिये।

---

1. भारतीय साक्ष्य अधिनियम—धारा १३८
2. भारतीय साक्ष्य अधिनियम—धारा १३९
3. भारतीय साक्ष्य अधिनियम—धारा ५२—५४
4. AIR 1959 Calcutta 693
5. भारतीय साक्ष्य अधिनियम—धारा १४१, १४२ व १४३
6. भारतीय साक्ष्य अधिनियम—धारा १४५
7. भारतीय साक्ष्य अधिनियम—धारा १४६
8. भारतीय साक्ष्य अधिनियम—धारा १४८
9. भारतीय साक्ष्य अधिनियम—धारा १५१—१५२
10. भारतीय साक्ष्य अधिनियम—धारा १५५

शपथ नहीं —किसी कामगार के विरुद्ध होने वाली इस घरेलू जांच में जांच अधिकारी को न्यायालय के अधिकार नहीं होने से गवाहों को कोई शपथ नहीं दिलाई जा सकती।

साक्ष्य की समाप्ति व बहस—

दोनों पक्षों की गवाही (साक्ष्य) पूरी हो जाने पर दोषी व्यक्ति को, यदि वह चाहे, तो बहस (Arguments) सुनाने का एक अवसर नहीं देना सहज न्याय के विरुद्ध माना गया है[11] परन्तु यदि इससे कोई पक्षपात पूर्ण हानि न हुई हो, तो व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर नहीं देने से जांच दूषित नहीं मानी गई।[12]

महत्वपूर्ण न्यायालय निर्णय

(क) तर्क परीक्षा एक अधिकार—

अपने विरुद्ध साक्ष्य देने वाले गवाहों की तर्क परीक्षा करना दोषी कर्मचारी का बहुमूल्य अधिकार है।[13] आरोपों का सामना करने का अवसर नहीं देना सहज न्याय के सिद्धान्तों का हनन है।[14]

(ख) दोषी की अनुपस्थिति में लिया गया साक्ष्य-अमान्य—

जांच अधिकारी को समस्त मौखिक साक्ष्य यानी गवाहों के बयान आरोपित कर्मचारी की उपस्थिति में लिखना चाहिये। उसकी अनुपस्थिति के बयान लेने से उसे बचाव करने का न्यायपूर्ण अवसर नहीं दिया गया। पीठ पीछे लिये बयानों को आधार मानना सहज न्याय के विरुद्ध माना गया है।[15] साक्ष्य (evidence) का अर्थ केवल तर्क करना ही नहीं होता। आरोपित व्यक्ति के सामने नहीं लिया गया कोई बयान साक्ष्य नहीं माना जा सकता।[16]

गवाहों के बयानों के बाद प्रार्थी ने तर्क करने की कोई मांग या एतराज नहीं किया, तो अब वह यह मांग नहीं कर सकता कि—सहज न्याय का हनन हुआ है।[17] यदि किसी गवाह को बिना सूचना दिये बुलाकर और दोषी कर्मचारी की अनुपस्थिति में उसके बयान लिये गये, तो इसे सहज-न्याय के विरुद्ध माना गया।[18]

(ग) इकतरफा कार्यवाही—

जब कोई कामगार सूचना मिल जाने पर भी अनुपस्थित रहता है और जांच में भाग नहीं लेता, तो उसके विरुद्ध इकतरफा कार्यवाही की जा सकती है। इसमें भी एक तरफ की यानी मालिक की ओर से पूरे गवाह व दस्तावेज लेकर ही जांच पूरी की जावेगी। बिना साक्ष्य के निर्णय नहीं दिया जा सकता।[19]

---

11 ILR 1957 Raj 823
12 AIR 1963 M P 216
13 AIR 1961 SC 1623 1959 Patna 382
14 AIR 1959 All 614 1955 Pepsu 172 1960 Myoore 159 1960 Kerala 63 1962 Punjab 496
15 ILR 1957 Raj 823
16 AIR 1963 All 94
17 AIR 1962 Kerala 43
18 AIR 1960 Kerala 294
19 1964 RLW 613

गवाहों को बुलाना व दस्तावेजों को मगाना—

घरेलू जाँच मे जाँच अधिकारी को ऐसे कानूनी अधिकार नही है कि–वह गवाहो को बुलाने के लिए या दस्तावेज पेश करने के लिए कोई आदेशिका (सम्मन) निकाले । यह तो मालिक का कर्तव्य है कि–वह अपनी शहादत स्वय पेश करे। इसी प्रकार दोषी कामगार भी अपनी शहादत स्वय पेश करे। यदि कोई दस्तावेज उसके पास न हो और मालिक के पास हो, जिसे वह पेश नही कर सके तो उसके लिए दोषी कामगार माध्यमिक साक्ष्य पेश करेगा ।

(४) जांच रिपोर्ट

घरेलू–जाच की समाप्ति के बाद जाच अधिकारी अपनी रिपोर्ट तैयार करता है। इस रिपोर्ट मे निम्न बातें होती हैं.—

(१) आरोप पत्र और दोषी के स्पष्टीकरण के बाद क्या क्या प्रश्नों (वाद हेतु issues) पर जाँच की गई।
(२) प्रत्येक प्रश्न या आरोप पर पक्ष और विपक्ष की क्या शहादत पेश हुई।
(३) शहादत के आधार पर क्या क्या तथ्य सामने आये और प्रमाणित हुए।

जांच के अभिलेख (रिकार्ड) में निम्न सम्मिलित होंगे—

(१) आरोप पत्र व उनका विवरण पत्र ।
(२) दोषी द्वारा पेश किया गया स्पष्टीकरण ।
(३) जाँच अधिकारी की नियुक्ति की आज्ञा ।
(४) दोषी को बुलाने को दी गई सूचना की आज्ञा।
(५) जांच के दौरान दी गई आज्ञाओ की सूची (Order Sheet) और कार्यवाही का विवरण।
(६) गवाहों के बयान।
(७) दस्तावेज, जो पेश किये गये।
(८) अन्य प्रार्थना पत्र व कागजात जो पेश हुये।
(९) जाच रिपोर्ट।

जाच रिपोर्ट व निष्कर्ष (Findings in Enquiry Report)

जाच रिपोर्ट मे निष्कर्ष लिखने के लिए जांच अधिकारी को साक्ष्य का मूल्यांकन करना होगा और प्रत्येक आरोप पर अलग से विचार करना होगा। इसके लिए पूरी सावधानी रखनी चाहिये। जांच अधिकारी को अपने निष्कर्षों मे यह स्पष्ट बताना चाहिये कि–किन प्रश्नों का निर्णय करना था और उनके प्रत्येक के पक्ष या विपक्ष में क्या साक्ष्य था और उसके आधार पर क्या निष्कर्ष निकला। निष्कर्ष या परिणाम असम्बन्ध विचारों या पक्षपात पूर्ण सामग्री से रगा हुआ नही होना चाहिये। जांच मण्डल या अधिकारी को किसी भी कारण से अपने निष्कर्ष संदेहों, अनुमानों या शकाओं (Suspicions, Conjectures or Surmises) पर या बिना साक्ष्य के या सारभूत और सुसगत साक्ष्य को अनुचित रूप से अस्वीकार करके या आंशिक रूप से साक्ष्य पर और आंशिक

रूप में सन्देहों, अनुमानों या शंकाओं पर आधारित नहीं करने चाहियें ।[1] सुनी सुनाई या किसी की कही सुनी साक्ष्य स्वीकार नहीं की जाती (Hearsay evidence is not admissible) और उस पर आधारित निष्कर्ष टिक नहीं सकते ।[2] आरोपित व्यक्ति के विरुद्ध अभिलिखित साक्ष्य के प्रसंग में ही निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिये, बचाव की कमजोरी का प्रसंग देना ही पर्याप्त नहीं होगा ।[3] आरोपों को प्रमाणित करने का भार सरकार या मालिक पर है, परन्तु निर्दोषिता प्रमाणित करने का भार कर्मचारी पर डालना सहज-न्याय नहीं है ।[4] जांच अधिकारी को दोनों पक्षों की बहस (arguments) पर विचार करना चाहिये, परन्तु अभिलेख (रिकार्ड) के बाहर की किसी सामग्री (extraneous matter) पर निष्कर्ष को आधारित करना सहज-न्याय का हनन माना गया है ।[5] जांच अधिकारी अपनी रिपोर्ट में दण्ड के लिए सुझाव नहीं दे सकता ।[6]

इस प्रकार जांच रिपोर्ट एक महत्वपूर्ण अभिलेख है, जो आरोपों के सत्य या असत्य होने का निष्कर्ष देती है और उसके आधार पर मालिक या मैनेजर दण्ड की आज्ञा देता है । जांच रिपोर्ट में प्रत्येक प्रश्न या तर्क को मानने या न मानने के कारण देने होते हैं । यह जांच रिपोर्ट स्पष्ट व तर्कयुक्त होनी चाहिये । सर्वोच्च न्यायालय ने खरबहू क०[7] के मामले में इस पर महत्वपूर्ण निर्णय दिया है —

"यह हो सकता है कि-जांच अधिकारी को एक बहुत लम्बी या विस्तृत रिपोर्ट लिखने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु क्योंकि उसके निष्कर्षों के आधार पर एक कामगार को नौकरी से हटाया जा सकता है, अतः यह उसका कर्तव्य है कि-वह अपने निष्कर्षों को स्पष्ट और संक्षिप्त रूप में अभिलिखित करे और उन निष्कर्षों पर पहुंचने के कारणों का संक्षेप में उल्लेख करे । यदि ऐसा तरीका नहीं अपनाया गया, तो श्रमिक न्यायालय (ट्रिब्यूनल) के लिए यह निर्णय देना कठिन हो जायेगा कि-जांच अधिकारी की पहुंच का तरीका मूलतः गलत था या उसके निष्कर्ष प्रतिकूल थे । वास्तव में यदि सालीसिटर जनरल के तर्क को मान लिया जाय, तब तो यह ऐसी घरेलू जांच के महत्व को ही समाप्त कर देगा । जैसा कि हम पहले अवलोकन कर चुके हैं, हमें उचित जांच करने पर जोर देना होगा और इसका भय है कि-जांच के दोहरान या उसके निष्कर्ष के समय और निष्कासन की आज्ञा देने से पहले ऐसा कुछ भी नहीं होना चाहिये, जो उस जांच को केवल एक औपचारिकता मात्र मानने की आलोचना का शिकार हो सके ।"

सर्वोच्च न्यायालय ने बाद में भी मध्य प्रदेश उद्योग के मामले[8] में इस बात पर जोर दिया है कि-घरेलू जांच मण्डल को कारण बताते हुए ही आज्ञा देनी चाहिये । सर्वोच्च न्यायालय ने इस निर्णय में बताया है—

---

1. AIR 1954 Cal 503
2. AIR 1959 All 223
3. ILR 1957 Raj 823
4. AIR 1962 Orissa 1344
5. AIR 1962 All 166, 1954 V P 50, 1952 Punjab 239, 1963 Bom 121.
6. 1955 RLW 166, AIR 1962 AP 497, 1952 SC 1130
7. AIR 1964 SC. 719
8. Madhya Pradesh Industries Vs Union of India AIR 1966 SC 671

"यदि ट्रिब्यूनल बिना कारण दिये आज्ञा दे सकती है, तो यह शक्ति उद्दण्ड या बेईमान अधिकारियों के हाथों में अपार शक्ति के दुरुपयोग का एक साधन बन सकती है। किन्तु यदि किसी आज्ञा के लिए कारण देने होंगे, तो यह ऐसे दुरुपयोग पर एक सफल रोक होगी, क्योंकि वह आज्ञा यदि बाहरी या असंगत विचारों को प्रकट करेगा, तो उसकी न्यायिक जांच व सुधार हो सकेगा। एक बोलती आज्ञा (Speaking Order) यथा साध्य एक न्यायोचित आज्ञा होगी और कम से कम तर्क युक्त तो होगी ही। जनता से इस एक मात्र संरक्षण को नहीं छीना जाना चाहिये। — यह कहा जा सकता है कि—इस सिद्धान्त को अपीलीय न्यायालयों में समान रूप से नहीं माना जाता और अपील या संशोधन (नजरसानी) बिना कारण बताये ही (in limine) अस्वीकार कर दी जाती है। यहां एक न्यायालय और और एक प्रशासनिक ट्रिब्यूनल में आवश्यक भेद है। एक न्यायाधीश तथ्यों को वस्तुगत रूप में (Objectively) देखने के लिए प्रशिक्षित होता है और वह नीति या शीघ्रता के विचार से अप्रभावित होता है, किन्तु एक प्रशासनिक अधिकारी साधारणतया तथ्यों को नीति और शीघ्रता के दृष्टिकोण से देखता है। इस प्रकार बनी प्रशासनिक अधिकारी के मस्तिष्क की आदत प्रत्येक कार्य या कार्यवाही में बदल सके ऐसी आशा नहीं की जा सकती। अतः यह आवश्यक है कि—ट्रिब्यूनल्स पर किन्हीं पक्षों के अधिकारों को प्रभावित करते हुए आज्ञा देने के मामलों में कुछ रोक लगाई जा सके और कम से कम वे अपनी आज्ञाओं के लिए कारण दें। अपीलीय न्यायालयों के मामलों में भी निश्चित पूर्वक कारण दिये जाते हैं, सिवाय इसके कि जब अधीनस्थ न्यायालय के तर्क संगत निर्णय में वह न्यायालय सहमत होकर अपील या नजरसानी खारिज करता है या वहां हस्तक्षेप करने के कोई कानूनी आधार नहीं होते। किन्तु ऐसा समान तर्क अपीलीय ट्रिब्यूनल के लिये लागू नहीं हो सकता, जब कि बहुधा पहली ट्रिब्यूनल की आज्ञा ही दोष पूर्ण हो और कोई कारण नहीं बताये गये हों। इसके अतिरिक्त, जब हम कारण पर जोर देते हैं, तो हम कारणों का कोई विशेष रूप या माप दण्ड निर्धारित नहीं करते। कारणों का विस्तार और रूप प्रत्येक मामले पर निर्भर करता है। साधारणतया अपीलीय या नजरसानी करने वाली ट्रिब्यूनल अपने कारण अलग से देगी, किन्तु किसी मामले में जहां पहली ट्रिब्यूनल ने पर्याप्त कारण दिये हों और उनको स्वीकार किया गया हो, तो अपील या नजरसानी, यथा स्थिति, को उन कारणों से सहमत होकर अस्वीकार कर सकती है। आवश्यक यही है कि—एक अपीलीय या नजरसानी करने वाली ट्रिब्यूनल को स्पष्ट रूप से या पहली ट्रिब्यूनल द्वारा दिये गये कारणों के प्रसंग द्वारा कारण देने होंगे। कारणों का रूप और विस्तार आवश्यक रूप से प्रत्येक मामले के तथ्यों पर निर्भर करता है। - - —"

इस प्रकार जांच रिपोर्ट में निष्कर्षों के कारण स्पष्ट दिये जाने चाहिये।

(५) अन्तिम आज्ञा या निर्णय

जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर मैनेजर या मालिक उसके अनुसार दण्ड की आज्ञा या निर्णय देगा। मॉडल स्थायी आदेश में शर्त १४ (६) में बताया गया है कि—

"इस स्थायी आदेश के अधीन दण्ड देने में, मैनेजर उस कामगार के दुराचरण की गंभीरता या पुराना रिकार्ड (यदि कोई हो) और अन्य ऐसी परिस्थितियों को ध्यान में रखेगा,

जो उस (दुराचरण) को हल्का या गंभीर बनाती हैं। मनेजर की आज्ञा की एक प्रति सम्बन्धित कामगार को दी जावेगी।

इस प्रकार दण्ड देने की आज्ञा देने से पहले तीन बातों पर ध्यान देना आवश्यक है—

(१) दुराचरण की गम्भीरता

(२) कामगार का पुराना रिकार्ड (यदि कोई हो तो)

(३) मामले की परिस्थितियाँ जो उस कामगार के दुराचरण की गम्भीरता को कम या ज्यादा करती हैं।

इन पर विचार करने के बाद उचित दण्ड देने का मालिक या मनेजर को अधिकार है। और इसका निर्णय निश्चय पूर्वक उसी को करना है।[1] परन्तु दुर्भावना के कारण तय करने की नियत से या कठोर व्यवहार के कारण दिये गये दण्डों के लिए औद्योगिक परिवाद (Industrial Dispute) खड़ा किया जा सकता है और मालिक की आज्ञा को निरस्त किया जा सकता है। दण्ड आज्ञा का एक नमूना नीचे दिया गया है।

दण्डाज्ञा का नमूना

कार्यालय ---- --- --- --- ---

सं० दिनांक -- --

आज्ञा

श्री ---- --- पद --- --- के विरुद्ध कुछ आरोपों के आधार पर जो उसको पत्रांक -- दि० द्वारा सूचित किये जा चुके हैं घरेलू जाँच की गई। जांच अधिकारी की रिपोर्ट प्राप्त होने पर मनेजमेंट ने उस पर गहराई से विचार किया और इस निश्चय पर पहुंचा कि उक्त श्री - --- के विरुद्ध आरोप सं० (संक्षिप्त विवरण दीजिये) -- ---सिद्ध पाये गये हैं। अतः एतद्द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि उक्त श्री ने इस मनेजमेंट के प्रति वफादारी से काम नहीं किया और उनके इस दुराचरण के कारण -- -- (दण्ड का विवरण व नाम दीजिये) का दण्ड दिया जाता है।

आज दि० --- ------- ---- को जारी किया गया।

---------- -- ----

ह० मालिक/व्यवस्थापक

प्रतिलिपि श्री --- --- -- को सूचनार्थ।

--- ------- --

ह० मालिक/व्यवस्थापक

यदि घरेलू जाँच के दौरान कोई औद्योगिक परिवाद उसी मामले में उठाया गया हो तो औद्योगिक परिवाद अधिनियम की धारा ३३ के अधीन बिना स्पष्ट पूर्वस्वीकृति लिये किसी कामगार को कोई दण्ड नहीं दिया जा सकेगा। अतः ऐसी परिस्थिति में मालिक को जाँच रिपोर्ट पर कोई निर्णय नहीं लेना चाहिये।

---

1 Hind)Constuctions Co Vs Workm n AIR 1955 S C 917
B. B Coal Co Vs. Ram Prakash AIR 1964 SC 486

किसी कामगार को दण्ड देना या न देना—यह मालिक के विवेक पर छोड़ा गया है। अनुशासन और कार्य के हित में यदि दण्ड देना आवश्यक ही हो, तभी मालिक या मैनेजर को दण्ड की आज्ञा देनी चाहिये, नहीं तो चेतावनी देकर के कामगार को अपनाना चाहिये। सहृदयता से वह भविष्य में अच्छा काम करेगा। आजकल मालिक की प्रत्येक कार्यवाही को अनुचित ढंग (जैसे—तंग करना) मानकर न्यायालयों में छोटी सी बात पर कामगार को मदद मिल जाती है, अतः सावधानी पूर्वक ही पूरी कार्यवाही करनी चाहिये, अन्यथा इससे मैनेजमेंट की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुँचती है।

उपसंहार

इस प्रकार किसी दोषी कामगार को दण्ड देने के लिए सावधानी से पक्षपात रहित होकर कार्यवाही करनी चाहिये, ताकि आगे जाकर व्यवस्थापन को नीचा न देखना पड़े।

अध्याय (७)

नियुक्ति या नौकरी देना
(Recruitment)

परिचय

१ नियुक्ति करने का अधिकार।
२ "नियोजन केन्द्र अधिनियम"—एक झलक।
३ नियुक्ति पत्र का प्रारूप व शर्तें।

नियुक्ति का अधिकार

'मालिक' मालिक ही है।" (Master is master) उसे अपनी मरजी से किसी को भी नियुक्त करने का अधिकार है। नियुक्ति के अधिकार में ही नौकरी से हटाना व निलम्बित करना छिपा है। नियुक्ति के लिये वह जिसे चाहे, उसे रखे। कामगार या कर्मचारी की तकनीकी या शिक्षा की योग्यता के लिये कई कानूनों में कम से कम योग्यता निश्चित को गई है उसका ध्यान रखना आवश्यक है। परन्तु फिर भी मालिक को नियुक्ति देने की पूरी आज़ादी है कि—वह जिसे चाहे नियुक्ति दे। यदि वह अपने सम्बन्धियों को नियुक्ति दे तो भी उसे कोई चुनौती नहीं दी जा सकती। संविधान के अनुच्छेद १६ के अधीन समता का अधिकार केवल राजकीय सेवाओं के लिये ही है, निजी उद्योगों के लिए नहीं। परन्तु सब को समान अवसर मिल सके और देश के योग्य व्यक्तियों को रोजगार की सुविधा के लिए सन् १६५६ में नियोजन केन्द्र (रिक्त स्थानों की विज्ञप्ति) अधिनियम [Emplyment Exchange (Notification of Vacancies) Act 1959] बना, जिसे विज्ञप्ति स० G S R 382 deted 1 4 1960 के द्वारा लागू किया गया। इसके प्रावधानों का हम यहां वर्णन करेंगे जिनका पालन एक मालिक को करना होता है।

नियोजन केन्द्र (रिक्त स्थानों की विज्ञप्ति) अधिनियम १६५६

एक झलक

यह अधिनियम किसी भी रोजगार के लिए रिक्त स्थान (खाली जगह) की सूचना नियोजन केन्द्र (इम्प्लायमेंट एक्सचेंज) को देने की शर्तें व तरीका बताता है। इसमें जो परिभाषायें दी हैं उनमें निजी—उद्योगों से सम्बन्धित मुख्य ये हैं —

(e) संस्थान (Establishment) से तात्पर्य है:—

(क) कोई कार्यालय (आफिस), या

(ख) कोई स्थान, जहां कोई उद्योग, व्यापार, धन्धा या व्यवसाय चलाया जाता हो।

(g) निजी क्षेत्र के संस्थान (Establishment in Private Sector) से तात्पर्य उस संस्थान से है, जो कि सार्वजनिक क्षेत्र (सरकारी) नहीं हो और जहां साधारणतया २५ या अधिक व्यक्ति पारिश्रमिक हेतु काम करने के लिये नियोजित हों।

(i) अदक्ष कार्यालय कार्य (Unskilled office work) से तात्पर्य निम्न प्रकार के कर्मचारियों द्वारा किसी संस्थान में किये जाने वाले कार्य से है, यथा—

(१) दफ्तरी, (२) जमादार, अर्दली या चपरासी (३) झाडू वाला या फर्राश, (४) बण्डल या अभिलेख उठाने वाला (५) तामील कुनिन्दा (आदेशिका वाहक) (६) चौकीदार, (७) भंगी और (८) अन्य कर्मचारी, जिसे सरकार घोषित करें।

लागू होना—(Application)

इस प्रकार यह अधिनियम केवल उन्हीं संस्थानों पर लागू होगा, जहां २५ या अधिक व्यक्ति काम करते हों और अदक्ष कार्यालय कार्य करने वालों के लिए भी यह लागू नहीं होगा। धारा (३) में उन परिस्थितियों को बताया गया है, जहां यह कानून लागू नहीं होता—

धारा ३ (१) यह कानून इन रिक्त स्थानों के लिये लागू नहीं होगा —

(क) निजी क्षेत्र में कृषि (फल उत्पादन सहित) में नियुक्तियों के लिए, सिवाय कृषि कार्य जहां मशीनरी से काम होता हो,

(ख) घरेलू नौकरी में,

(ग) तीन माह से कम के लिये दी गई नौकरी में,

(घ) अदक्ष कार्यालय कार्य में नौकरी के लिए,

(ङ) संसद् के स्थापन से सम्बन्धित नौकरी में,

(२) यदि केन्द्रीय सरकार किसी विज्ञप्ति द्वारा अन्यथा विनिर्दिष्ट न करे, तो इन मामलों में भी यह कानून लागू होगा—

(क) जो स्थान उसी संस्थान के सदस्यों को पदोन्नति देकर या अतिरिक्त (Surplus) स्थापन को विलीन करने से भरे जाने हों।

(ख) उन खाली स्थानों के लिये, जिन पर वेतन ६० रु० प्रति मास से कम हो।

इस प्रकार निजी उद्योग के लिए निम्न परिस्थितियों में यह कानून लागू नहीं होता है—

(१) यदि २५ से कम व्यक्ति उस संस्थान में काम करते हों,

(२) यदि उन खाली स्थानों का वेतन ६० रु० मासिक से कम हो,

(३) यदि अदक्ष कार्यालय के लिए जगह खाली हो,

(४) यदि घरेलू नौकरी (Domestic Service) हो,

(५) यदि खाली स्थान केवल तीन माह तक के लिये ही हो,

(६) यदि खाली स्थान पर कोई पदोन्नति देनी हो या मौजूदा अतिरिक्त (सरप्लस) होने वाले व्यक्ति को ही लगाया जाना हो।

इनके अलावा सब परिस्थितियों में धारा (४) के अधीन यदि सरकार ने घोषणा की हो, तो उसके अनुसार रिक्त स्थानों की सूचना नियोजन केन्द्र को दी जावेगी। ऐसा नहीं करने पर धारा (७) के अधीन ५० रु० तथा दुबारा ऐसा न करने पर १००० रु० तक जुर्माना किया जा सकता है। कानून में केवल खाली स्थान की घोषणा व सूचना देने का प्रावधान है। इसके बाद नियोजन केन्द्र से प्राप्त सूची में से यदि मालिक चाहे, तो किसी को नौकरी दे सकता है या सूची के बाहर के किसी भी मन चाहे व्यक्ति को नौकरी दे सकता है।

कई मालिक समाचार पत्रों के द्वारा सूचना निकालने के बाद योग्य व्यक्ति को नियुक्ति देते हैं। इस प्रकार नियुक्ति के मामले में मालिक को पूर्ण स्वतन्त्रता है।

नियुक्ति पत्र का प्रारूप व शर्तें

नियुक्ति पत्र में सेवा की शर्तों का उल्लेख अवश्य करना चाहिये, इससे बाद में कई झगड़ों से बचा जा सकता है। जिन संस्थानों पर "औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) अधिनियम" लागू होता है यानी जहाँ कामगारों की संख्या कम से कम १०० हो, वहाँ तो सेवा की शर्तें "मॉडल स्थायी नियम" में दी होती है। परन्तु छोटे संस्थानों में जहां १० या अधिक कामगार हो, वहां फैक्टरी एक्ट लागू होने से उसमें दी गई शर्तें लागू होंगी। यदि इससे भी छोटा संस्थान है, तो वहां सेवा की शर्तें आपस में तय करनी होगी और फिर नियुक्ति पत्र में उल्लेख करना आवश्यक होगा। नमूने के लिए नियुक्ति पत्र का प्रारूप परिशिष्ट में आगे दिया गया है। सेवा की शर्तों का वर्णन हम विस्तार पूर्वक अध्याय (२) में कर चुके हैं।

अध्याय (८)

औद्योगिक-अन्याय व अशांति
(Uufair labour Practices & Industrial Unrest)

परिचय

१. 'दुर्भावना" का अर्थ ।
२. "शिकार बनाना या तग करना" (Victimisation)
३. अन्यायपूर्ण तरीके (Unfair labour practices)

वर्तमान युग "श्रम प्रधान व उद्योग प्रधान युग" है, इसमें पूजीपति (मालिक) व मजदूर के बीच सघर्ष चलता रहता है। जब मालिक अपना स्वार्थ ही देखता है और मजदूरों को उन्हे कानून से प्राप्त सुविधायें नहीं देता, तो वह "अन्याय" करता है, जिसे "औद्योगिक अन्याय या शोषण" कहते हैं। इसके परिणाम स्वरूप हड़तालें, छटनी, ताला बन्दी आदि के अनुचित तरीके अपनाये जाते हैं और औद्योगिक अशान्ति के कारण उत्पादन प्रभावित होता है, मालिकों को भी घाटा लगता है, तो मजदूर भी भूखे मरने लग जाता है। इस प्रकार की परिस्थितियों का सामना करने के लिए "औद्योगिक परिवाद अधिनियम" मे व्यवस्था की गई है, जिसका हम अध्याय (३) में वर्णन कर चुके हैं। यहां हम कुछ मुख्य शब्दो के अर्थ को बताते हुये आगे के अध्यायों मे "औद्योगिक अन्याय और अशांति" के विषय म बतावेंगे।

१. दुर्भावना (Mala fide) का अर्थ

'दुर्भावन' का साधारण अर्थ है— बुरी नियत (Bad faith) से कोई कार्यवाही करना। जब मालिक की नियत बुरी होती है, तो उसका रग उसकी कायवाही मे झलकने लगता है, इसे प्रमाणित करने पर न्यायालय मजदूर की मदद करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने कई निर्णयों मे इस मत की स्थापना की है कि—मजदूर के विरुद्ध दुर्भावना से की गई कायवाही अवैध है। दासप्पा के मामले [1] मे सर्वोच्च न्यायालय ने बताया है कि—

"कानून मे यह स्थापित स्थिति है कि-यदि सस्थापन की कार्यवाही के सद्भावपूर्ण (bona fide) न होने या सहज न्याय के सिद्धान्तों के भग होने या सस्थापन जिस सामग्री के आधार पर उस निष्कर्ष पर पहुचा हो, जिस पर कोई न्याय युक्त व्यक्ति नही पहुच सकता

---

[1] Woollen Cotton & Silk Mills Co Vs Dasappa (1960) 2LL39

हो-ऐसा सन्तोष हो जाने पर ट्रिब्यूनल स्वीकृति देने से मना कर सकती है। उन अधिकतर मामलों मे जहां सामग्री ऐसी हो कि-कोई साधारण न्याय युक्त व्यक्ति (Reasonable-person) ऐसे परिणाम पर नहीं पहुंच सके तो कामगार के दुराचरण के बारे मे संस्थापन ने परिणाम निकालने मे सद्भाव (bona fide)से कार्य किया है। यह निर्णय साधारणतया नहीं प्राप्त होगा कि—संस्थापन ने सद्भाव से कार्य किया है, यदि साधारण न्याययुक्त व्यक्ति उस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे जिस पर कि—संस्थापन पहुंचा है। अतः प्रत्येक मामले में ट्रिब्यूनल को अपने आप से यह प्रश्न करना उचित होगा कि-सहजन्याय के सिद्धान्तों का यदि भंग नहीं हुआ है, तो वह सामग्री जिस पर संस्थापन ने कामगार के विरुद्ध निष्कर्ष दिया है, क्या साधारण न्यायप्रिय व्यक्ति ऐसे निष्कर्ष पर पहुंच सकता है? — ''

परन्तु अपने एक निर्णय [2] मे सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी माना है कि-'दुर्भावना' का आरोप लगाने वाला इसे सिद्ध करने के लिए विश्वसनीय साक्ष्य पेश करे। बिना ऐसे साक्ष्य के ट्रिब्यूनल अपने आप दुर्भावना होने या दुर्भावना की स्थिति का सन्देह नहीं कर सकती। इसके बाद अन्य मामलों [3] मे यह भी मान लिया है कि-ट्रिब्यूनल उस आज्ञा की गहराई में जाकर यह पता लगा सकती है कि-संस्थापन की वह आज्ञा रंगीन (या दूषित) है या नहीं।

इस प्रकार 'दुर्भावना' का आरोप सिद्ध होने पर औद्योगिक विवाद द्वारा मालिक की कार्यवाही को निरस्त किया जा सकता है।

२ शिकार बनाना या तंग करना (Victimisation)

"Victimisation" का अर्थ है-'किसी को शिकार बनाना।' शब्दकोष में इसका अर्थ है—"making suffer by dismissal or other exceptional treatment so that an object may be gained '-अर्थात्-'किसी को नौकरी से निकालने या अन्य असाधारण बर्ताव करना, ताकि कोई उद्देश्य सफल हो सके।' कानून मे कहीं भी इसकी परिभाषा नहीं दी गई है, किन्तु इस शब्द का उद्योगों के मामलों मे बहुत प्रयोग किया जाता है। ऐसा प्रतिकूल आचरण या अनावश्यक कठोर बर्ताव यदि कोई मालिक करे जो साधारण स्तर का न्यायप्रिय व्यक्ति नहीं कर सकता हो, तो यह सिद्ध कर देना "शिकार बनाना" है। इस पर न्यायालयों के कई प्रसिद्ध निर्णय हो चुके है—

कलकत्ता-उच्च न्यायालय[4] ने माना है कि-"शिकार बनाना (Victimisation) का अर्थ दो बातों से है-पहली मे जहां एक कामगार निर्दोष है फिर भी उसे दण्ड दिया गया क्योंकि उसने मालिक को नाराज कर दिया जैसे-वह किसी श्रमिक संघ का सक्रिय सदस्य है जो मालिक के हित के विरुद्ध काम कर रहा हो। दूसरी मे जहां किसी कामगार ने कोई अपराध किया है, परन्तु उसे उसकी गंभीरता के अनुपात से अधिक दण्ड दिया गया हो, क्योंकि उसने ऊपर बताये प्रकार से मालिक को नाराज कर दिया। किन्तु जहां यह पाया गया कि-एक कामगार गंभीर दुराचरण का दोषी है तब वहां शिकार बनाने का प्रश्न नहीं हो सकता क्योंकि वह अपने आप ही निष्कासन के योग्य है।"

---

2. Orissa Cement Ltd Vs Their Workmen (1960) 2 LLJ 91
3. Murugan Mills Vs Industrial Tribunal AIR 1965 SC 1496.
   Tata Oil Mills Vs Workmen AIR 1966 SC 1672
4. National Tabacco & Co. Vs Industrial Tibunal (1960) 2 LLJ 173

इस प्रकार वास्तविक कारण जैसे—नाराजगी आदि को छिपाकर कोई अन्य बहाना ढूंढकर निर्दोष कामगार को दण्ड देना या दोषी को अधिक कठोर दण्ड देना या उसके साथ कठोरता बरतना-ये सब बातें शिकार बनाने या तंग करने में सम्मिलित हैं और एक कामगार को इससे छुटकारा दिलाने के लिए ट्रिब्यूनल को अधिकार है। यह भी 'दुर्भावना' का ही एक रूप है।

३ अन्यायपूर्ण तरीके (Unfair Labour Practices)

अन्याय पूर्ण तरीके मालिक और कामगार दोनों काम में लेते हैं, किन्तु औद्योगिक परिवाद अधिनियम में इसकी कोई परिभाषा नहीं की गई है। इस शब्द का व्याकरण से अर्थ करने पर तीन बातें हमारे सामने आती हैं—

(१) Uufair यानी-अन्यायपूर्ण, न्याय संगत नहीं।

(२) Labour यानी-श्रम, जिसमें कामगार और उनके काम दोनों शामिल हैं।

(३) Practices यानी-अभ्यास या तरीके।

इस प्रकार श्रम के सम्बन्ध में मालिक या कामगार द्वारा जो अन्यायपूर्ण तरीके काम में लिए जाते हैं, उन्हें 'अन्यायपूर्ण तरीके' (Unfair labour practices) कहेंगे। इसका अर्थ समझने के लिए 'श्रमिक संघ कानून' (Trade Union Act 1947) में दी गई परिभाषाएं विचारणीय है, यद्यपि वे इन परिवादों पर लागू नहीं की जा सकती।

धारा 28-J मान्यता प्राप्त श्रमिक संघ द्वारा अन्यायपूर्ण तरीके (Unfair practices by recognised Trade union)

एक मान्यता प्राप्त श्रमिक संघ द्वारा किये गये निम्न कार्य अन्यायपूर्ण तरीके माने जावेंगे —

(क) किसी अनियमित हड़ताल में संघ के सदस्यों के बहुमत द्वारा भाग लेना,

(ख) किसी श्रमिक संघ की कार्य कारिणी के लिए, किसी अनियमित हड़ताल के लिए सलाह देने या सक्रिय सहयोग देने या उसके लिए भड़काने का कार्य

(ग) संघ के किसी अधिकारी द्वारा इस कानून में वांछित रिपोर्ट में झूठी बातें दर्ज करना,

धारा 28-k—मालिक द्वारा अन्यायपूर्ण तरीके या कार्य (Unfair Practices by employers)

निम्न कार्य मालिक के लिए अन्यायपूर्ण तरीके होंगे —

(क) किसी श्रमिक संघ का संगठन करने सम्मिलित होने या सहायता करने के कामगारों के अधिकार के प्रयोग में और आपसी सहयोग या संरक्षण के सम्बन्धित कार्य वाहियों में लगने में हस्तक्षेप करना, बाधा डालना या दबाव डालना।

(ख) किसी संघ के निर्माण या प्रबन्ध या उसकी मदद के लिये धन जुटाने या सहारा देने के कार्यों में हस्तक्षेप करना,

(ग) किसी संघ का पदाधिकारी होने के कारण किसी अधिकारी को सेवा से हटाना या उसके साथ भेद भाव करना,

(घ) किसी कामगार को नौकरी से हटाना या उसके साथ भेद भाव करना, क्योंकि उसने किसी मामले में धारा ३८ एक के उप भाग (१) में वर्णित किसी जांच में आरोप लगाये या शहादत दी।

(ङ) धारा ३८ एक के प्रावधानों को मानने में असफल रहना।

परन्तु काम के समय श्रमसंघ का कार्य करने से किसी कामगार को रोकना अन्यायपूर्ण तरीका नहीं होगा।

इस प्रकार इस परिभाषा से हमें अनुचित तरीकों, की मोटी रूप रेखा मिलती है। वास्तव में इसका सही निश्चय प्रत्येक मामले के तथ्यों पर निर्भर करता है। जहाँ दुर्भावना और शिकार बनाना या तंग करना उद्देश्य प्रतीत हो, वे सब तरीके और कार्य 'अन्यायपूर्ण तरीकों' में गिने जायेंगे।

महत्वपूर्ण न्यायालय निर्णय

दुर्भावना से प्रेरित व्यवहार अन्यायपूर्ण है।[1]

यदि अन्यायपूर्ण छटनी की गई, तो उसे भी सर्वोच्च न्यायालय ने[2] अन्यायपूर्ण तरीका माना है।

साधारण नियमों की अवहेलना करके किसी दूसरे कारणों को मुख्य रूप से आधार बनाकर कार्यवाही करना "अन्यायपूर्ण तरीके" माने जाते हैं।

1. (1960) 2 LLJ 39.
2. AIR 1960 S. C. 762,
3. AIR 1960 S. C. 1238.

अध्याय (९)

अन्यायपूर्ण निष्कासन
(Wrongful Dismissal)

परिचय

१. अन्यायपूर्ण निष्कासन का स्वरूप।
२. औद्योगिक परिवाद के दोहरान निष्कासन।
३. अन्यायपूर्ण प्रत्यावर्तन।

अन्यायपूर्ण निष्कासन का स्वरूप:

औद्योगिक अशान्ति का कारण अन्यायपूर्ण तरीकों से किसी कामगार को निष्कासित या सेवा से हटाना भी है। नौकरी मालिक की इच्छा पर निर्भर है, किन्तु फिर भी कानून ने सेवा की शर्तें स्थापित की हैं और उन्हीं के अनुसार 'अनुशासनिक कार्यवाही' करके किसी कामगार को हटाया जा सकता है। किन्तु अन्यायपूर्ण तरीके अपनाकर दुर्भावना या शिकार बनाने के उद्देश्य से किये गये निष्कासन को न्यायालयों ने अनुचित व अन्याय पूर्ण माना है। एक कामगार के विरुद्ध जब मालिक कोई घरेलू जांच करता है और इसी बीच उसी मामले को लेकर वह एक औद्योगिक परिवाद खड़ाकर देता है, तो सम्बन्धित न्यायालय या ट्रिब्यूनल की पूर्व स्वीकृति के बिना उस कार्यवाही के दोहरान उसे निष्कासित नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रावधान "औद्योगिक परिवाद अधिनियम" की धारा ३३ में मिलता है।

औद्योगिक परिवाद के दोहरान निष्कासन या सेवा से हटाना, एक अवैध कार्यवाही

इस सम्बन्ध में धारा ३३ के प्रावधान इस प्रकार हैं —

धारा ३३–कार्यवाही के विचाराधीन होने की स्थिति में सेवा की शर्तें आदि अपरिवर्तनीय रहेंगी—

(१) किसी औद्योगिक परिवाद के लिए यदि कार्यवाही किसी सम्पर्क अधिकारी या मण्डल या किसी श्रम न्यायालय या ट्रिब्यूनल या राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल के विचाराधीन हो, तो कोई मालिक (नियोजक)

(क) उस परिवाद से सम्बन्धित किसी मामले में सम्बन्धित कामगार को हानि पहुंचाने के

लिए सेवा की शर्तों में जो कि कार्यवाही शुरू होने के समय लागू थी कोई परिवर्तन नहीं करेगा,

—या—

(ख) उस परिवाद से सम्बन्धित किसी दुराचरण के लिए किसी सम्बन्धित कामगार को नौकरी से नहीं हटायेगा या दण्ड नहीं देगा।

परन्तु जिस प्राधिकारी के समक्ष वह कार्यवाही विचाराधीन हो, उसकी लिखित स्पष्ट अनुमति लेकर वह ऐसा कर सकता है।

(२) किसी औद्योगिक परिवाद के बारे में ऐसी कार्यवाही के विचाराधीन होने पर मालिक उस सम्बन्धित कामगार पर लागू होने वाले स्थायी आदेश के अनुसार—

(क) ऐसी कार्यवाही के प्रारम्भ होने से तुरन्त पहले प्रचलित सेवा की उन शर्तों में जो उस मामले से सम्बन्धित नहीं हों, परिवर्तन कर सकता है।

—या—

(ख) ऐसे परिवाद से असम्बद्ध किसी दुराचरण के लिए उस कामगार को दण्ड दे सकेगा या हटा सकेगा।

परन्तु ऐसा कामगार सेवा मुक्त या हटाया नहीं जावेगा, जब तक कि—उसे एक माह का वेतन नहीं दे दिया जाय और मालिक द्वारा उस प्राधिकारी के समक्ष जहां कार्यवाही विचाराधीन है, एक प्रार्थना पत्र उसके द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के लिए अनुमति हेतु दिया।

(३) उप धारा (२) में चाहे कुछ भी प्रावधान क्यों न हो, किसी औद्योगिक परिवाद के विचाराधीन होने पर कोई मालिक किसी एवं संरक्षित व सम्बन्धित कामगार के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं करेगा—

(क) ऐसे संरक्षित कामगार को हानि पहुंचाते हुए उस समय प्रचलित सेवा की शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं करेगा।

—या—

(ख) ऐसे संरक्षित कामगार को नौकरी से हटाने का या कोई अन्य दण्ड नहीं देगा।
सिवाय इसके कि—वह उस प्राधिकारी से लिखित में स्पष्ट अनुमति प्राप्त करले।

स्पष्टीकरण—इस उप धारा के उद्देश्य से किसी संस्थान के लिए एक "संरक्षित कामगार" से तात्पर्य उस कामगार से है जो किसी पंजीकृत श्रमिक संघ का एक पदाधिकारी है जो उस संस्थान से सम्बद्ध है और उस नियमानुसार ऐसी मान्यता दे दी गई है।

(४) प्रत्येक संस्थान में उप धारा (३) के उद्देश्य के लिए मान्यता प्राप्त संरक्षित कामगारों की संख्या कुल कामगारों की संख्या का एक प्रतिशत परन्तु कम से कम ५ व अधिक से अधिक १०० की सीमा में होगी और इस उद्देश्य के लिए सम्बन्धित सरकार विभिन्न श्रमिक संघों में इस संख्या के उचित वितरण के लिए नियम बनायेगी।

(५) जहाँ एक मालिक किसी समझौता अधिकारी, मण्डल, श्रम न्यायालय, ट्रिब्यूनल या राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल

है तो सम्बन्धित प्राधिकारी, बिना देर किये, ऐसे प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करेगा और यथा समय शीघ्र उचित निर्णय देगा।

इस प्रकार श्रम कल्याण व संगठन के लिये काम करने वाले कार्यकर्ताओं को कानूनी संरक्षण इस धारा (३३) में दिया गया है।

आजकल प्रत्येक कामगार के मामले में औद्योगिक परिवाद उठाया जाता है। अतः इस धारा (३३) में मालिक को प्रार्थना पत्र द्वारा अनुमति मांगने का जो अधिकार दिया गया है उनके अधीन भी हर मामले में प्रार्थना पत्र पेश किये जाते हैं। अतः अनुमति देने के विषय पर सर्वोच्च न्यायालय ने कई महत्वपूर्ण निर्णय दिये हैं—

" क्षेत्रीय सम्पर्क अधिकारी या सहायक क्षेत्रीय सम्पर्क अधिकारी के द्वारा (अनुमति के प्रार्थना-पत्र पर की गई) जांच का क्षेत्र और लिखित अनुमति का प्रभाव उस सेवा मुक्ति या निष्कासन को वैध करना नहीं था, वरन् केवल मालिक के अधिकारों पर लगी रोक को हटाना था "[1] • इसके लिए मालिक को एक प्राथमिक मामला पेश करना होगा और ट्रिब्यूनल का क्षेत्राधिकार केवल इतना ही होगा कि—वह अनुमति दे या न दे बशर्ते कि—मालिक दुर्भावना से या अन्यायपूर्ण तरीके या शिकार बनाने के लिए कार्य नहीं कर रहा हो। वह मालिक पर ऐसी अनुमति देते समय कोई शर्त नहीं लगा सकती। यदि उसे अनुमति दे दी गई, तो रोक हट गई और बाद में मालिक उस कामगार को दण्ड देने के लिये स्वतन्त्र है। ऐसी कार्यवाही पर कामगार औद्योगिक परिवाद खड़ा कर सकेगा और उसे सरकार नियमानुसार उचित ट्रिब्यूनल के पास भेजेगी। जब ऐसा परिवाद उचित ट्रिब्यूनल के समक्ष निर्णय हेतु आवेगा, तब उस सम्बन्धित कामगार को उस मामले की सब परिस्थितियों की जांच कराने का अधिकार होगा और उसे ट्रिब्यूनल के हाथों उचित मदद मिलेगी। दूसरी ओर, यदि ऐसी अनुमति अस्वीकार कर दी गई, तो दोनों पक्षों को समान स्थिति (*Status quo*) बनाये रखना होगा •• [2]

सर्वोच्च न्यायालय ने लार्ड कृष्णा टेक्सटाइल मिल [3] के मामले में धारा ३३ की विस्तृत व्याख्या इस प्रकार की है —

" ••• विचाराधीन औद्योगिक परिवाद के समय मालिक के अधिकार पर रोक लगाने के उद्देश्य पर कई बार इस न्यायालय ने विचार किया है। पंजाब नेशनल बैंक लि० बनाम कामगारगण [4] के मामले में इस न्यायालय ने अपने पूर्व निर्णयों का इस बिन्दु पर परीक्षण किया था और धारा ३३ (१) के अधीन प्रार्थना पत्र पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जाने वाली जांच के स्वरूप पर भी विचार किया था। उसमें यह निर्णय हुआ था कि—धारा ३३ को बनाने का विधायिका का उद्देश्य समान स्थिति (*Status quo*) बनाये रखने के लिए मालिक की कार्यवाही पर रोक लगाना था। साथ में यह भी जोड़ा गया था किन्तु धारा ३३ में प्रदत्त क्षेत्राधिकार सीमित है। जहां उचित जांच

---

1. Altherton West & Co. Vs Suti Mill Mazdoor Union AIR 1953, S C 241
2. Laxmi devi Sugar Mills Vs Pandit Ramswarup AIR 1957 S C 82
3. Lord Krishna Textile Mills Vs Its Workmen AIR 19ol S C 860
4. AIR 1960 S C 160

करली गई हो और किसी प्रकार के शिकार बनाने या अनुचित तरीके का प्रयोग न हो, तो अनुमति देने वाली ट्रिब्यूनल को केवल यही सन्तोष करना था कि-मूल रूप से कामगार के विरुद्ध मामला बनता है या नहीं और प्रस्तावित कार्यवाही (दण्ड) के औचित्य या गुणावगुण पर विचार करना नहीं। हमारे सामने मामला यह है कि-इस जांच का स्वरूप क्या हो और धारा ३३ (२) के अधीन जांच करने का किसी प्राधिकारी का क्षेत्राधिकार किस सीमा तक है। ''धारा ३३ (२) में सेवा की शर्तों में परिवर्तन तथा सम्बन्धित कामगार को परिवाद विचाराधीन होते हुए भी उस से असम्बन्ध मामलों में नौकरी से अलग करने दोनों का उल्लेख है।—" "

यह ध्यान देने की बात है कि जब कोई औद्योगिक परिवाद विचाराधीन हो, तब भी उस विचाराधीन परिवाद से असम्बन्ध मामलों में सेवा की शर्तों में परिवर्तन करने का मालिक का अधिकार मान लिया गया है और सम्बन्धित स्थायी आदेश के अनुसार इस अधिकार का प्रयोग किया जा सकता है। ऐसे मामलों में कोई प्रार्थना पत्र देने व अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। जब कोई मालिक, येनकेन, किसी कामगार को उस विचाराधीन परिवाद के अतिरिक्त किसी आरोपित दुराचरण के लिए नौकरी से हटाना या निकालना चाहता है, तो वह स्थायी आदेश के अनुसार ऐसा कर सकता है, परन्तु इस पर भी 'परन्तुक' द्वारा एक रोक लगाई गई है। इस परन्तुक के अनुसार उसे दो शर्तों का पालन किये बिना किसी कामगार को नौकरी से हटाने या निकालने से रोका गया है, पहली शर्त है कि—उस कामगार को एक माह का वेतन दे दिया जाना चाहिये और दूसरी शर्त है कि-मालिक द्वारा सक्षम प्राधिकारी को उस दण्ड के लिए अनुमति देने हेतु एक प्रार्थना पत्र दे दिया गया हो। यह स्पष्ट है कि-जहां कोई मामला धारा ३३ (१) के अधीन आते है, वहां लिखित में पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना मालिक कोई कार्यवाही नहीं कर सकता। धारा ३३ (२) के अधीन आने वाले मामलों में मालिक को उक्त शर्तें पूरी करनी होगी, पर वह पूर्व अनुमति लिखित में प्राप्त करे यह आवश्यक नहीं है। पूर्व अनुमति प्राप्त करने' और 'अनुमति प्राप्त करने में स्पष्ट अन्तर है कि—धारा ३३ (२) में लगाई गई रोक उतनी कठोर नहीं है, जितनी धारा ३३ (१) में। अनुमति (Permission) देने या न देने का अधिकार सहमति (Approval) देने या रोकने से अधिक व्यापक है। धारा ३३ (२) के अधीन मामलों पर विचार करते समय औद्योगिक प्राधिकारी को यह जांच करने का अधिकार होगा कि—प्रस्तावित दण्ड स्थाई आदेशों के अनुसार है या नहीं सम्बन्धित कामगार को एक माह का वेतन दिया गया या नहीं और उक्त उपधारा में वर्णित प्रकार से सहमति (Approval) के लिए प्रार्थना पत्र दे दिया गया या नहीं। यह स्पष्ट है कि—धारा ३३ (२) (क) के अधीन सेवा की शर्तों में परिवर्तन के मामलों में ऐसी सहमति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है और मालिक के अधिकार ऐसी रोक से अप्रभावित हैं। अतः इसे नकारात्मक रूप से देखने पर, सक्षम औद्योगिक प्राधिकारी का क्षेत्राधिकार ३३ (२) (ख) के अधीन जांच करते समय धारा ३३ (१) के अधीन प्रदत्त क्षेत्राधिकार से अधिक विस्तृत नहीं हो सकता और वह उससे अधिक सीमित ही है। धारा ३३ (२) के अधीन अधिकारों का प्रयोग करते समय एक सक्षम प्राधिकारी को ध्यान में रखना होगा कि-विधायिका द्वारा जान बूझकर जो विभेद किया गया है कि दो प्रकार के मामले दो उप धाराओं के अधीन आते हैं और एक प्रकार के मामले में स्पष्ट अनुमति और दूसरे में केवल सहमति का प्रावधान रखा गया है। यह सत्य है कि—सक्षम प्राधिकारी उचित मामलों में अनुमति देने से इन्कार कर सकता है, क्योंकि धारा ३३ (५) में स्पष्ट रूप से उस प्राधिकारी को अपने सामने आये प्रार्थना पत्र पर धारा ३३ (२) (ख) के अधीन

उचित प्रश्न पारित करने का अधिकार है। वह उस पर सहमति दे सकता है या इन्कार कर सकता है, परन्तु, येनकेन, कोई शर्तें नहीं लगा सकता और न मनत आज्ञा ही दे सकता है। ...धारा ३३ (३) सरक्षित कामगारों के मामलों से सम्बद्ध है और यह उनके बारे में धारा ३३ (१) के अधीन आने वाले मामलों को भी शामिल करती है। दूसरे शब्दों में-जहां कोई मालिक किसी सरक्षित कामगार के बारे में सेवा की शर्तें बदलना चाहे या उसे नौकरी से हटाना या निकालना चाहे तो उस मालिक पर ऐसा करने के लिए वैसी ही रोक लगाई गई है, जैसी धारा ३३ (१) में लगाई गई है। उपधारा (४) सरक्षित कामगारों की मान्यता देने और उनकी सख्या को सीमित करने का उल्लेख करती है और उप धारा (५) की मांग है कि-जब कोई मालिक उपधारा (२) के परन्तुक के अधीन प्रार्थना पत्र देता है, तो सम्बन्धित प्राधिकारी उस प्रतिलम्ब सुनकर उचित आज्ञा यथाशीघ्र पारित करे। यह प्रावधान विधायिका के इस प्रयोजन को प्रकट करता है कि-यद्यपि स्पष्ट अनुमति लिखित में लेना धारा ३३ (२) (ख) के मामलो में आवश्यक नहीं है किन्तु यह वाछनीय है कि-उक्त परन्तुक में सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जाने वाली जांच में पारित आज्ञा और मालिक द्वारा की गई कार्यवाही में लम्बा समय का अन्तर न रहे।"

इस प्रकार के प्रार्थना पत्र की कार्यवाही को सर्वोच्च न्यायालय ने अलग कार्यवाही माना है और मुख्य परिवाद की समाप्ति के साथ यह समाप्त नहीं हो जाती।[5]

क्या ये प्रावधान अनिवार्य हैं ?

सर्वोच्च न्यायालय ने एक मामले[6] में औद्योगिक परिवाद (अपील ट्रिब्यूनल) अधिनियम १९५० की धारा २२, जो कि औद्योगिक परिवाद अधिनियम की धारा ३३ के समकक्ष है,[7] पर व्याख्या करते हुए बताया है कि—

"धारा २३ के अधीन की गई जांच में दो प्रश्न विचारणीय हैं-क्या धारा २२ के प्रावधानों का मालिक द्वारा भग करना सिद्ध हो गया है? यदि हां, तो क्या मालिक द्वारा दी गई आज्ञा गुणावगुण (merits) पर न्यायोचित है? यदि ये दोनों प्रश्न कामगार के पक्ष के उत्तर प्राप्त करते हैं, तो इसमें कोई सदेह नहीं है कि सम्बन्धित ट्रिब्यूनल उस कामगार के पक्ष में उचित आज्ञा दे। परन्तु यदि पहला प्रश्न कामगार के पक्ष में हो और दूसरे प्रश्न का निश्चय गुणावगुण पर यह हो कि मालिक द्वारा दी गई आज्ञा न्यायोचित है तो धारा २२ का भग सिद्ध होने पर भी मालिक के विरुद्ध साधारणतया एक "तकनीकी त्रुटि" माना जावेगी और यदि कोई बाध्य करने वाले कारण न हों, तो उस कामगार को कोई मुआवजा नहीं मिल सकेगा। यह बताना अनावश्यक है कि यदि पहला प्रश्न कामगार के विरुद्ध उत्तर देता है तो धारा २३ के अधीन कुछ भी नहीं किया जा सकता। धारा २२ के तकनीकी भग के मामले में न्याय करने के लिए यह एक तथ्य का प्रश्न होगा कि-उसे प्रत्येक मामले की परिस्थितियों के प्रकाश में निश्चित किया जाय। इस

---

5 Tata Iron & Steel Co Vs S N Madhok AIR 1966 SC 380
6 Equitable Coal Ltd Vs Algu Singh AIR 1958 SC 761
7 Automobile Products of India Vs Rukmaji Bala AIR 1955 SC 258

काम न दे, तो उसे उस दिन के लिए इस खण्ड के अर्थ में काम बन्द (Laid off) समझा जावेगा —

परन्तु यदि वह कामगार किसी पारी के शुरू में काम पर नहीं लिया गया और उस पारी के आधी बीत जाने पर बुलाया गया और काम पर लगाया गया, तो उसे केवल आधे दिन के लिए काम बन्द समझा जावेगा —

पुनः यदि बुलाने पर वह काम पर आवे और उसके बावजूद उसे काम न दिया जावे, तो उसे आधी पारी के लिए "काम बन्द" नहीं माना जावेगा और उसे उस दिन के भाग का पूरा मूल वेतन व महगाई भत्ता मिलेगा।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि काम बन्दी मालिक की एक विवशता है। परिभाषा के अनुसार निम्न छः कारणों से मालिक अपने कामगारों को काम देने मे असफल रहता है —

१. कोयले की कमी
२ बिजली की कमी
३. कच्चे माल की कमी
४. स्टॉक का इकट्ठा हो जाना—अति उत्पादन।
५. मशीनों का खराब हो जाना।
६. अन्य कोई कारण (जो इसी प्रकार के होंगे)।

यह एक अस्थाई दशा होती है, जिस के समाप्त होते ही सब कामगारों को काम पर लिया जाता है।

२ छटनी का स्वरूप व शर्तें
(Nature & Conditions of Retrenchment)

कई बार मालिक अपने उद्योग की व्यवस्था को सुधारने और अपने बढ़ते हुए खर्च को कम करने लिये अतिरिक्त (सरप्लस) कामगारों को नोकरी से अलग करता है, इसे 'छटनी' कहा जाता है। औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा २ (oo) मे इसकी परिभाषा इस प्रकार की गई है :—

> " २(oo) 'छटनी' से तात्पर्य है मालिक द्वारा किसी कामगार की सेवाओं की समाप्ति (termination) किसी कारण से करना, अनुशासनिक कार्यवाही में दण्ड के रूप में नहीं और इसमें ये शामिल नहीं होंगे—
>
> (क) किसी कामगार की ऐच्छिक सेवानिवृत्ति, या
>
> (ख) यदि मालिक और मजदूर की संविदा (सेवा की शर्तों) में स्पष्ट प्रावधान हो, तो निश्चित अधिवार्षिकी आयु पर पहुंचने पर सेवा निवृत्त करना, या
>
> (ग) लगातार बुरे स्वास्थ्य के कारण सेवा समाप्ति।

इस परिभाषा मे यह स्पष्ट नहीं होता कि—छटनी के कारण क्या हो सकते हैं और छटनी का अर्थ साधारण अर्थ में कामगारों की संख्या में कटौती करना है। परन्तु पिपराइच शुगर मिल[1] और हरिप्रसाद[2] के मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने बताया है कि—शब्दकोश के साधारण अर्थ को हमें नहीं भुलाना है। —

1. AIR 1957 SC 95
2. AIR 1957 SC 121

छटनी का मुख्य उद्देश्य दो शर्तें प्रकट करता है— (१) कि-सस्थान मे अतिरिक्त (सरप्लस) कामगार हैं, जिनके बिना काम चल सकता है और (२) सस्थान को उत्पादन व्यय कम करने के लिए मितव्ययी बनना है। इन दोनो को ध्यान मे रखते हुए मालिक को अपने सस्थान का पुनर्गठन करने का अधिकार है। इसके लिए वह किसी एक या अधिक कामगारों की छन्नी कर सकता है, परन्तु उसे सद्भावना से काम करना होगा। इसकी आड मे वह शिकार बनाने (Victimisation) की प्रवृति का सहारा नहीं ले सकता। इस प्रकार शिकार बनाने या अनुचित तरीके अपनाने की भावना न हो तो व्यवस्थापक को छटनी करने का पूरा अधिकार है। छटनी मे पक्षपात नही होना चाहिये, जो बाद मे आया, पहले छटनी किया जाय। (Last Come, first go) ऐसे मामले म जब सद्भावना (bona fide) स्पष्ट हो, तो ट्रिब्यूनल उसमें हस्तक्षेप नहीं करेगा।[1]

'छन्नी' एक कारखाने या सस्थान में आवश्यक प्रक्रिया है। इस सम्बन्ध म चार प्रश्न विचारणीय होते हैं —

(१) क्या वास्तव मे सस्थान में कामगारों की सख्या जरूरत से ज्यादा है-यानी-सरप्लस हैं ?

(२) क्या वास्तव मे सस्थान की दशा ऐसी है कि-छटनी अनिवार्य है ?

(३) क्या छटनी मे मालिक ने सद्भावना से काम किया यानी क्या उसने बाद म आने वाले को पहले हटाया ? यानी क्या धारा २५ (g) के अनुसार वरिष्ठता के अनुसार छन्नी की है ?

(४) यदि वरिष्ठता के बिना किसी को हटाया गया, तो क्या इसमे सद्भाव रहा है यानी बेकार, काम न करने वालों को वरिष्ठ होने पर भी हटाया गया है ?

इन्ही के आधार पर सद्भाव स्थापित हो जाने पर मालिक जिसे चाहे, उसे हटा सकता है, इसके लिए उसे उस कामगार को मुआवजा देना होगा।

३. छटनी व कामबन्दी मे अन्तर

छन्नी व कामबन्दी दोनों मे स्पष्ट अन्तर है। विवशता के कारण ही मालिक इन दोनो में से एक तरीका अपनाता है। काम बन्दी एक अस्थाई दशा है, जब किसी कामगार को काम नही दिया जा सकता; परन्तु छन्नी स्थाई दशा है, जिसमे कामगार का हटा दिया जाता है। कारण हटते ही काम बन्दी समाप्त हो जाती है, पर छटनी नही। काम बन्दी मालिक के नियन्त्रण के बाहर के कारणों से होती है परन्तु छन्नी मे उसे अधिक कामगारो को काम न दे सकने के कारण उन्हें हटाना पडता है। काम बन्दी के समय सेवा की सविदा स्थगित हो जाती है, समाप्त नहीं होती; पर तु यदि कामगार चाहे, तो वह इसे समाप्त कर कही अन्यत्र जा सकता है।

५ काम बन्दो का प्रतिफल या मुआवजा (Compensation)

काम बन्दी पर कामगार को मुआवजा देने का प्रावधान धारा २५ C में और छटनी के लिए धारा २५ F मे दिये गये हैं। काम बन्दी के लिए मुआवजा आदि देने की शर्तें धारा २५ A के अनुसार निम्न परिस्थितियों में लागू नही होंगी—

---

1 AIR 1960 SC 610

१. जिन संस्थानों में पिछले माह में औसतन प्रतिदिन ५० से कम कामगार काम करते हों, या

२ मौसमी प्रकार के (Seasonal Character) या रुक रुक कर काम करने वाले संस्थानों में (जैसे चीनी की मिलें) इस मामले में कोई झगड़ा हो, तो सरकार यह निर्णय करेगी कि कोई संस्थान मौसमी प्रकार का है।

३ धारा २५ E में कुछ मामले बताये गये हैं जिनमें काम बन्द कामगार को कोई मुआवजा नहीं मिलेगा—

(१) यदि कोई कामगार बदले में दूसरा काम उसी संस्थान या उसी मालिक के अन्य संस्थान में उसी स्थान पर उसी वेतन पर करना अस्वीकार कर दे,

(२) यदि वह साधारण काम के समय में कम से कम दिन में एक बार स्वयं उपस्थित न हो

(३) यदि काम बन्दी किसी हड़ताल या कामगारों के धीरे काम करने की नीति के कारण की गई हो।

परन्तु अन्य परिस्थितियों में कम से कम एक वर्ष की लगातार सेवा वाले कामगार को, जिसका नाम किसी संस्थान के उपस्थिति पत्रक में हैं, मालिक द्वारा काम बन्दी के दिनों का मुआवजा देना होगा, जिनमें छुट्टी नहीं गिनी जावेगी और उसे मूल वेतन व महंगाई भत्ते का ५० प्रतिशत मुआवजा देना हो, परन्तु पिछले १२ माह के समय में ४५ दिन से अधिक का मुआवजा नहीं मिलेगा। पुनः यदि किसी कामगार को पिछले १२ माह में ४५ दिन का मुआवजा दिया जा चुका हो और फिर उसे एक बार में लगातार एक सप्ताह से अधिक काम बन्द रखा जावे, तो उसे नियमानुसार मुआवजा देना होगा।

"एक वर्ष की लगातार सेवा" की धारा २५ B में परिभाषा देकर बताया गया है कि—पिछले वर्ष भर में कम से कम २४० दिन काम किया हो। इन दिनों की गणना में संस्थान में वास्तव में काम करने के दिन गिने जावेंगे और इसमें नियमानुसार काम बन्दी के दिनों को भी गिना जावेगा तथा नियमानुसार दी गई अर्जित छुट्टियां भी शामिल होंगी।

यह परिभाषा इस कानून की धारा २५ FFF और २५ FF पर भी लागू होगी।[1]

५ छंटनी पर मुआवजा

धारा २५ F म शर्त (ख) में बताया गया है कि—छंटनी में समय कामगारों को उनकी सेवा के प्रत्येक पूरे वर्ष या उसके छ माह से अधिक तक के भाग के लिए १५ दिन का औसत वेतन मुआवजे में देना होगा।

सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि—यह मुआवजा निवृत्ति-पुरस्कार (Gratuity) से सर्वथा भिन्न है। यदि नियमों में प्रावधान है, तो उसके अनुसार छंटनी के समय अलग से निवृत्ति पुरस्कार भी देना होगा।[2]

---

1 Shri Bijai Cotton Mills Ltd Vs Rashtriya Mill Mazdoor Sangh ILR (1965) 15 Raj 756—AIR 1965 Raj 213.

2 Indian Hume Pipe Co Ltd Vs The Workmen AIR 1960 SC 251

६. महत्वपूर्ण न्यायालय निर्णय

सर्वोच्च न्यायालय के दो प्रसिद्ध निर्णयो [1] मे छंटनी और मुआवजे के प्रश्नो पर महत्वपूर्ण निर्णय हुये है, जिनका साराश इस प्रकार है—

(१) यद्यपि छटनी सस्थान के व्यवस्थापन का एक अधिकार पूर्ण कार्य है, फिर भी उसमें ट्रिब्यूनल गहरी जाच कर उचित आज्ञा दे सकती है।

(२) यदि छटनी दुर्भावना पर आधारित है, तो वह एक अन्यायपूर्ण तरीका है, शिकार बनाता है।

(३) छटनी का नियम यह है कि "बाद मे आने वाला पहले हटाया जावे।" कुछ मामलों मे व्यवस्थापन इसे भग कर सकता है, पर इसके लिए उसे सगत कारण बताने होंगे।

1. AIR 1960 SC 251 1960 SC 762.

अध्याय (११)

तालाबन्दी और हड़ताल
(Lockout & Strikes)

औद्योगिक परिवाद अधिनियम के अध्याय (५) में धारा २२ से २५ में 'हड़ताल व तालाबन्दी' का वर्णन किया गया है। हम पीछे अध्याय (४) में (पृष्ठ १७ से ११ तक) हड़ताल का वर्णन कर चुके हैं। यहां तालाबन्दी' का परिचय देंगे।

कई बार मालिक मजदूरों की ज्यादतियों से दुःखी होकर और उनको तंग करने की नियत से अपने कारखाने को अनिश्चितकाल के लिये बन्द कर देता है, इसे "तालाबन्दी" (Lock out) कहते हैं। इसकी परिभाषा धारा २ (L) में इस प्रकार दी गई है —

'तालाबन्दी से अभिप्राय है—मालिक द्वारा किसी नियोजन के स्थान को बन्द कर देना या काम को स्थगित कर देना या अपने द्वारा नियुक्त किये गये कामगारों को नियुक्ति में रखने से मना कर देना।

इस प्रकार तालाबन्दी तीन प्रकार की हुई—

१. संस्थान को बन्द कर देना, या

२. काम को स्थगित कर देना रोक देना, या

३. काम करते कामगारों को काम देने से मना कर देना।

धारा २२ (२) में तालाबन्दी के लिये मनाई की गई है—

"सार्वजनिक उपयोग की सेवाओं को चलाने वाला मालिक—

(क) वह तालाबन्दी से पहले निर्दिष्ट प्रकार से छ. सप्ताह का नोटिस दिये बिना या-

(ख) ऐसा नोटिस देने के १४ दिन के भीतर, या

(ग) ऐसे नोटिस में दी गई अवधि की समाप्ति से पहले या

(घ) किसी सम्पर्क अधिकारी के समक्ष समझौते की कार्यवाही विचाराधीन हो और उसके निर्णय के ७ दिन बाद में

किसी कामगार के लिये तालाबन्दी नहीं करेगा—

उपधारा (२) के अधीन चालू तालाबन्दी या हड़ताल की सूचना वह सरकार द्वारा निर्धारित अधिकारी को देगा, जिसके लिये अलग से नियमों में प्रावधान है।

धारा २३ में तीन परिस्थितियों में हड़ताल व तालाबन्दी नहीं करने का प्रावधान है —

(१) यदि समझौते की कार्यवाही किसी सम्पर्क मण्डल के विचाराधीन हो और उसके निर्णय के ७ दिन बाद में, या

(२) श्रम न्यायालय या ट्रिब्यूनल के विचाराधीन होने पर और उसके निर्णय के दो माह बाद, या

(३) उस अवधि में जब कोई समझौता या पचाट लागू किया जा रहा हो।

धारा २४ के अनुसार धारा २२ या २३ या धारा १० (३) का भंग होने पर हड़ताल व तालाबन्दी अवैध होगी। परन्तु एक अवैध हड़ताल के कारण की गई तालाबन्दी या अवैध तालाबन्दी के कारण की गई हड़ताल दोनों अवैध नहीं होगी। धारा (२५) के अनुसार अवैध तालाबन्दी में आर्थिक सहायता देना मना किया गया है। इनके लिये दण्ड की भी व्यवस्था धारा (२७) व (२८) में की गई है, जिनका वर्णन हम पीछे पृष्ठ १६ पर कर चुके हैं।

अध्याय (१२)

प्रतिकार या बचाव
(Remedies)

परिचय

१ मालिक से प्रार्थना या शिकायत
२ व्यवहार न्यायालय में शरण
३ उच्च न्यायालय और लेख याचिकायें (रिटस)

मालिक के अन्यायपूर्ण कार्यों से बचाव के लिये कानून में प्रतिकार या बचाव के उपाय भी हैं। सब नियमों व कानूनों को देखने से हमें निम्न उपाय प्राप्त होते हैं —

(१) मालिक से प्रार्थना या शिकायत
(२) श्रम न्यायालय की शरण व औद्योगिक परिवाद
(३) व्यवहार न्यायालय मे घोषणार्थ वाद (Suits)
( ) उच्च न्यायालय की शरण—लेख याचिका (रिट)

मालिक से प्रार्थना या शिकायत

बडे संस्थान मे दण्ड देने का कार्य मैनेजर करता है। ऐसी परिस्थिति में मालिक या मैनेजमेंट से अपने निर्णय को संशोधित करने के लिये प्रार्थना की जा सकती है। मॉडल स्थायी आदेश की शर्त स० १५ † मे इसके लिये प्रावधान इस प्रकार रखा गया है —

१५ शिकायत (Complaints) नियोजन के बारे मे जिसमें मालिक या उसके प्रतिनिधि द्वारा अनुचित व्यवहार या अन्यायपूर्ण कार्य से सम्बन्धित मामले भी शामिल हैं उठने वाली सब शिकायतें मनेजर या मालिक द्वारा वर्णित किसी व्यक्ति के समक्ष पेश की जावेगी और मालिक का अपील सुनने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

इस प्रावधान के अधीन नौकरी सम्बन्धी सब मामलों की शिकायत मैनेजर को व अपील मालिक को की जा सकती है। अत कामगार यदि किसी दण्डाज्ञा को अनुचित या कठोर समझता है तो वह मालिक को शिकायत कर सकता है, जिस पर वह स्वय अन्तिम निर्णय देगा। किन्तु जहां किसी कामगार को ऐसा विश्वास हो कि उसे कोई सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार नहीं मिलेगा, तो वह औद्योगिक

---

† राजस्थान मॉडल स्थाई आदेश में शर्त स० (१६)

परिवाद उठाने के लिये अपने श्रमिक संघ से निवेदन करेगा। औद्योगिक परिवाद का परिचय हम पीछे अध्याय (३) में दे चुके है। इस सम्बन्ध में औद्योगिक ट्रिब्यूनल व श्रम न्यायालयों की कार्य प्रणाली व क्षेत्राधिकार का भी वर्णन कर चुके हैं।

व्यवहार न्यायालय में शरण

'नौकरी में रखना या न रखना'—यह मालिक के विवेक पर निर्भर है। मालिक व मजदूर का सामान्य कानून इस अधिकार में कटौती करने का कोई अधिकार किसी को नही देता। हां, साधारण कानून के अनुसार अनुचित व अन्याय पूर्ण निष्कासन के लिये हुई हानि (damages) के लिये वह विशिष्ट सहायता अधिनियम (Specific Relief Act) की धारा १४ के अधीन व्यवहार न्यायालय (Civil court) में वाद (दावा) प्रस्तुत कर सकता है। परन्तु कोई कर्मचारी सेवा की शर्तों के लिये यानी नौकरी पर रखा जाने के लिये मालिक या सरकार के विरुद्ध कोई दावा नहीं ला सकता। यह सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय[1] है।

प्रभावित कामगार व्यवहार प्रक्रिया संहिता (Civil Procedure Code) की धारा ९०, आदेश २१ के अधीन भी घोषणार्थवाद (declaratory suit) पेश कर सकता है। विभिन्न न्यायालयों के निर्णयों के आधार पर निम्न बातें वाद (दावा) प्रस्तुत करने में ध्यान देने योग्य हैं—

१. बकाया वेतन की वसूली घोषणा के लिये।[2]

२. हानि के भुगतान (damages) के लिये।

३ दण्ड की मात्रा के विषय पर दावा करने का अधिकार नही माना गया।[3]

४ अनुचित निष्कासन के लिये हानि का दावा कर सकते हैं।[4]

५ निलम्बन काल के वेतन की वसूली के लिये दावा किया जा सकता है।[5]

बकाया वेतन की वसूली के लिये 'वेतन भुगतान अधिनियम' के अधीन भी कार्यवाही की जा सकती है।

उच्च न्यायालय की शरण और लेख याचिका
(Writs in High Court)

संविधान के अनुच्छेद ३२ व २२६ के अधीन उच्च न्यायालय एव सर्वोच्च न्यायालय को लेख (writs) जारी करने के अधिकार दिये गये हैं, जिनके द्वारा किसी व्यक्ति या प्राधिकारी या समुचित मामलों में सरकार को निदेश या आदेश दिये जा सकते हैं।

---

1 AIR 1958 S C. 1050.
2 AIR 1954 SC 245
3 AIR 1963 SC 779
4 AIR 1962 SC 1334, 1962 Cal 349, 1962 Madras 183.
5 AIR 1962 SC 1334

नागरिक मूलाधिकारों के हनन के मामलों में अनुच्छेद ३२ के अधीन सर्वोच्च न्यायालय में लेख याचिका पेश की जा सकती है। इसके लिये दूसरा वैकल्पिक प्रतिकार या उपाय (Alternative remedy) उपलब्ध हो, तो भी इन न्यायालयों में याचिका पेश की जा सकती है, इसके लिए कोई रोक नहीं है।[6]

अनुच्छेद २२६ मे पाच प्रकार के लेखों (रिट) का प्रावधान है—

१ बन्दी प्रत्यक्षी करण (*Habeos corpus*)

२. परमादेश (*Mandamus*)

३. प्रतिषेध (Prohibition)

४. अधिकार पृच्छा (*Quo warranto*)

५. उत्प्रेषण (*Certiorari*)

इनमे से केवल २ से ५ तक की चार याचिकायें विभागीय कार्यवाहियों पर लागू होती हैं, जिनका परिचय यहा दिया गया है—

१ परमादेश (*Mandamus*)

किसी सार्वजनिक सस्था (Public body) को उसके कर्तव्य पालन के लिये बाध्य करने को यह लेख जारी की जाती है।[7] किसी कानून या नियम में दिये गये अधिकार को लागू करने के लिये किसी प्राधिकारी या सस्था को बाध्य करने हेतु परमादेश जारी होती है[8] परन्तु प्रार्थी को उस कर्तव्य का पालन कराने का अधिकार होना चाहिये।[9] यदि सरकार को यह सन्तोष हो जाय कि—(औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा १२ (५) के अधीन) प्रसग (reference) करने का कोई मामला है, तो उसे प्रसग भेजना होगा। धारा १२ (५) के अधीन प्रसग भेजने से मना करने के कारण सरकार सम्बधित पक्षकारों को नही बतायें, तो परमादेश-लेख स्वीकार होगा।[10]

२. प्रतिषेध (Prohibition)

यह लेख किसी अधीनस्थ न्यायालय या अन्य प्राधिकारी को कानून विरुद्ध कार्य करने से रोकने के लिये एक निषेधाज्ञा के रूप में जारी की जाती है।

३ अधिकारपृच्छा (*Quo Warranto*)

यदि कानून के विरुद्ध या अपने अधिकार से अधिक का प्रयोग कर कोई कार्य किया जाता है, तो उच्च न्यायालय उस अधिकार के दुरुपयोग को चेतावनी द्वारा निरस्त करता है।

---

6. AIR 1950 SC 124 1959 *SC* 725, *1958 SC* I 1954 *RLW* 65
7. Bansidhar Vs Rajasthan University AIR 1963 Raj 172 AIR 1954 SC *217, 1950 RLW 19*
8. AIR 1950 All 213 1958 Hydrabad 216.
9. AIR 1954 SC 493
10. Ajmer Motor Mazdoor Union Vs The State of Rajasthan—
    ILR (1964) 14 Raj 201—1964 RLW 37,
    AIR 1960 SC 1223.

४ उत्प्रेषण लेख (*Certiorari*)

यह भी एक निषेधाज्ञा है, जो किसी न्यायिक कार्यवाही की वैधता को समाप्त या सम्पन्न कराने के लिये जारी की जाती है। इसमें अपीलीय-न्यायालय का कार्य नहीं होता।[11] इसमें न्यायालय किसी आदेश को संशोधित नहीं करते, वरन् उसे गलत या अनधिकार पूर्ण होने से समाप्त कर देते है। इसमें दो बातें देखी जाती हैं— (१) निम्न न्यायालय का क्षेत्राधिकार, योग्यता व अधिकार के प्रयोग की परिस्थिति, (२) अधिकार प्रयोग मे कानून की पालना। यह एक प्रकार का संशोधन करने वाला असाधारण लेख माना गया है। जब एक प्रार्थी नीचे के न्यायालय मे क्षेत्राधिकार का प्रश्न नही उठा सका और अब वह जब तक यह नहीं बता सके कि—उसे उस समय इस आधार का ज्ञान नहीं था, तो उत्प्रेषण लेख जारी नहीं किया जा सकता।[12]

दूसरा उपाय होने पर भी लेख–याचिका उचित
Alternative remedy and writ)

नागरिक अधिकारों का हनन होने पर दूसरा उपाय होते हुए हुए भी लेख याचिका प्रस्तुत की जा सकती है। अन्य मामलों मे निम्न न्यायालय की त्रुटि को सही करने लिये उचित मामलो मे उत्प्रेषण लेख जारी करना उच्च न्यायालय का कर्तव्य है, चाहे अन्य उपाय विद्यमान हों।[13] जब क्षेत्राधिकार की कमी रिकार्ड पर प्रत्यक्ष है, तो दूसरा उपाय होने पर भी प्रतिषेध-लेख जारी करना एक अधिकार है, विवेक नहीं।[14] लेख मे उच्च न्यायालय अपीलीय प्राधिकारी नहीं होता और वह अधीन मण्डल के निर्णयों की उचितता का मूल्यांकन नहीं करता। उच्च न्यायालय जानबूझ कर या भूल से कानून से अधिक क्षेत्राधिकार के प्रयोग या प्रयोग करने से मना करने या बाहरी विचारों (external considerations) को अपनाने की दशा मे लेख जारी करता है।[15] एक विवादास्पद प्रश्नों का मामला नियमित वाद (दावे) द्वारा अंतिम निर्णय देकर सुलझाया जा सकता है, लेखयाचिका द्वारा नही।[16]

अनुच्छेद २२६ के प्रतिकार असाधारण है, अतः जहां दूसरा प्रतिकार हो, इनकी शरण नहीं लेनी चाहिये।[17] परन्तु केवल इसी कारण से कि दूसरा प्रतिकार उपलब्ध था, लेख-याचिका को अस्वीकार नही किया जा सकता।[18]

---

11 Thakur Bhanupratap Singh Vs State of Raj ILR (1964) 14 Raj 90 — 1964 RLW 83, ILR (1956) 6 Raj 887, (1959) 9 Raj 821.
12 AIR 1958 Kerala 341, 1953 All 624
13 AIR 1951 SC 217 (B)
14 AIR 1954 T & C 137.
15 AIR 1951 Raj 51.
16 AIR 1963 All. 415.
17 AIR 1963 Raj 109, 1959 J & K 136, 1957 SC 88.
18 AIR 1961 SC 725, ILR (1957) 7 Raj 177 1963 RLW 339, AIR 1941 SC 1506, 1964 Raj 5, 1963 RLW 512, 1959 SC 308, 1960 SC 321, 1960 SC 468, 1968 RLW 523, AIR 1961 Raj 130,

न्यायिक या प्रशासनिक कार्यवाही और लेख

विभागीय जाँच (घरेलू जांच) के मामलों में उच्च न्यायालय में लेख याचिका प्रस्तुत करने पर वह अपीलीय न्यायालय नहीं होता, अत. वह निर्णय के गुणावगुण पर विचार नहीं करता। लेख-याचिका द्वारा जिन प्रश्नों का निर्णय किया जा सकता है उनका सारांश इस प्रकार है—

१ क्या जाँच सक्षम प्राधिकारी द्वारा की गई या आज्ञा सक्षम प्राधिकारी द्वारा दी गई ?

२ क्या जांच नियमानुसार प्रक्रिया से या सहज न्याय के सिद्धान्तो के अनुसार की गई ?

३ क्या जांच के साक्ष्य में बाहर के प्रभाव के कारण न्यायपूर्ण निर्णय नहीं किया गया या असगत तथ्यों से प्रभावित होकर निर्णय दिया गया ?

४, क्या निष्कर्ष (Conclusions) पूर्णत. व स्पष्टत॰ ठीक सामने ही अनियमित या अन्याय पूर्ण हैं ?

५. या ऐसे ही कोई अन्य कारण।

महत्वपूर्ण निर्णय

लेख-याचिका पेश करने में उचित समय से अधिक देर करना घातक माना गया है।[19] यदि देरी के कारण नहीं बताये जा सके, तो याचिका अस्वीकार कर दी गई।[20] परन्तु उचित कारण (जैसे अपील आदि) बताये जाने पर याचिका को केवल देरी के कारण से अस्वीकार नहीं किया जा सकता।[21] यदि प्रार्थी याचिका में सारभूत तथ्यो को छिपाने का दोषी पाया गया, तो उसे कोई प्रतिकार नहीं मिल सकता।[22]

लेख याचिकाओं के कुछ उदाहरण

(क) निम्न मामलो मे लेख स्वीकार किये गये।
(Writs issued)

१. सहज न्याय के नियमों व निष्पक्षता का हनन होने पर—

AIR 1959 Punjab 402, 1955 Patna 372, 1961 SC 1623 ILR 1951 Raj 82, AIR 1965 Raj 108 1958 SC 300, 1955 Pepsu 127, 1958 Punjab 327, 1957 AP 414, 1952 Pepsu 69 1958 AP 636, 1961 All 45, 1955 Patna 131, 1955 SC 425, ILR 1957 Raj 823

२ आज्ञा पूर्णत अन्याय पूर्ण—

AIR 1954 Assam 18

३ अनुचित व अपर्याप्त जांच—

AIR 1961 All 45, 1961 Cal 40, 1954 Bom 351, 1956 Cal 662 1958 All 532, 1955 Nag 160

---

19. AIR 1963 Cal 421
20 AIR 1958 Punjab 16 (17)
21 AIR 1958 J & K 11 (13)
22. AIR 1954 Pepsu 98 (102)

४. बयान का अवसर देने म पक्षपात—

AIR 1957 Nag 18.

५. दोषी की पीठ पीछे बयान लेना—

AIR 1961 Gujrat 64

६ आरोपों का आधार या सामग्री नहीं बताना—

AIR 1961 All 276, 1957 SC 232, 1961 Cal. 1, 1955 Patna 372, 1961 SC 1623, 1955 Cal 276, 1963 Gujrat 244.

७. बिना साक्ष्य के आधार पर दी गई आज्ञा-एक स्पष्ट दोष—

AIR 1964 SC 364 1956 Cal. 662, 1958 All 53

८. जांच में सारभूत अनियमिततायें—

AIR 1957 Cal 4.

६ अस्पष्ट व सदेहात्मक स्वीकारोक्ति पर दण्ड देना—

AIR 1957 M B 15, 1961 SC 1070, 1960 All 323, 1957 Madras 356, ILR (1955) Raj 288, ILR (1953) Raj. 28, AIR 1962 SC 1344.

१० लिखित स्पष्टीकरण के लिये समय नहीं बढ़ाना—

AIR 1957 J & K. 11, 1958 Raj 1.

११. दोषी के बयान पहले लेना—यथोचित अवसर व सहज न्याय का हनन—

(1963) 2 LLJ 78, (1961) 1 SCJ 334, (1964) I SCJ 98, (1964) SCR 652, AIR 1964 SC 708

१२. शिकार बनाने की भावना (Victimisation) से सहज न्याय का हनन हुआ—

AIR 1964 SC 486.

१३. अस्पष्ट आरोप— आरोपपत्र में उल्लेख नहीं—

ILR 1962 Raj 302, AIR 1957 All 274, AIR 1963 Tripura 20. AIR 1957 SC 7, 1957 SC 38, 1960 SC 914.

(ख) लेख अस्वीकार किये गये (Writs refused)

१ साक्ष्य की पर्याप्तता या अन्य कारण—

AIR 1958 Kerala 72

२. साक्ष्य की सुसंगतता या ग्राह्यता—

AIR 1956 Punjab 58.

३. विभागीय जांच मे दी जाने वाली आज्ञा को रोकना—

AIR 1958 M P. 135.

४ प्रक्रिया में साधारण अनियमितताये, जिनसे कोई पक्षपातपूर्ण हानि नहीं हुई हो, जैसे गवाह पेश नहीं करने देना-—

AIR 1954 Cal 335 1954 All 629

५ अन्याय पूर्ण निष्कासन के लिए क्षति पूर्ति (Damages) की मांग करना— इसके लिये वाद (दावा) करना चाहिये था—

AIR 1958 Cal 654

६ भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होते—

AIR 1957 SC 882 1957 SC 232 1962 SC 1344

७ पहले दोषी के बयान लेना—स्पष्ट मामले में अवैध नहीं—

AIR 1968 SC 266 (1968) II SCJ 83 (86)

AIR 1963 SC 375 1964 SC 719

परिशिष्ट (१)

राजस्थान औद्योगिक नियोजन (स्थाई प्रादेश) नियम १९६३

